CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

बरेली, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 288 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 19 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्धः योगी पेज 2



बतौर ऑलराउंडर हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं: शिवम दुबे खेल टाइम्स




चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी सम्पादकीय



इजरायल का 72 घंटों में छह मुस्लिम देशों पर हमला पेज 12

# अंतरिम पीएम को लेकर प्रदर्शनकारियों में झड़पें जारी

## एक गुट ने कहा- सुशीला कार्की भारत समर्थक, हमें मंजूर नहीं, बालेन का किया समर्थन

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जी दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें

**सुलगता नेपाल**

कई युवक घायल हो गए। प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है।

गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बनें। अगर बालेन नहीं बनते हैं, तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। नेपाल के काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जी नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल -शेष पृष्ठ दो पर



**एहतियातन राजधानी व सटे इलाकों में तीसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा**

**अब तक 34 लोगों की मौत, 1300 से ज्यादा घायल हुए**

### नेपाल में यूपी की महिला की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र की मास्टर कॉलोनी में रहने वाले रामवीर सिंह गोला (58) अपनी पत्नी राजेश गोला (55) के साथ काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सात सितम्बर को गए थे। भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद दंपति काठमांडू स्थित हयात रेजिडेंसी की चौथी मंजिल के कमरे में ठहरे। रात करीब साढ़े 11 बजे उपद्रवियों ने होटल में आग लगा दी। होटल आग से घिरा तो दंपति ने चौथी मंजिल से -शेष पृष्ठ दो पर

### रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकें: भारत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अपने नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पहले भी कई बार चेतावनी जारी की गई है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई भारतीयों को नौकरी के झांसे में फंसाकर सेना में भर्ती किया गया। उन्हें सहायक भूमिकाओं का वादा किया जाता है और असल में उन्हें युद्ध क्षेत्र में भेज दिया जाता है। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली और मास्को में रूसी अधिकारियों से इस मुद्दे को उठाया है और मांग की है कि इसे रोका जाए और फंसे हुए भारतीयों को रिहा किया जाए। फतेहाबाद के युवकों ने अपने परिवार को वीडियो भेजे जो खुद यूक्रेन में फंसे हुए हैं। युवकों ने वीडियो में कहा कि हमारे पास 2-3 दिन ही बचे हैं। फिर हमें युद्ध में धकेल दिया जाएगा। यहां से जो भी जा रहा है, वह वापस नहीं आ रहा। पहले 13-14 साथी गए थे, वे सभी मारे गए। फतेहाबाद के अंकित जांगड़ा व विजय पूनिया ने वीडियो में बताया कि वे महिला के दिए नौकरी के लालच में रूसी सेना में आकर यूक्रेन में फंस गए हैं।

### गरियाबंद में मुठभेड़ एक करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर!

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक तौर पर पुष्ट नहीं है। चर्चा है कि एक करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण के भी मारे जाने की खबर है। यहां के मैनपुर के जंगलों में मुठभेड़ चल रही है। एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। दूसरी ओर प्रदेश के दंतेवाड़ा जिले के थाना मालेवाही क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नक्सलियों ने जवानों की एक बटालियन को टारगेट करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

# मोदी ने आपदाग्रस्त उत्तराखंड के लिए की 1200 करोड़ की घोषणा

## मौसम खराबी के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण नहीं कर सके पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में बाढ़ और अत्यधिक बारिश से आई आपदा प्रभावित क्षेत्रों के राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

गुरुवार को देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने शाम करीब 4 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर आपदा के हालात पर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के साथ बैठक करके राज्य के हालात का जायजा लिया। हालांकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को देहरादून पहुंचकर एमआई-17 हेलीकॉप्टर से आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करना था, लेकिन मौसम की खराबी के कारण हवाई सर्वेक्षण नहीं हो पाया। उन्होंने राज्यपाल -शेष पृष्ठ दो पर



- **मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये मिलेंगे**

### प्रभावित परिवारों व आपदा वीरों से मिले पीएम

प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इसमें करीब 22 आपदा प्रभावित और 57 आपदा वीर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत व्यापक सहायता की भी घोषणा की। पीएम ने इस अवसर पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और आपदा मित्र स्वयंसेवकों से भी मिले और उनके प्रयासों की सराहना की। केंद्र सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बहाली और पुनर्निर्माण के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी आपदा प्रभावितों और जवानों से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब 7 बजे सेना के विशेष विमान से दिल्ली रवाना हो गए।

# राहुल के सुरक्षा प्रोटोकॉल मनमानी से CRPF चिंतित

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जैड प्लस कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।



- **नौ महीने में छह बार विदेश गए राहुल**

### वोट चोरी के विस्फोटक सबूत देंगे: राहुल

**रायबरेली।** रायबरेली में गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं। हम और डायनॉमिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे। भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए। क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। यह आग जैसा फैल रहा है। ये सच्चाई है। वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं।

## पुलिस जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करे:SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि पुलिस वर्दी पहनने के बाद अफसरों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाया जाए, जिसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा कि दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही जांच की।

## राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत:केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के आखिरी दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उस फैसले को ही सही माना गया, तो भविष्य में बड़ी संख्या में याचिकाएं अदालत में दाखिल होंगी और न्यायपालिका पर बोझ बढ़ेगा। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अरविंद दातार ने केंद्र के इस तर्क का विरोध किया।

# गडकरी के पास 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्रियों ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी संपत्तियों का ब्योरा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएम) की वेबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक मंत्रियों के पास क्रिप्टोकरेंसी, सोने-चांदी के जेवर, म्यूचुअल फंड और हथियार जैसी चीजें भी संपत्ति में शामिल हैं।

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार समेत तीन गाड़ियां और 37 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी घोषित की है। उनकी पत्नी कंचन नितिन गडकरी के पास 28 लाख रुपये से ज्यादा की सोने की ज्वेलरी है। कौशल विकास राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने 31 मार्च 2025 तक 21.31 लाख रुपये की क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट घोषित की है। उनकी पत्नी चारू सिंह के पास 22.41 लाख रुपये की डिजिटल एसेट्स हैं। जयंत चौधरी ऐसे इकलौते मंत्री हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी को अपनी संपत्ति में शामिल किया है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अभी स्पष्ट नियम नहीं हैं। रिजर्व बैंक कई बार वर्चुअल करेंसी के जोखिमों को लेकर चेतावनी दे चुका है। एम्बेसडर कार भारत की ऑटोमोबाइल इतिहास की एक आइकॉनिक गाड़ी है, जिसे भारतीय सड़कों का राजा कहा जाता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 27 लाख की ज्वेलरी, 19 लाख के म्यूचुअल फंड बताए हैं। राव इंदरजीत सिंह ने 1.2 करोड़ से ज्यादा की 1,679 ग्राम सोने की ज्वेलरी, 10 किलो चांदी-हीरे की ज्वेलरी घोषित की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने 37 साल पुराना स्कूटर और एक रिवॉल्वर अपनी संपत्ति में बताया है। रेल और फूड प्रोसेसिंग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने 1997 माडल की मारुति कार घोषित की है।



- **केंद्रीय मंत्रियों ने संपत्तियों का ब्योरा दिया**
- **जयंत चौधरी ने 21 लाख क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट किए**

S.D. GROUP OF COLLEGES
(Under the Aegis of SANATAN DHARM COLLEGE ASSOCIATION)
[Affiliated to Dr. APJ Abdul Kalam Tech. Univ, Lucknow (Formerly UPTU) & CCS University, Meerut, Maa Shakumbhari University, Saharanpur & Approved by AICTE, PCI, BCI, MHRD, New Delhi ]
Last Chance for Registration for Session 2025-26
S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
MBA MCA BFA B.Sc(Comp. Sc.) BBA BCA D.El.Ed. (BTC)
8937095004/06/07/08/14
S.D. COLLEGE OF COMMERCE
M.COM M.Sc(Food & Nutrition) B.Sc(Micro. Bio) B.COM B.Sc(Home Sc.) B.A. B.Sc(PCMBZ)
8937095005/ 13
S.D. COLLEGE OF PHARMACY & VOCATIONAL STUDIES
*NBA ACCREDITED*
M.PHARM B.PHARM D.PHARM
8937095011/ 27
S.D. COLLEGE OF LAW
B.A.; LL.B. B.COM.; LL.B. LL.B.
9837556545 / 9897259855 / 9927275998
Our Partners
Last Chance for Registration in Maa Shakumbhari University Courses
BBA, BCA, BFA, B.Sc(CS), B.COM, B.A. B.Sc(Maths/ Bio), B.Sc(H.Sc.), B.Sc (Micro Bio.)
Last Date: 12.09.2025
BAJAJ FINSERV ICWAI NIELIT
NCC / Rover Ranger / Unnat Bharat Abhiyan
आपके अपने शहर मुजफ्फरनगर का पहला रेडियो स्टेशन
RADIO SD 90.8 FM
Campus: Bhopa Road, Muzaffarnagar
Mob.- 8937095012

## संक्षिप्त समाचार

### जिला समाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी ने घरेलू क्लेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि पूरे केशव राय गांव निवासी आशीष कुमार सिंह (40) ने आज सवेरे लगभग नौ अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिंह आजमगढ़ में जिला समाज कल्याण अधिकारी के पद पर तैनात थे और छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। वह सुबह आजमगढ़ जाने के लिए तैयार होकर निकलने वाले थे कि मायके में रह रही पत्नी से फोन पर हुई बातचीत के बाद कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब घर वालों की नजर उन पर गई तो वह फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर घटना के कारणों की जांच करने में जुटी हुई है।

### मोदी की बधाई आरएसएस को खुश करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जन्मदिन पर बधाई दी, लेकिन उनके संदेश से लगता है कि प्रधानमंत्री आरएसएस को खुश करने की कोशिश में हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मोदी ने आरएसएस नेतृत्व को खुश करने की अपनी बेताब कोशिश में आज मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर विशेष संदेश लिखा है। हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने यह जिक्र नहीं किया कि 11 सितम्बर 1906 को महात्मा गांधी ने जोहान्सबर्ग में पहली बार सत्याग्रह का आह्वान किया था।

### मॉरिशस की जरूरतें पूरा करने को विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारत: मोदी

# दोनों देश एक परिवार, समुद्री क्षमता होगी मजबूत

**वाराणसी, वार्ता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरिशस और भारत को एक परिवार करार देते हुए कहा है कि दोनों देशों के सपने एक हैं और भारत ने मॉरिशस की ढांचागत विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए भी भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

भारत ने मॉरिशस में आयुष उत्कृष्टता केन्द्र, 500 बिस्तर का सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, वेटेनरी स्कूल और पशु अस्पताल के निर्माण



सहयोग का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह सहायता नहीं बल्कि दोनों देशों के साझा भविष्य के लिए निवेश है। श्री मोदी ने मॉरीशस को भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति और विजन 'महासागर' का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि आज की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

#### दोनों देशों में दो समझौते हुए

दोनों देशों ने हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने भी मॉरिशस विश्व. विद्यालय के साथ समझौते किए हैं। श्री मोदी ने भारत की यात्रा पर आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचन्द्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की।

#### भारतीय संस्कृति व संस्कार सदियों पहले

**वाराणसी।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार सदियों पहले मॉरिशस पहुंचे और वहां के जीवन धारा में रच बस गए। आज जब मॉरिशस के दोस्तों का स्वागत काशी से कर रहे हैं, ये औपचारिक नहीं, बल्कि आत्मीय मिलन है। इसलिए मैं गर्व से कहता हूं भारत और मॉरिशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार है।

#### रामलला का दर्शन करेंगे रामगुलाम

**अयोध्या।** मॉरिशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम शुक्रवार सुबह 11 बजे अयोध्या रामलला का दर्शन पूजन अर्चन करेंगे। मॉरिशस के प्रधानमंत्री कल 12 सितम्बर को वाराणसी से विशेष विमान से सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां उनका अभिनन्दन सीएम योगी के प्रतिनिधि अयोध्या जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बारह घंटे से ज्यादा नजरबंद रखे गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को वाराणसी दौरे से पहले उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को उनके लखनऊ स्थित आवास पर पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया गया।

12 घण्टे से अधिक समय तक हाउस अरेस्ट किए जाने पर राय ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी जी वोट चोरी करके सांसद व प्रधानमंत्री बने हैं। अजय राय ने कहा कि सरकार कांग्रेस के लोगों को परेशान कर रही है। इनकी तानाशाही नही चलेगी। कार्यकर्ता इस लघई को मुकाम तक पहुचायेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारे लगा रहा है। इसलिए



■ मोदी को वोट चोरी कर पीएम बताया था

बनारस की जनता भी अब कि वोट चोर- काशी छोड़ के नारे लगा रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरा बनारस इनसे परेशान है। बनारस के बंदरगाह पर किसी मंत्री को भेज कर देखिए। बनारस में जो रोपवे बनाया गया है, उस पर क्या किसी मंत्री का परिवार सफर कर सकता है। श्री मोदी ने पूरे बनारस का हाल बिगाड़ दिया है।

## वैश्विक आतंक मिटाकर रहेगा देश: सीएम योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 11 सितम्बर 2001 मानवता के इतिहास का वह काला अध्याय, जब निर्दोष जीवन कायरतापूर्ण आतंकी हमले की भेंट चढ़ गए।

योगी ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर कहा कि भारत आतंक के वैश्विक अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हमला पूरी मानव सभ्यता की शांति, विश्वास और मानवीय मूल्यों पर निर्मम प्रहार था। योगी ने कहा कि उस भीषण त्रासदी में काल-कवलित सभी दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त



■ 11 सितम्बर की बर्सी पर बोले मुख्यमंत्री

करता हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि भारत आतंक के इस वैश्विक अभिशाप को जड़ से मिटाकर ऐसा संसार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां भय नहीं, केवल शांति, भाईचारा और मानवता का प्रकाश हो। 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के नॉर्थ टॉवर और पेंटागन पर हुए आतंकी हमलों ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था।

## सीआरपीएफ का पत्र राहुल को डराने की कोशिश: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) की ओर से पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे गए पत्र पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए इसे डराने की कोशिश करार दिया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को पत्र का जिक्र करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के पत्र भेजने का समय और उसे तुरंत सार्वजनिक करने की मंशा परेशान करने वाली है। श्री गांधी की सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर लिखे पत्र और उसे सार्वजनिक करने का समय सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यह पत्र ऐसे समय में आया है जब श्री गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं। क्या यह विपक्ष के नेता को डराने की एक छिपी हुई कोशिश है, जिन्होंने पहले ही एक और खुलासे की घोषणा कर दी है। वीवीआईपी सुरक्षा प्रमुख सुनील जून ने श्री खड़गे को बुधवार को पत्र लिखा है जिसमें श्री गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। गांधी अपनी सुरक्षा को 'गंभीरता से' नहीं ले रहे हैं।

## दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचेगा वाहन उद्योग

### घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन के वार्षिक अधिवेशन में बोले गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है।

एक संवाद सत्र में उन्होंने कहा कि



वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इथेनॉल पेट्रोलियम आयात का विकल्प है, इससे प्रदूषण कम होता है और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाला है। उन्होंने वाहन उद्योग से वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित करने और स्क्रैलपग को बढ़ावा देने की अपील की।

### वाहन उद्योग में आत्मनिर्भरता को उद्योग व सरकार को मिलकर करना होगा काम: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाहन उद्योग को मेक इन इंडिया का अगुवा बताते हुए गुरुवार को कहा कि वाहन विनिर्माण क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार और उद्योग को मिलकर काम करना होगा। श्री मोदी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा कि वाहन उद्योग अर्थव्यवस्था को गति देने वाला महत्वपूर्ण क्षेत्र है। मोबिलिटी और जीवन की गुणवत्ता में इसने महत्वपूर्ण सुधार किया है। यह मेक इन इंडिया पहल का अगुवा रहा है और देश को वाहन उद्योग में उत्कृष्टता का केंद्र बना दिया है।



**सेंसेक्स** 81548.73
**निफ्टी** 25005.50



**सोना रु.** 109223
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 124267
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तेजी, निफ्टी 25 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक तीन सप्ताह बाद 25 हजार अंक के पार बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.58 अंक (0.15 प्रतिशत) चढ़कर 81,548.73 पर पहुंच गया जो 25 अगस्त के बाद का इसका उच्चतम स्तर है।

निफ्टी-50 सूचकांक में 32.40 अंक यानि 0.13 प्रतिशत की तेजी रही और कारोबार की समाप्ति पर 25,005.50 अंक पर रहा। यह 21 अगस्त के बाद पहली बार 25 हजार अंक से ऊपर बंद हुआ है। आईटी और ऑटो सेक्टरों की कंपनियों के शेयरों में ऊंचे भाव पर बिकवाली देखी गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा और छोटी तथा मध्यम आईटी एवं दूरसंचार कंपनियों पर भी दबाव रहा। तेल एवं गैस



सेक्टर में सबसे ज्यादा लिवाली देखी गई। सरकारी बैंकों, फार्मा कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया। मझौली और छोटी कंपनियों में आम तौर पर कम तेजी रही।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.09 फीसदी मजबूत हुआ जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक में नगण्य बदलाव हुआ। एनएसई में कुल 3,150 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 1,541 के शेयरों में तेजी और 1,516 में गिरावट रही। वहीं, 93 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एनटीपीसी में सबसे अधिक 1.69 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक का शेयर 1.56 फीसदी, पावरग्रिड का 1.33, इटरनल तथा भारती एयरटेल के 1.17, और सन फार्मा का एक प्रतिशत मजबूत हुआ। भारतीय स्टेट बैंक में 0.67 प्रतिशत, एशियन पेंट्स का 0.66 और आईटीसी का 0.50 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 1.51 फीसदी, टाइटन का 1.09 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट का 0.85 प्रतिशत और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 0.84 प्रतिशत टूट गया। बीईएल, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। एशिया में जापान के निक्केई में 1.22 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.65 फीसदी तेजी रही।

## सोने और चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 412 रुपए सस्ता होकर 1,09,223 पर आ गया है। कल इसकी कीमत 1,09,635 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी 327 रुपए कम होकर 1,24,267 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। कल एक किलो चांदी की कीमत 1,24,594 रुपए थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत1,10,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,130 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,10,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,150 रही। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में डेवलपमेंट पर फोकस करेंगे विशेषज्ञ

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में इस बार निवेश पर ही नहीं, सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं पर फोकस करने के साथ ही फ्यूचर डेवलपमेंट पर भी फोकस होगा। इसके लिए सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टार्टअप, आईटी, इंश्योरेंस, फाइनेंस मैनेजमेंट, मेडिकल हेल्थ, ई-कॉमर्स और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे।

यूपीआईटीएस 2025 के शेड्यूल के अनुसार 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रात: ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगे। उसी दिन शाम 3 बजे से रात 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए शो ओपन रहेगा। जबकि 26 से 29 सितम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक बी2बी मीटिंग्स और शाम 3 से 8 बजे तक बी2सी विजिटर्स के लिए आयोजन होगा। इस दौरान एक्सपर्ट की तरफ से नॉलेज सेशन की शुरुआत 26 सितम्बर से होगी, जो 28 तक जारी रहेगी। 26 सितम्बर को सुबह 11.30 से 12.30 बजे तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी का सत्र होगा। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, यूपी-यूपीएलसी का सत्र होगा, जो प्रदेश में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ग्रोथ और डेवलपमेंट पर केंद्रित रहेगा। 26 सितम्बर को ही 3 बजे से 4 बजे तक मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग वायरल हेपेटाइटिस और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर वर्कशॉप करेगा। शाम 4.30 से 5 बजे तक आईआरडीएआई और एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस नॉन-लाइफ एवं हेल्थ इंश्योरेंस पर अवेयरनेस सेशन आयोजित करेंगे। 5 बजे से 6 बजे तक वित्त विभाग का सत्र होगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**अंतरिम पीएम...** ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। अंतरिम पीएम के नाम को लेकर बुधवार शाम तक पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की के नाम पर सहमति बनने की खबर आई थीं, लेकिन गुरुवार दोपहर तक 'लाइट मैन' कहे जाने वाले कुलमान घीसिंग का नाम सामने आ गया। उधर आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई हैं, जबकि 1300 से ज्यादा लोग घायल हैं। अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की, बालेन्द्र शाह, कुलमान घीसिंग और हरका सम्पांग के नाम आगे हैं। सेना ने कहा है कि इस राजनीतिक संकट का समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। नई कार्यकारी सरकार के पास तय समय में चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इस बात पर जेन-जी आंदोलनकारी बंट गए हैं। एक ओर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के समर्थक थे, तो दूसरी ओर काठमांडू के मेयर बालेन शाह के समर्थक। दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और मामला झगड़े तक पहुंच गया। रिपोर्टों के अनुसार झगड़ा तब शुरू हुआ जब युवाओं का एक समूह कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाए जाने का विरोध करने लगा। इसके जवाब में उनके समर्थकों ने नारे लगाए। जल्द ही बालेन शाह का समर्थन करने वाले प्रदर्शनकारी और धरान के मेयर हरका संपांग से जुड़े कुछ लोग भी इस विवाद में कूद पड़े। नारेबाजी हाथापाई में बदल गई और यह इलाका अराजकता का केंद्र बन गया। सेना के जवानों को हालात काबू में लाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**नेपाल में यूपी की...** कूदकर जान बचाने का प्रयास किया। दंपति बचाव दल ने बिछाए गद्दो पर गिरे। इसी दौरान उपद्रवियों ने फिर से हमला बोल दिया। इसमें दंपति बिछड़ गए थे। बुधवार को नेपाल से रामवीर सिंह के बेटे विशाल के पास फोन आया कि उनकी मां राजेश देवी की उपचार के दौरान मौत हो गई। बवाल की चपेट में आए रामवीर सिंह गोला दो दिन बाद घायलावस्था में राहत कैंप में मिले हैं। राजेश गोला का शव शुक्रवार तक गाजियाबाद स्थित मास्टर कॉलोनी उनके निवास पर लाया जाएगा।

**मोदी ने आपदाग्रस्त....** ले.ज. गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हुई एक हाई लेवल बैठक में उत्तराखंड में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी सहित तमाम आला अफसर मौजूद रहे। गौरतलब है कि उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने केंद्र सरकार से आपदाओं के कारण हुए नुकसान का आकलन करते हुए 5702 करोड़ रुपये की राहत राशि की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।



राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

# उधार की रकम मांगने पर मां-बेटे व पत्नी को पीटा

## न्यायालय के आदेश पर छह के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। उधार के रुपये मांगने पर किसान की पत्नी, बेटे व मां पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान विरोध करने पर महिला के साथ छेड़छाड़ की। बचाव में आए किसान के बेटे और उनकी मां को भी पीटकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने अदालत के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। उनकी पत्नी ने अदालत के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि बीती सात अगस्त की शाम सात बजे गांव के ही रहने वाले हुकम सिंह, राम भरोसे, सुमित, कुलदीप, ताराचंद, नरेश से अपने दामाद के उधार वाले 24 हजार रुपये मांगने गई थी। आरोपियों ने रुपये देने से साफ इनकार कर दिया। इस दौरान किसान की पत्नी ने दबाव बनाया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। महिला का आरोप है कि उनके साथ छेड़छाड़ की गई, सोने के कुंडल और नाक की लौंग लूट ली। बचाव में आए किसान के बेटे योगेश और सास कृष्णा को भी पीटकर घायल कर दिया। मामले में किसान की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के आदेश पर हुकम सिंह, रामभरोसे, सुमित, कुलदीप, ताराचंद और नरेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# संसद के जरिये टीईटी की बाध्यता समाप्त हो

## महिला शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। महिला शिक्षक संघ ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेज 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की आर्हता को अनिवार्य करने के फैसले में बदलाव की मांग की है।

गुरूवार को महिला शिक्षक संघ ने डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स व बीएसए मोनिका को प्रधानमंत्री, शिक्षामंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें सुप्रिम कोर्ट द्वारा 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की अहर्ता में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। संघ की जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले से शिक्षक मानसिक रूप से परेशान हैं। तीस से 35 वर्ष पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को संसद की सहमति से संशोधित कराया जाये। जिससे शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त हो सकें। क्योंकि शिक्षक भय भ्रम से मुक्त होकर पठन पाठन में संलग्न होकर देश के नव निर्माण में अपना योगदान दे सकें। ज्ञापन देने वालों में मृणाली सिंह, रेनू, ज्योति सिंह, प्रीति शर्मा, मनीषा सिंह, अपूर्वी चौधरी, अंजुम फरहाना, हिना, सोनल गुप्ता, प्रीति, रजनी रानी, मंजू सैन व पूनम रानी आदि मौजूद रहीं।

# लोन दिलाने के नाम पर 5 लाख 86 हजार की ठगी

## एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक को 35 लाख रूपये का लोन दिलाने का झांसा देकर ठगों ने 5 लाख 86 हजार रूपये ठग लिये। एसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित मोहल्ला अजी. जनगर का है। यहां पर रहने वाले अताउर्रहमान का आरोप है कि 2 अप्रैल 2025 को उसकी मुलाकात शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटकुई निवासी यासिर व उसके साथियों से हुई थी। यासिर ने खुद को सीए बताते हुए भरोसा दिलाया कि वह 35 लाख रुपये का लोन बेहद कम ब्याज पर दिला देगा। कई बैंकों में अपनी अच्छी जान-पहचान बताई। बातों पर विश्वास कर यासिर ने अलग-अलग तारीख में फाइल चार्ज व अन्य खर्चों के नाम पर पीड़ित से कुल 5.86 लाख 550 रुपये बैंक खातों में तथा 1.64 लाख रुपये नकद ले लिए। इतना ही नहीं पीड़ित से बैंक खाता खुलवा कर चेक बुक और एटीएम भी अपने पास रख लिया। आरोप है कि तकादा करने के बाद भी यासिर व उसके साथी रकम और चेक बुक वापस नहीं कर रहे। पीड़ित ने चेक बुक व रुपये लौटाने की मांग की तो यासिर ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि यासिर लोगों को इसी तरह लोन दिलाने के नाम पर ठगी करता है। उसने गिरोह बना रखा है। ठगी का शिकार पीड़ित ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित यासिर के खिलाफ संबंधित धाराओं के मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़ित से साक्ष्य मांगे गए हैं, मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



अमरोहा। काफूरपुर बिजलीघर पर धरने के दौरान ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी।

# भाकियू शंकर ने दिया काफूरपुर में धरना

**विद्युत समेत अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। भाकियू शंकर ने रेलवे स्टेशन स्थित बिजली घर पर धरना देते हुए किसानों की समस्याओं को सामने रखा और उनके निस्तारण की मांग की। उपखंड अधिकारी व अधिशासी अभियंता के प्रतिनिधि के पहुंचने पर उन्हें ज्ञापन दिया गया।

जिला संरक्षक चौ.धर्मवीर सिंह ने कहा कि मदीपुरा फीडर पर लोहे के पोल अव्यवस्थित हैं और तार भी जर्जर हैं। उच्च शक्ति लाइन बागड़पुर में पेड़ में लगी है, जिससे आए दिन फाल्ट होते हैं और विद्युतापूर्ति बाधित होती है। मीटर रीडर मनमानी करते हैं और लंबे समय तक बिल नहीं निकालते। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.दिवाकर सिंह ने कहा कि संगठन का जन जागरण कार्यक्रम चलता रहेगा। शुक्रवार को गन्ना विकास सहकारी समिति अमरो. हा पर गन्ना क्रय केंद्र के आवंटन हेतु एजीएम बैठक बुलाई गई है, जिन किसानों को अपने गन्ना क्रय केंद्र बदलवाने हैं वह अपना प्रस्ताव बैठक में पहुंचकर जिला गन्ना अधिकारी या सेक्रेटरी साहब को जमा करने का काम करें। इस मौके पर रणवीर सिंह, मुकेश पाल, बबीता रानी, अशोक चौधरी, मंजू शर्मा, जरीना बेगम, सुखबीर, मोनू चौधरी, कपिल, सोनू कुमार, राकेश, बच्चू सिंह, नरेश सिंह, नीरज, अनिल, रामवीर, सत्येंद्र, अरविंद आदि समेत अनेकों किसान मौजूद रहे।

# किसान की नाबालिग बेटी का अपहरण

## दो सगे भाईयों पर अपहरण का आरोप, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान की 16 वर्षीय बेटी का अपहरण कर लिया। गांव के रहने वाले दो सगे भाइयों ने घटना को अंजाम दिया। रास्ते में मिले आरोपियों ने मां को जान से मारने की धमकी दी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मामले में एक महीने बाद रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, पीड़ित महिला ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका भी जताई है।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर किसान का परिवार रहता है। किसान की पत्नी का आरोप है कि बीती 12 फरवरी 2025 को उनकी नाबालिग बेटी को गांव का ही रहने वाला कौशिंद्र अपने साथियों के साथ जबरदस्ती अपहरण करके ले गया। तभी से वह नौगावां सादात थाने के चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस कोई सुनवाई करने के लिए तैयार नहीं है। किसान की पत्नी ने कौशिंद्र और उसके परिवार वालों पर बेटी के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने की भी आशंका जताई है। आरोप है कि 10 अगस्त को किसान की पत्नी दवाई लेने जा रही थी। तभी रास्ते में कौशिंद्र और उसका भाई हरेंद्र मिले। किसान की पत्नी ने जब अपनी बेटी के बारे में पूछा तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दोनों आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ, जिसके चलते पुलिस भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। किसान की पत्नी ने अदालत की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने अदालत के आद. ेश पर मामले में कौशिंद्र व हरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

## एंटी क्रप्शन ने गिरफ्तार कर भेजा था जेल

# जेई भानू प्रताप को फिर मिला विनियमित क्षेत्र का चार्ज

**हाईकोर्ट ने निलम्बन आदेश रद्द किया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एंटी क्रप्शन टीम द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किये गये विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता भानू प्रताप सिंह को हाईकोर्ट द्वारा राहत देते हुए निलम्बन आदेश को निरस्त करने पर आज उन्हें विधिवत रूप से चार्ज दे दिया गया।

बताते चलें कि फरवरी माह में विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता भानू प्रताप सिंह व उनके एक सहयोगी को दुकान व भवन का नक्शा पास कराने की एवज में इमरान पाशा से साठ हजार रूपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी क्रप्शन ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ग्राम नियोजन विभाग द्वारा अवर अभियंता भानू प्रताप सिंह को निलम्बित कर मेरठ कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया था जबकि बिजनौर के जेई श्याम बाबू को यहां का अतिरिक्त चार्ज दिया गया था परन्तु जून माह में उनका सम्बद्धीकरण भी पूरा हो गया। विनियमित क्षेत्र में किसी जेई की तैनाती न होने के कारण लगातार काम काज प्रभावित हो रहा था। दो दिन पूर्व जेई भानू प्रताप सिंह ने डीएम श्रीमति निधि गुप्ता को प्रार्थना पत्र देकर तैनाती की मांग की थी। मंगलवार की शाम को मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक अनिल कुमार मिश्र ने अवर अभियंता भानू प्रताप सिंह को आदेश जारी होने की तिथि से बहाल करते हुए विनियमित क्षेत्र अमरोहा में तैनाती दिये जाने का आदेश जारी किया था। जिस पर आज एसडीएम शशि भूषण पाठक ने उन्हें विनियमित क्षेत्र का कार्यभार विधिवत रूप से सौंप दिया।

# भाकियू कार्यकर्ता को हिरासत में लेने पर हंगामा

## संजीव हत्याकांड में है नामजद

**आरोपी पर कार्रवाई को लेकर भाकियू व पीड़ित पक्ष आमने-सामने**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। बेगपुर मुंडा संजीव हत्याकांड में पुलिस ने नामजद भाकियू शंकर के एक कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया। जिस पर भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने नाराजगी जताते कहा कि अगर हरि सिंह को पुलिस ने जेल भेजा तो आंदोलन किया जायेगा।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा के संजीव का शव कुछ दिन पहले पेड़ से लटका मिला था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। बीती रात पुलिस ने भाकियू शंकर के कार्यकर्ता हरि सिंह निवासी ब्रहमाबाद को हिरासत में ले लिया। जब इसका पता भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिवाकर सिंह को लगा तो उन्होंने पुलिस को चेताते कहा कि अर हरि सिंह को झूंठा फंसाकर जेल भेजा गया तो वह प्रद. ेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। उधर पीड़ित पक्ष के सैकड़ों लोगों का थाने में जमावड़ा रहा तथा उन्होंने भी पुलिस प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने दो टूक कहा कि वह इसके विरोध में थाने का घेराव भी करेंगे। उधर पीड़ित पक्ष ने थाने के गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होने आरोप लगाया कि पुलिस किसान यूनियन के दबाव में मुल्जिम को छोड़ना चाहती है। उधर सीओ संत कुमार ने बताया कि अभी तक संजीव हत्याकांड में किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। विवेचना चल रही है जब इस मामले में किसी को गिरफ्तार किया जायेगा तो इसकी सूचना सभी पक्षों को दी जायेगी।

## एक नजर

### ग्राहक मार्गदर्शन सेवा केन्द्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नगर में एक ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हुई है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मेरठ प्रांत के तत्वावधान में ग्राहक मार्गदर्शन सेवा केंद्र का शुभारंभ शुक्रवार को नगर के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख पवन गुप्ता के प्रतिष्ठान पर किया गया। उद्घाटन अवसर पर माहौल उत्साह और जोश से भर गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर सेवा केंद्र का औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर पवन गुप्ता, पंकज कुमार, दीपक कुमार, राजू बादशाह, कमल अग्रवाल, संटू अरोड़ा, अशोक सैनी, अवनीश कुमार, कमल गुप्ता, सौरभ सैनी, अनुज यादव आदि मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा पंडाल

## रामलीला में भगवान राम की लीला का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के गांव बुखारीपुर में आयोजित रामलीला में भगवान श्री राम की लीला का मंचन किया गया। इस भव्य आयोजन में प्रभु राम के आदर्श जीवन को दर्शाया गया। जिसमें मर्यादा, सत्य और धर्म की रक्षा का संदेश प्रमुख था। मंच पर जब भगवान राम अपने दिव्य स्वरूप में प्रकट हुए तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। घ्रामलीला देखने के लिए गांव के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे। उन्होंने भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए ष्जय श्री रामष का जयघोष किया। जिससे पूरा इलाका गूंज उठा। यह रामलीला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि यह समाज को यह संदेश देती है कि धर्म की हमेशा जीत होती है और अधर्म का अंत निश्चित है। मंचन के दौरान कलाकारों ने भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। जिसने दर्शकों के मन को गहराई से छुआ। इस तरह के आयोजनों से न



केवल धार्मिक आस्था को बल मिलता है। बल्कि सामा. जिक सद्भाव और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। बुखारीपुर की यह रामलीला कला, संस्कृति और आध्यात्म का एक अद्भुत संगम बन गई है।

# शिकायत पर तुरन्त हरकत में आया प्रशासन

## राजस्व टीम ने शुरु कराया सड़क निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ग्राम पंचायत कमेलपुर के पालनपुर गांव में बन रही इंटरलॉकिंग सड़क का काम उस समय अटक गया जब कुछ ग्रामीणों ने निर्माण में बाधा डाल दी। गांव की प्रधान मीना ने मामला गंभीर बताते हुए एडीएम से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने राजस्व टीम गठित कर मौके पर भेजने के आदेश दिए।

गुरुवार को नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी के नेतृत्व में राजस्व टीम पालनपुर पहुंची। टीम में राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार गौतम, राजेश कुमार, लेखपाल तारेश राणा, शिशुपाल सिंह, लक्ष्मण सिंह, मोहित चौधरी व दिनेश यादव शामिल रहे। राजस्व टीम ने मौके पर पैमाइश की और विवाद का समाधान कराया। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्ते के निर्माण में किसी तरह की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई से गांव में राहत की लहर है और लोग प्रशासन की तत्परता की सराहना कर रहे हैं। इस दौरान थाना पुलिस, ग्राम प्रधान मीना, पंचायत सचिव आंचल, रोजगार सेवक चीनू सागर आदि मौजूद रहे।

### लोक अदालत का लाभ उठाए जनता



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ज्योति चौधरी के निर्देश पर तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया । गुरुवार को तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने वादकारियों से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत से लाभ उठाने का आह्वान किया। प्राधिकरण के पैनल लायर मुजाहिद चौधरी ने प्राधिकरण द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्राधिकरण अपनी समस्याओं को शीघ्र और निशुल्क निराकरण कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों की सहमति से लंबित वादों का निस्तारण कराया जा सकता है प्राधिकरण के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में अधिवक्ताओं व जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से पंफलेटों का भी वितरण किया । इस अवसर पर पैनल लॉयर मुजाहिद चौधरी सुबोध शर्मा, महेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता वीर सिंह, विनोद सक्सेना, सुनील भटनागर, महीपाल सिंह, आफताब आलम,नासिर अली, राजेंद्र सिंह व प्राधिकरण के पैनल लॉयर देवेंद्र शर्मा, रमेश चंद्र, जितेंद्र आर्य आदि अधिवक्ता तथा दर्जनों राजस्व कर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### पंजाब के लिए भेजी राहत सामग्री




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पंजाब में बाढ़ के चलते लोगों के समक्ष आ रही परेशानी को दूर करने के लिए पूरे देश के लोग एकजुट हो रहे हैं और प्रतिदिन मदद भेज रहे हैं। इसी क्रम में गजरौला ब्लॉक के गांव पतई एमन के लोगों ने पंजाब के लिए राहत सामग्री व नकद धनराशि भेजी। बृहस्पतिवार को गजरौला ब्लॉक के गांव पतेई एमन से युवा बाढ़ ग्रस्त पंजाब में राहत सामग्री लेकर रवाना हो गए। जिसमें 150 खाट, 150 राशन की किट, 150 दरी कंबल मच्छरदानी व नकद धनराशि शामिल रही। इस मौके पर ललित तवर, हनी भडाना, विपिन, धोनी मलिक हामिद, आसिफ, शिवम, सचिन आदि युवा मौजूद रहे। युवाओं ने कहा कि आपदा से वहां जानमाल का बहुत नुकसान हुआ है, ऐसे में सबको मदद के लिये आगे आना चाहिऐ।

# आमरण अनशन के बाद पुलिस बैकफुट पर

## पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। अनुसूचित जाति वर्ग के परिवार द्वारा इंसाफ न मिलने पर कलेक्ट्रेट गेट पर आमरण अनशन के बाद डिडौली पुलिस बैकफुट पर आ गयी तथा आनन फानन में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हटव्वा पट्टी में संजीव कुमार का परिवार रहता है। वह अनुसूचित जाति वर्ग से हैं। चारपाई बुनकर गांव में ही एक किराए की दुकान से बेचने का काम करते हैं। आठ जून 2024 की दोपहर उनके बेटे मनदीप सिंह व वीरदीप सिंह दुकान पर बैठे थे। उसी दौरान पास में ही एक कैंटीन पर पांच युवक पहुंचे थे, जिन्होंने मनदीप व वीरद. ीप के साथ मारपीट की थी। उन्हें जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया था। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। उल्टा पीड़ित परिवार को हड़काते हुए कोतवाली से भगा दिया था। पुराने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को संजीव कुमार घर पर ही पत्नी व बच्चों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए थे। इसके बद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पांच युवकों के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया था। वहीं, बुधवार को पीड़ित परिवार ने कलक्ट्रेट के बाहर आमरण अनशन का बैनर लगाकर धरना दिया था। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आजम उर्फ रिजवान, मोहसिन व अर्श की गिरफ्तारी कर ली गई है। चालान कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

### पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आयें लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। गंगेश्वरी ब्लॉक परिसर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग गई। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष महेश ठाकुर ने कहा कि इस समय पंजाब राज्य में भारी बाढ़ के चलते लोग घर से बेघर हो गये हैं। उनकी सहायता के लिए संगठन द्वारा सहायता पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता खाद्य सामग्री एकत्र करें। बैठक की अध्यक्षता टेकचंद राणा तथा संच. ालन टीटू त्यागी ने किया । बैठक में प्रकाश सिंह, सुधीर त्यागी लेखराज सिंह वीरेश त्यागी सत्यपाल सिंह सुरेश चौधरी ऋषिपाल चौधरी गुल्ली सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

## पांच दिन पूर्व हादसे में हुआ था घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सड़क दुर्घटना में घायल हुए मजदूर की उपचार के दौरान मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया।

शनिवार को आदमपुर ढेकला अड्डे के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए 28 वर्षीय मजदूर ओमवीर सिंह की मंगलवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। ओमवीर सिंह जो कि ढेकला गांव के निवासी थे। अपने गांव लौट रहे थे। उन्हें एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं थी। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।



लेकिन इलाज के दौरान मंगलवार की रात डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को उनका शव गांव लाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक ओमवीर सिंह अपने पीछे पत्नी अनीता देवी और चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गये हैं। मजदूर की मौत से उनके परिवार और पूरे गांव में शोक का माहौल बना दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कर्ज में डूबे पूर्व सीओ के बेटे ने लगायी फांसी

## जमीन के कारोबार में करोड़ों का हुआ था नुकसान,, तकाजों से तंग आकर उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कर्ज में डूबे रिटायर सीओ के बेटे, प्रोपटी डीलर ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेर पछय्या की है। यहां पर ताहिर उस्मानी का परिवार रहता है। वह पुलिस विभाग में थे। कुछ साल पूर्व ही सीओ के पद से रिटायर्ड हुए हैं। उनका चार बेटों में सबसे बड़ा बेटा राहिल (37) पेशे से प्रॉपर्टी डीलर था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक आठ साल का बेटा है। चर्चा है कि राहिल ने शहर में कई जमीनों में पैसा फंसा रखा था जो लोगों से उधार कर्ज या फिर उन्हें हिस्सेदार बनाकर लिया गया था। वही, कुछ विवादित जमीनों से जुड़े मामले अदालतों में भी विच. ाराधीन चल रहे थे। इन जमीनों में पैसा फंसे होने से परेशान राहिल काफी



समय से तनाव में था। वहीं, लोग उस पर पैसे वापसी को लेकर तकादा कर

**तकाजों से तंग आकर लगाया फांसी का फंदा**

रहे थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर में भी कुछ लोग अपने पैसे मांगने आए थे, जिनसे राहिल की कहासुनी हो गई। इसके बाद घर पहुंचे राहिल ने पत्नी व बेटे को दूसरे हिस्से में भेज दिया और कमरे में जाकर अंदर से चटखनी लगा ली। इसके बाद अपने एक दोस्त को फोन पर आत्मघाती कदम उठाने की बात कही, उसने रोका तो फिर कॉल काट दी। तुरंत ही घर पहुंचे दोस्त ने परिजनों को इस बात की जानकारी दी। दीवार कूदकर परिजन घर में कूदे, दरवाजा तोड़कर कमरे में पहुंचे तो राहिल का शव पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे लटका मिला।

### मासूम की पुकार से पसीजा हर किसी का दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। घेर पछय्या की तंग गलियों में गुरुवार को ऐसा मातमी सन्नाटा छा गया, जिसे सुनकर पत्थर दिल भी पिघल जाए।

रिटायर्ड सीओ ताहिर उस्मानी का बेटा राहिल (37) प्रॉपर्टी विवादों और कर्ज के बोझ से हार गया। उसने कमरे का दरवाजा बंद किया, पत्नी और आठ साल के बेटे को बाहर भेजा, और खुद हमेशा के लिए दुनिया छोड़ दी। जब दरवाजा टूटा, तो पंखे से झूलता शव और फर्श पर बिखरे सपनों का मंजर देखकर परिजनों की चीखें गूंज उठीं। पत्नी बेहोश होकर गिर पड़ी और नन्हा बेटा डर से कांपते हुए बार-बार बस यही पूछता रहा.... **अम्मी, पापा क्यों बोल नहीं रहे? पापा कब उठेंगे?**

पूरे मोहल्ले की आंखें नम हो गईं। हर शख्स यही कहता रहा... "कर्ज का बोझ उतारा जा सकता है, मगर बाप की छांव लौटकर नहीं आती।"

अब उस घर में सिसकियों की गूंज है, टूटी हुई मां की खामोशी है और एक मासूम की मासूमियत भरी पुकार... **मुझे मेरे पापा चाहिए।**

# तालाब की भूमि पर मार्केट बनाने वालों पर कार्रवाई हो

## ग्रामीणों ने की कब्जामुक्त करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। तहसील के गांव ढबारसी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि गांव में मुख्य बस स्टैंड पर तालाब की भूमि है। जिसमें गांव की नालियों का निकलने वाला पानी जाता है। लेकिन गांव के राजनितिक पार्टी के एक पदाधिकारी ने अवैध रूप से कब्जा कर मार्केट का निर्माण करके मार्केट की दुकानों को किराये पर दे रखा है। गांव निवासी कमर जावेद पुत्र रईस ने शिकायत करते हुए बताया कि मुख्य बस स्टैंड पर तालाब की भूमि गाटा संख्या 417 स्थित है गांव के समाजवादी पार्टी के नेता ने विधि विरुद्ध तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकान निर्माण कर रखा है। तालाब की भूमि पर निर्मित दुक. ानों को उच्च मूल्य पर किराये पर उठा रखा है। जिसकी शिकायत पूर्व में भी की जा चुकी है। इसके बाद राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर अवैध घोषित करते हुए धारा 67 की कार्रवाई भूमाफियाओं पर की गई थी। लेकिन अभी तक तालाब को अवैध कब्जे से कब्जा मुक्त नहीं कराया गया। जिससे गांव वासियों को गांव की जल निकासी को लेकर अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भूमाफिया के खिलाफ इसको लेकर जिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करने की मांग की इस मौके पर कमर जावेद,जीशान, वसीम, सुलेमान, शोएब आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने में कृषक सहभागिता जरूरी: बलकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। प्रदेश सरकार के "विकसित उत्तर प्रदेश/2047" संकल्प को साकार करने के लिए बृहस्पतिवार को कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला में संकल्प कार्यशाला एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद के नोडल अधिकारी आवास आयुक्त बलकार सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों, विशेषज्ञों व विभागीय अधिकारियों की सहभागिता से ऐसा विजन डॉक्यूमेंट तैयार करना है जो उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक "विकसित प्रदेश" बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को साकार करने की ठोस दिशा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि अमरोहा के किसान जागरूक और प्रगतिशील हैं। गन्ने की खेती और उससे जुड़े उत्पादों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। कहा कि खेती में ऑर्गेनिक खेती की अपार संभावनाएं हैं, उन्होंने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि ऑर्गेनिक खेती को अपनाएं, भविष्य इसी में है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह संवाद कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के विकास के साथ आने वाली पढ़ाई के लिए बेहद

### नोडल अधिकारी ने किया कार्यशाला को संबोधित



**गजरौला**। कार्यशाला को संबोधित करते नोडल अधिकारी बलकार सिंह

महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। जनमानस के द्वारा दिए गए सुझाव उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित बनाने के लिए बनने वाले विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। इस मौके पर शासन से नामित प्रबुद्धजन सह निदेशक सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्व विद्यालय डॉ.अरविन्द कुमार, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, डीडीओ सरिता द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर चंद्रकांता, सीबीओ डॉ.आभा दत्त, कृषि केन्द्र प्रभारी डॉ.एके मिश्र आदि समेत अनेकों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद हे।

# एमडीए टीम ने अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

## बिना नक्शा पास कराए की जा रही थी प्लॉटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा नगर के पाल रोड पर स्थित नगर पालिका के पूर्व सभासद देशवीर सिंह द्वारा कराई जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। एमडीए के मुताबिक यह प्लॉटिंग बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से की जा रही थी। एमडीए की जेसीबी ने प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। इस बारे में एमडीए के जेई राजीव कुमार ने बताया कि यह प्लाटिंग करीब 20 बीघा जमीन पर हो रही थी। एमडीए से पास नक्शा भी प्लाटिंग कर्ता पर नहीं था। टीम में जेई योगेश गुप्ता व अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। उन्होंने बताया



कि पुलिस की मौजूदगी में प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया है।

# पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ब्रहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद व यातायात विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से नगर के हसनपुर रोड, शिवालिक फैक्ट्री व दिल्ली रोड पर सीओ ऑफिस तक अतिक्रमण हटाओ अभियान

**यातायात पुलिस का भी रहा सहयोग**

चलाया। इस दौरान जेसीबी की मदद से अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया। पालिका के साथ साथ यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण करने वाले लोगों को आगाह किया गया कि यदि उन्होंने फिर से अतिक्रमण किया तो उनपर अर्थदण्ड लगाया जाएगा और सामान भी जब्त किया जाएगा।



यातायात विभाग ने भी स्पष्ट चेता. वनी दी लोग सड़कों पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन करें। सड़क एवं हाइवे पर अनधिकृत रूप से वाहन खड़े न करें। अभियान के दौरान नगर पालिका ईओ ललित कुमार आर्य, यातायात प्रभारी अनुज तोमर, अतिक्रमण प्रभारी अजय कुमार, सफाई नायक महेश कुमार, जयचंद आदि समेत पालिका के कर्मचारी, यातायात व पुलिस विभाग के जवान मौजूद रहे, वहीं अभियान के चलते अतिक्रमण कारियों में खलबली मची रही।

# छात्राओं व प्रवक्ता से छेड़छाड़ में प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर के शिव इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज के विरूद्ध पुलिस ने महिला प्रवक्ता व छात्राओं के साथ अश्लील बातें व छेडछाड करने तथा धमकी देने सम्बन्धी आरोप सही पाए जाने पर पॉक्सो एक्ट सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां पर

**पुलिस ने न्यायालय में किया प्रस्तुत, मिली जमानत**

प्रधानाचार्य को जमानत मिल गई।

बता दें कि नगर के शिव इण्टर कॉलेज में पिछले काफी दिनों से यह मामला तूल पकड़े हुआ था। विद्यालय में कार्यरत एक महिला प्रवक्ता द्वारा पिछले दिनों जिलाधिकारी व महिला आयोग से



**गजरौला। आरोपी प्रधानाचार्य को न्यायालय ले जाती पुलिस।**

भी प्रधानाचार्य के आचरण की शिकायत की गई थी। जिसके बाद डीएम के निर्देश पर जांच भी की गई थी। महिला प्रवक्ता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज द्वारा उनके साथ छेड़छाड़ व अश्लील बातें की गईं। इतना ही नहीं कई छात्राओं ने भी प्रधानाचार्य द्वारा की गई अश्लील हरकतों के बारे में बताया। प्रवक्ता का कहना है कि उनके द्वारा व्हाट्स एप पर लगाए जाने वाले स्टेट्स पर भी प्रधानाचार्य अभद्र टिप्पणी करते थे। पुलिस ने बृहस्पतिवार को स्कूल से ही प्रधानाचार्य को हिरासत में ले लिया और दोपहर में न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मीडिया को बताया कि शिव इण्टर कॉलेज की प्रवक्ता एवं छात्राओं द्वारा प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज पर छेड़खानी व अश्लील बात करने का आरोप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया, जांच में आरोपी की पुष्टि हुई, जिस पर प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया गया, प्रकरण की जांच पड़ताल चल रही है। वहीं दूसरी ओर प्रधानाचार्य के पक्ष की ओर से अधिवक्ताओं ने न्यायालय में जिरह की, जिसके बाद प्रधानाचार्य डॉ.शलभ भारद्वाज को न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई।

# गैंगस्टर में फरार दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़**। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों को मुखबिर की सूचना के आधार पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरिक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो बदमाश अंकित सिंह पुत्र लल्लन सिंह निवासी असौली सुरासा थाना कोतवाली शहर जनपद हरदोई और दीपक सिंह पुत्र बाबूराम निवासी प्रगति नगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई व हाल निवासी- जलनिगम रोड बाला गंज थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ को मुखबिर की सूचना के आधार पर उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाश गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे थे।

# रिश्वतखोर लेखपाल को किया निलम्बित

## तीन दिन पहले एंटी क्रप्शन ने पकड़ा था

**अमरोहा**। किसान से बीस हजार रूपये की रिश्वत लेने के मामले में एंटी क्रप्शन टीम द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजे गये लेखपाल उत्तम बालियान को डीएम ने निलम्बित कर दिया। बताते चलें कि एक सप्ताह पूर्व हसनपुर तहसील क्षेत्र के बंशीलाल नहरपुर निवासी किसान कल्याण सिंह से मां के नाम की जमीन को एक ही चक में शामिल करने के नाम पर चकबंदी लेखपाल उत्तम बालियान ने पचास हजार



रूपये की रिश्वत मांगी थी। किसान ने इसकी शिकायत एंटी क्रप्शन से की थी। तीन दिन पूर्व किसान जब जोया-अमरोहा रोड पर चकबंदी लेखपाल उत्तम बालियान को बीस हजार रूपये की रिश्वत देने पहुंचा तो तभी एंटी क्रप्शन ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। टीम उसे गिरफ्तार कर बरेली ले ली। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। क्षेत्र के सकतपुर और खरसौली गांवों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया। बूथ समिति के कार्यकर्ता कुंवर पाल सिंह पाल और चंद्रपाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। घ्विधानसभा के संयोजक और राष्ट्र सेवी संगठन के सदस्य, कृष्ण कुमार शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूरश का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे भारतीय सेना ने स्वदेशी हथियारों, जैसे कि ब्रह्मोस, का सफलतापूर्वक इस्तेमाल करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने यह भी बताया कि इस सफलता के कारण अमेरिका भी भारत से द्वेष भाव रख रहा है।

# रिश्वत लेने में बिजली विभाग का बाबू कोर्ट में तलब

## दस लाख का बिल शून्य करने पर किसान से हड़पे एक लाख सात हजार रूपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। बिजली विभाग के लिपिक ने रसीदों को फर्जी बताकर लाखों के बिल को शून्य करने की एवज में एक लाख रूपये की रिश्वत हड़प ली। अब कोर्ट ने आरोपी बाबू को न्यायालय में तलब किया है।

किसान प्रमोद कुमार का आरोप है कि उसने 30 सितंबर 2009 को अपने खेत पर पिता के नाम से 7.5 हॉर्सपावर का विद्युत कनेक्शन लिया है। उनके पिता ने ओटीएस योजना के तहत 2017 तक का पूरा बिल जमा कर दिया था। परन्तु इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा 31 नवंबर 2021 तक पूर्ण भुगतान करने के लिए 107936 रुपये का नोटिस घर भेज दिया। जिससे उसके होश उड़ गये। उसने नोटिस के संबंध में एक्सईएन प्रथम कार्यालय में जाकर बाबू आसिफ सिद्दीकी से मिले। किसान प्रमोद कुमार ने अपनी बिल की पुरानी रसीदें दिखाईं। जिसे बाबू मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी ने फर्जी बता पल्ला झाड़ लिया। साथ ही बकाया बिल 188295 रुपये बताया। आरोप है कि इस दौरान बाबू आसिफ सिद्दीकी ने किसान प्रमोद कुमार को धमकाया और एक लाख रुपये में बिजली का बिल शून्य करने की बात कही। लिहाजा, प्रमोद कुमार ने अपनी जमीन गिरवी रख कर चार दिसंबर 2021 को एक लाख रुपये दे दिए। आरोप है घकि इस दौरान बाबू ने 35 हजार रुपये की पुरानी तिथि की फर्जी रसीद दे दी। इसके बाद किसान प्रमोद कुमार ने वेबसाइट पर बिजली का बिल चेक कराया तो उनके होश उड़ गए। पोर्टल पर पूरा बिजली बकाया था। इसके बाद प्रमोद कुमार ने बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायतें की और रसीद दिखाई लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। अधिकारियों ने रसीदों को फर्जी बताकर दफ्तरों से भगा दिया। मामले की सुनवाई नहीं होने पर किसान प्रमोद कुमार ने अदालत की शरण ली थी। सीजेएम ने परिवाद स्वीकार करते हुए बिजली विभाग के बाबू आसिफ सिद्दीकी को तलब कर लिया है।

# पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान व्यक्ति की मौत

## परिजनों ने लगाया अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**हापुड़**। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को किसी तरह समझा कर मामले को शांत कराया। मिली जानकारी के अनुसार थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव मुजफ्फर बागड़पुर निवासी 45 वर्षीय राजकुमार को हापुड़ के गढ़ रोड़ पर स्थित प्रयाग हास्पिटल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। जहां व्यक्ति की पित्त की थैली का ऑपरेशन हुआ। बुधवर की देर रात इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लाप. रवाही के कारण मौत का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मामले की सूचना मिलते ही थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों व ग्रामीणों को मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले को शांत कराया। देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को पहुंचे नौजवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा**। पंजाब में बाढ़ से प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए भारत स्काउट गाइड एंड जमीयत यूथ क्लब के नौजवान 10 सितम्बर 2025 को जरूरतमंद लोगों तक सामग्रियां लेकर पहुंचे। इस दौरान संगठन ने न केवल प्रभावित परिवारों तक मदद पहुंचाई बल्कि दूर-दराज से आने वाली राहत सामग्री को भी उचित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किया। युवाओं की इस पहल से पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिली।



जमीयत यूथ क्लब लगातार सामा. जिक सेवा कार्यों में सक्रिय है और युवाओं में सेवा भावना को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि संकट की घड़ी में जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाना ही उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सलाहुद्दीन नईम अहमद साहब, जुनैद साहब, सालिहीन साहब, सिकन्दर साहब, नदीम साहब, शाहवेज साहब और नासिर साहब मौजूद रहे।भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का मुख्य उद्देश्य युवाओं का चरित्र निर्माण, अच्छे स्वास्थ्य की आदतों को बढ़ावा देना और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण है। संगठन का आदर्श वाक्य तैयार रहो इन कार्यों में युवाओं को हमेशा प्रेरित करता है। पंजाब की जिला यूनिटें पहले से ही सक्रिय होकर पीड़ित लोगों तक सहायता पहुंचा रही हैं और यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी व्यक्ति मदद से वंचित न रह जाए।बाढ़ प्रभावित इलाकों में सामग्री वितरण की यह सेवा पहल युवाओं के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सड़क हादसे में घायल धर्मेंद्र की उपचार के दौरान हुई मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बीते 4 सितंबर गुरूवार की अर्धरात्रि को कस्बा बिसौली दबतोरी रोड बाई जी मंदिर के पास बाइक सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने रौंदा दो लोगों की हालत गंभीर एक को लगी मामूली चोट जिसमें घायल धर्मेंद्र की उपचार के दौरान के बरेली निजी अस्पताल में मौत हो गई हम आपको बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव परवेज नगर निवासी रामवीर पुत्र पान सिंह दिल्ली से वापस अपने घर जा रहे थे तभी बिसौली पहुंचकर रामवीर ने नगर में गांव परवेजनगर पहुंचने का कोई साधन न होने का कारण अपने पिता पान सिंह फोन कर बताया कि मैं घर से बाइक लेकर बिसौली आ जाएं जिस समय घर पहुंच सकूं तभी पिता पान सिंह ने गांव के ही धर्मेंद्र पुत्र जगदीश को साथ लेकर रामवीर को लेने बिसौली आए तभी वापस लौटते वक्त दबतोरी रोड पर बाई जी मंदिर के पास सामने आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक सवार तीनों लोगों जबरदस्त मार दी जिसमे दो लोग बेहद गंभीर तरीके से जख्मी हो गई तथा एक व्यक्ति को हल्की चोट आई है वहीं सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायल तीनों लोगों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर रामवीर और धर्मेंद्र की गंभीर अवस्था को देखते हुए बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया एवं पान सिंह को हल्की चोट होने के चलते उन्हें घर भेज दिया गया मृतक धर्मेंद्र के परिजनों ने बताया कि घायल धर्मेंद्र का उपचार बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा था 8 दिन की जिंदगी और मौत की जंग हार गया धर्मेंद्।

# भारतीय किसान यूनियन ने थाने के कार्यकलापों में राजनेताओं के हस्तक्षेप को लेकर थाने का किया घेराव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत।** जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने किया और अध्यक्षता पुनम गुप्ता ने की जिसमें भूरे चरण सिंह शेर सिंह पुत्र रामपाल निवासी पाठक नगला एवं रामविलास पुत्र महाराम यह बाहर के रहने वाले हैं और पाठक नगला में रह रहे हैं यह सभी बदमाश प्रकृति के लोग हैं गांव में एक मंदिर है जो किसी दूसरे व्यक्ति ने बनवाया था रामविलास पुत्र महाराम ने अबैध कब्जा कर रखा है और वहीं पर रह रहा है गांव के ही शिवपाल यादव पुत्र शिवलाल ग्राम पाठक नगला इनके साथ उपरोक्त लोग आए दिन गाली गलौज मारपिट करते हैं और कई बार अवैध हथियार लेकर शिवपाल के घर में घुसकर मारपीट की थी जिसकी शिकायत कई बार थाना प्रभारी उसहैत से की थी लेकिन राजनेताओं के दबाव से उल्टी शिवपाल यादव पर ही कार्रवाई पुलिस कर देती है और जो दबंग लोग हैं वह राजनेताओं की सह से बच जाते हैं और यह लोग आए दिन छोटी-छोटी वारदात करते रहते हैं लेकिन पुलिस कार्यवाही उन गुण्डो पर नहीं करती है और शिवपाल यादव पर उल्टी कार्रवाई कर देते हैं इसके परिवार के साथ मारपीट की कई बार वारदात हुई लेकिन राजनीति के चलते उन लोगो पर तहरीर दी गई लेकिन एफआर लगा दी जाती है और यह लोग छूट जाते हैं थाने के अंदर दलाल और माफिया कुर्सी पर बिठाय जाते हैं और पीड़ित न्याय की गुहार लगता है खड़े-खड़े और उसे न्याय नहीं मिल पाता कस्बा के अंदर पुलिस पैसा लेकर जुआ सट्टा का कार्य करवा रही है एवं गरीब रेडी वालों से पुलिस द्वारा अवैध उगाई की जाती है कस्बा की पुलिस और खनन माफिया की मिली भगत से खनन का काम जोरों पर है लेकिन खनन अधिकारी सूचना मिलने पर भी सो जाते हैं कार्रवाई नहीं होती आरा मशीन और पुलिस की मिली भगत से रात के अंधेरे में हरे भरे आम नीम शीशम के पेड़ कटवाए जाते हैं जिससे पुलिस को मोटी रकम प्राप्त होती है कस्बे की पुलिस द्वारा निर्दोष और भोले भाले व्यक्तियों पर झूठे मुकदमे शराब लगाकर अवैध हथियार लगाकर जेल भिजवा दिए जाते हैं और दोषी व्यक्ति पैसा देकर छूट जाता है उसहैत थाना प्रभारी द्वारा गरीब जनता के साथ बातचीत करने का तरीका गलत है और थाने में पड़ी कुर्सियों पर माफियाओं दलालों को बिठाया जाता है वह फरियादी जमीन पर बैठकर अपनी फरियाद सु ते हैं उपरोक्त समस्याओं का निदान 10 दिनों के अंदर होना चाहिए नहीं तो संगठन थाने पर सभी तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष की कार्यकारिणी पदाधिकारी और किसानों को इकट्ठा करके उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिस आंदोलन के दौरान किसी भी तरह की कोई घटना घटित होती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी निम्नलिखित पदाधिकारी ने अपना सहयोग दिया हरीश पटेल राजेश पटेल पप्पू मोरिया सूरजपाल सिंह अशोक कुमार जसवीर यादव है वलेश गुप्ता हरबंस पटेल मोहम्मद तारीख सायरा भी इसरा. इल मेंबर साहब पूनम गुप्ता सर्वेंद्र यादव कलेक्टर सिंह रजत प्रदीप कुमार अश्वनी शर्मा कमल गुप्ता शिवपाल यादव कल्लू वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# आसफपुर मेआंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** हाल ही में पिछले दिनों बदायूं जिले के विकास खंड आसफपुर क्षेत्र में लगभग 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति होने की खबर मिली है जिसमें ग्राम पंचायत सहावर में दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता व विमलेश की नियुक्ति पिछले दिनों हुई है । ग्राम पंचायत सहावर में पहले से एक ही आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बना है जिसके चलते संबंधित महिला ग्राम प्रधान,सचिव विनीत कुमार व संबंधित लेखपाल ने पैमाईश कर गाटा संख्या 822 की 6०4 की भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र बनाने की मांग की है ।

संबंधित ग्राम प्रधान व सचिव ने इस मामले का मांग पत्र 11 सितंबर 2025 को आसफपुर विकास खंड पर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर मुख्य सेविका विमला देवी को सौंपा है । यह जानकारी ग्राम पंचायत अधिकारी विनीत कुमार ने दी ।

# युवा साथी पोर्टल पर दिए गए विकल्पों के अनुसार होगा खिलाडियों का पंजीकरण

**बदायूं।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा0 वि0 द0 अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्ग में (सब जुनियर, जूनियर, एवं सीनियर) में जनपद स्तर पर मा० सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन तथा मा० विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विकास खण्डों में से यथा सम्भव सबसे बड़े विकास खण्ड को प्रतियोगिता के आयोजन हेतु चयनित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा 08 विधाओं यथा एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीबाल, फुटबाल, भारोत्तलन, जूडो एवं बैडमिन्टन में विधानसभा क्षेत्र में खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार सब जुनियर, जूनियर, एवं सीनियर आयु वर्ग में महिला/बालिका एवं पुरुष/बालक श्रेणी में आयोजित कराया जायेगा। विधान सभा वार खिलाडियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल https%@@www-yuv asathi-पद पर दिये गये विकल्पों के अनुसार कराया जायेगा। मा० विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने हेतु खिलाड़ी अपना पंजीकरण ऑनलाइन युवा साथी पोर्टल https%@ @www-yuva sathi पद पर विधायक खेल स्पर्धा पंजीयन टैब पर अपना विवरण अंकित करते हुए जन्मतिथि से सम्बन्धित प्रमाण एवं आधार अपलोड करते हुये पंजीकरण कर सकते है।

# खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के संबंध में डीईओ ने की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुए उनसे बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। बताया कि निर्वाचन के लिए मंडलायुक्त बरेली मंडल रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सम्बंधित जनपदों के जिलाधिकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 01 से 31 अक्टूबर तक बूथ पुनरीक्षण का कार्य प्रस्तावित है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि वर्तमान विधान परिषद सदस्य का कार्यकाल 07 दिसंबर 2026 को पूर्ण होगा। वर्ष 2022 में हुए निर्वाचन में कुल मतदाता 3275 थे जिसमें से 2202 पुरुष व 1073 महिलाएं थी तथा इसके लिए 10 मतदेय स्थल बनाए गए थे। मतदाता के लिए 16 किलोमीटर के दायरे में मतदेय स्थल बनाए गए थे। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी के मुनीश अग्रवाल, इण्डियन नेशनल कांग्रेस के अरविंद सिंह राठौर व सुरेश राठौर व समाजवादी पार्टी के अशोक यादव, आम आदमी पार्टी के राकेश सोलंकी, बहुजन समाज पार्टी के अरविन्द कुमार भारती तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक वर्मा व अजीत मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन 10 एवं 11 सितम्बर को न्याय पंचायत-अब्दुल्लागंज, विकास खण्ड-उझानी बदायूँ में किया गया। प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र बदायूँ नवीन चन्द्र आर्य ने बताया कि दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को ब्लाक प्रमुख शिशुपाल के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित करके किया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञो द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रशिक्षण इकाई लगाने पर जोर दिया व लघु उद्योग जैसे पापड़, अचार, कचरी, मसाला, आटा चक्की, पास्ता, दलिया आदि उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया। प्रभारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री की दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना बहुत ही उत्कृष्ट योजना है। इसमे कोई भी खाद्य प्रशिक्षण इकाई घरेलू स्तर से लगाकर अपना स्वयं का रोजगार कर सकते है।

# पूर्व भाजपा नेता स्व लालू सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बगरैन।** जनपद बदायू के आवला विसौली रोड स्थित पेपल गाव मे गुरुवार को पूर्व बगरैन भाजपा मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी स्व ठा लालू सिह की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता, ग्राम वासी एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग एकत्र हुए और उनके समाधि चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने उनके सामाजिक कार्यों, निस्वार्थ सेवा और समाज हित के प्रति उनके समर्पण को याद किया। वक्ताओं ने उनके योगदान को याद किया । स्व ठा लालू सिह भाजपा पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता थे 12 वर्ष की आयु से छात्र राजनीति से प्रवेश किया तथा मरते दम तक पार्टी के लिए काम किया वह एक कुशल समाजसेवी थे, बल्कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन पार्टी के लिए तथा जनसेवा और लोकहित के कार्यों को समर्पित कर दिया था। उनके व्यक्तित्व में अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी, जिसके चलते वे जनता के दिलों में विशेष स्थान रखते थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए कार्य किए । पुण्यतिथि कार्यक्रम में भाजपा नेता, समाजसेवी, क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व एम एल सी जितेन्द्र यादव विधायक प्रति. निधि मनोज शर्मा बगरैन भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान जिलाध्यक्ष पिछडा मोर्चा धीरज पटेल ब्लाक प्रमुख ओम किशन सागर अनुज कान्त मिश्रा अजयपाल सिह महामंत्री राजीव सिह राजेश उपाध्याय भाजपा नेता एड राजेश शर्मा रविलाल सिह नीलेश सिह आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिह महेश गुप्ता जितेन्द्र गुप्ता विपिन गुप्ता दीनदयाल महेश्वरी ऋषि पाल सुदेश भदौरिया निर्भय सिह ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# स्वास्थ्य शिविर ग्राम पंचायत में 110 मरीज का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सैदपुर स्वास्थ्य शिविर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रोहित कुमार के निर्देश में ग्राम पंचायत कतगांव में लगाया गया सर्दी और बुखार के 110 मरीज का चेकअप किया गया। इसमें से बुखार के 80 मरीज मिले ।और मलेरिया के 80 मरीजों की जांच की गई इसमें से कोई भी मलेरिया रोगी नहीं मिला। शिविर में बीपी, शुगर की जांच की व मरीज को फ्री दवाइयां दीं। साथ ही लोगों को मलेरिया और डेंगू के बचाव तरीके भी बताए । डॉ राजीव वार्ष्णेय ,जेबा, नितिन एलटी, युवराज, बीपीएम नावेद अहमद, वीसीपीएम रूप किशोर, आशा सुषमा देवी ,लक्ष्मी देवी आदि लोग उपस्थित रहे ।

# मनोज माहेश्वरी अस्पताल पर चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के माहेश्वरी अस्पताल पर चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं आवश्यक दवाओं का वितरण करना था। गुरुवार को डा. रोहित कुमार शाक्य जनरल सर्जन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी गई। इस दौरान डा. मनोज माहेश्वरी ने बताया कि प्रत्येक सोमवार व बृहस्पतिवार को अस्पताल में पित्त की थैली, हर्निया, बच्चादानी, ओवेरियन सिस्ट, गुर्दे की पथरी, पेशाब की नली की पथरी के साथ अपेंडिक्स एवं बबासीर हाइड्रोसील भगंदर आदि के जटिल आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। वरिष्ठ चिकित्सक मनोज माहेश्वरी ने एक वार्ता में कहा कि नवजात और बड़े बच्चों में बुखार की अधिक शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं और चिकित्सक की सलाह के बगैर दवा न दें। पानी को अच्छे से उबालकर पीएं। और बाजार में खुले में बिकने वाली चीजों का सेवन करने से बचे।

# आदित्य यादव 12 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र बिसौली में रहेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सपा सांसद आदित्य यादव शुक्रवार 12 सितंबर को अपने संसदीय क्षेत्र बिसौली में रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने बताया कि सुबह 10 : 00 बजे बिसौली पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से मुलाक. ात करे उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इसके बाद मुंडिया घुरे की में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने बताया कि इसके बाद सांसद क्षेत्र में निजी कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज का आज संस्थापक दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के संस्थापक पंडित स्वर्गीय त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) के निर्वाण दिवस पर कालेज के अध्यक्ष नत्थू लाल शर्मा ( पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ) कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक , प्रधानाचार्य करतार सिंह , उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार गंगवार , योग शिक्षक निखिलेश कुमार पाठक ने विद्यालय के संस्थापक की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । पंडित त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) का जन्म 28 फरवरी सन 1910 को स्थानीय राजघराने के ब्राह्मण परिवार में हुआ था उन्होंने अपने जीवन काल में देश की आजादी के लिए कड़ा संघर्ष किया । त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) ने देश आजाद होने के बाद 12 मार्च सन 1949 में गांधी सेवा सदन की स्थापना की और 1 जुलाई सन 1966 को त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज की नींव रखी । तत्पश्चात 11 सितंबर 1967 को उनका देहावसान हो गया । पंडित त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) के निर्वाण दिवस पर 11 सितंबर को कालेज के प्रधानाचार्य , अध्यक्ष , प्रबंधक सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं व छात्र - छात्राओं ने दद्दा जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । इस अवसर पर प्रधानाचार्य करतार सिंह , प्रधान लिपिक सुमति पाठक , उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार गंगवार , कालेज के अध्यक्ष नत्थू लाल शर्मा , योग शिक्षक निखिलेश कुमार पाठक , व्यायाम शिक्षक अभय कुमार सिंह , महेश पाल सिंह , अखिलेश पाठक , अभिलाष मिश्रा , सहायक लिपिक राजीव कुमार कश्यप , भावना रानी वार्ष्णेय , सितारा बी, ठाकुर प्रसाद , दिनेश पाल सिंह , राहुल कुमार , अरुण कुमार मौर्य , जय वीर सिंह यादव , मौहर सिंह , बृजेश यादव , सुनील कुमार व स्थानीय संभ्रांत पूर्व ग्राम प्रधान सतीश चंद्र पाराशरी , दुर्जेंद्र कुमार शर्मा , रजनीश कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे । यह जानकारी कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने दी ।

# पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने मोहन स्वरूप गुप्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** प्रांतीय निर्देशानुसार विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को सर्व सम्मति से चुना गया। यह आयोजन डिप्लोमा इंजी. नियर महासंघ के संघ भवन में संपन्न हुआ। गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं चुनाव अधिकारी कवि माधव मिश्र (पूर्व प्रांतीय कर्मचारी नेता,राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत से सर्वप्रथम रविन्द्र मोहन सक्सेना ने मोहन स्वरूप गुप्ता के नाम का प्रस्ताव जिलाध्यक्ष पद पर रखा जिसका अनुमोदन इं प्रमोद कुमार शर्मा एवं ब्रजेश कुमार चौहान ने किया। दस मिनट तक किसी दूसरे का जिलाध्यक्ष पद पर नाम नहीं आने पर सर्व सम्मति से चुनाव अधिकारी कवि माधव मिश्र ने उन्हें जिलाध्यक्ष घोषित किया।बाद में पूरे सदन ने निर्वाचित जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता को समस्त अधिकार देते हुए सर्व सम्मति से कार्यकारिणी के



पदाधिकारियों को चुनने के लिए कहा जिस पर चुनाव अधिकारी कवि माधव मिश्र की सहमति पर कार्यकारिणी में 26 पदाधिकारियों के साथ 11 सक्रिय सदस्य को सर्व सम्मति से चुना गया। मुख्य अतिथि एवं चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चुनाव उपरांत सभी पदाधिकारियों को घोषित करते हुए फूल माला पहनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व सम्मति से निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हैं। आप सब की जिम्मेदारी है कि पेंशनर की समस्याओं का निस्तारण करते हुए पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष करें क्योंकि कर्मचारी तीस चालीस वर्ष सेवा करने के बाद ही पेंशन का हकदार होता है। सरकारों ने कर्मचारी की पेंशन बीस साल पहले बंद कर दी लेकिन एमपी, एमएलए, एमएलसी को आज भी पेंशन दी जा रही है। यह कैसा दुर्व्यवहार है? आठवां वेतन आयोग जल्द से जल्द लागू किया जाए। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने कहा कि मैं पेंशनर की समस्याओं के लिए लड़ूंगा लेकिन अगर आप को पारिवारिक समस्या है तो उसके लिए भी हर समय तैयार हूं। नव निर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन सक्सेना, जिला मंत्री उपेन्द्र उपाध्याय, मीडिया प्रभारी इंजीनियर प्रमोद कुमार शर्मा, संप्रेक्षक राजेश जौहरी, उपाध्यक्ष ब्रजेश चौहान, कोषाध्यक्ष सुशील सक्सेना (नीरू), संगठन मंत्री रामप्रकाश सिंह राठौर, उपाध्यक्ष सतेंद्र शाक्य, प्रचार मंत्री छोटे लाल सगर, संरक्षक विनोद पाल सिंह, कृष्ण मिश्रा, सक्रिय सदस्य अशोक कुमार सक्सेना ने विचार व्यक्त करते हुए एकता के साथ संघर्ष करके पेंशनर को उनके हक दिलाने की वकालत की। अन्य चुने गए कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में रउफ हुसैन सिद्दिकी, सुभाष चंद्र शर्मा, इरफान हुसैन, सूबेदार सिंह, शिशु पाल सिंह, भुवनेश कुमार मिश्रा, पुष्पा सक्सेना, आयशा परवीन,शबनम परवीन, रामकुमारी,मुन्नी देवी, पुत्तू लाल सक्सेना, राम पाल सिंह, कवींद्र जीत सिंह , रामनिवास वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, रामेश्वर दयाल, जावेद खां,कृष्ण गुप्ता, राजपाल सिंह, कृष्ण पाल गुप्ता, दिलीप कुमार सक्सेना, ओम पाल सिंह, पाल सिंह, आरबी लाल, मोहम्मद हक्कानी आदि पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य चुने गए।

# सच्चे मन से सेवा करने वाले का प्रभु कल्याण करते हैं: ललितेश्वर महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालाजी बलदेवधाम गुधनी पर बालाजी महाराज का जन्मोत्सव 5 नवम्बर को बड़े धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा। धाम पर आयोजित बैठक में सभी सेवादार एकत्र हुए, जहाँ आगामी उत्सव की रूपरेखा तय की गई।महाराज श्री ललितेश्वर गुरुदेव महाराज ने सभी सेवादारों को पृथक-पृथक सेवाओं की जिम्मेदारी सौंपी और आशीर्वचन देते हुए कहा श्री हनुमान जी महाराज की जो सच्चे मन से सेवा करता है, प्रभु उसका सदा कल्याण करते हैं। गुरुदेव महाराज के वचनों से प्रेरित होकर सभी सेवादारों ने तन-मन-धन से बाबा की सेवा करने का संकल्प लिया और जन्मोत्सव को ऐतिहा. सिक बनाने का आश्वासन दिया। धाम परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। "जय-जय श्री बालाजी महाराज" के जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया। श्रद्धालु अब उत्सव की प्रतीक्षा में उमंग और आनंद से सराबोर हैं।

# शादी समारोह में युवक की चाकू मारकर हत्या





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह खुशी के माहौल से अचानक मातम में बदल गया, जब एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के मोहल्ला नूरी नगर निवासी अनवार के बेटे जलीस की शादी बुधवार रात मधुर मिलन बैंक्विट हॉल में हो रही थी। शादी में पूरा परिवार और रिश्तेदार शामिल थे। इसी दौरान शानू उर्फ शोएब और जुनैद के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर जुनैद ने अपने भाई शकील और रिश्तेदार सगीर के साथ मिलकर शानू पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में शानू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई जुल्फिकार पुत्र मेहंदी हसन ने तीनों आरोपियों जुनैद, शकील और सगीर पुत्रगण कदीर अहमद, निवासीगण मोहल्ला नूरी नगर थाना बहेड़ी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

### ■ तीन नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि शादी समारोह के दौरान कहासुनी के बाद यह वारदात हुई। मृतक के भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना के बाद शादी समारोह का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। परिजनों में मातम छा गया, और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

> मृतक के भाई की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। लगातार पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> **अरूण कुमार**
> **सीओ बहेड़ी**

# मुंडिया टोल प्लाजा के पास ईको कार में आग लगने से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के मुंडिया मुकर्रमपुर टोल प्लाजा के पास एक ईको कार में अचानक आग लगने से कार जलकर खाक हो गई। उत्तराखंड के किच्छा की ओर से आ रही ईको कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया।

थाना देवरनियां के डांडी हमीर निवासी फईम पुत्र महबूब शाह अपनी ईको कार से उत्तराखंड के किच्छा से अपने रिश्तेदार को छोड़कर वापस अपने गांव लौट रहा था। जब वह बहेड़ी थाना क्षेत्र के मुंडिया मुकर्रमपुर टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो अचानक कार में आग लग गई।

चालक ने तुरंत ही कार रोकी और कार से बाहर निकल गया और सुरक्षित बच गया।

कार के रुकने के बाद कार में तेज लपटें उठने लगीं। थोड़ी ही देर में कार जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि कार चालक सही सलामत बच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जली कार को सड़क किनारे करवा दिया।

चालक फईम पुत्र महबूब शाह के मुताबिक यह हादसा गुरुवार रात 3 बजकर 30 मिनट पर हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर

### फांसी के फंदे पर झूल गई महिला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 6 बच्चों की माँ ने संदिग्ध हालात में फाँसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली मृतका का पति पेशे से ट्रक ड्राइवर है।जो अक्सर वाहर रहता है।घर पर मृतका अपने ससुर व बच्चों के साथ रहती थी।मृतका के ससुर ने पुलिस को वताया कि उनकी बहु काफी समय से बीमार थी।बीमारी से परेशान होकर वह फांसी लगाकर जान दे दी ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम को भेज दिया है।

मृतका आरती पत्नी चंद्रपाल उम्र लगभग 40 वर्ष ग्राम सैंजनी की निवासी है।महिला का मायका छत्तीसगढ़ का है।महिला का पति चंद्रपाल ट्रक ड्राइवर है।जो अक्सर वाहर रहता है।महिला के ससुर गंगाराम ने पुलिस को लिखकर दिया है कि उसकी बहु पिछले काफी समय से बीमार रहती थी। इसीलिए उसनें फाँसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। इंस्पेक्टर हरेन्द्र सिंह ने वताया कि शव का पंचनामा भरकर पी एम को भेज दिया है।

### घर से बाजार गया युवक रहस्यमय ढंग से हुआ लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की मोहल्ला आदर्श नगर बस्ती के रहने वाले लालता प्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार जो कि दिमाग से कुछ हल्का है। गुजरी 20 अगस्त को शाम करीब 5 बजे अपने घर से बाजार सब्जी लेने आया था, और देर शाम तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग पाया।

युवक की मां लीलावती ने अपने पुत्र सुमित कुमार को अपनी सभी रिश्तेदारियों में भी तलाश किया, लेकिन जब उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका तो गुरुवार को थक हार कर मां लीलावती ने अपने पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### शिकायत से भन्नाए पिता-पुत्र ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बाइक से क्षेत्र के गांव बुखारपुर लेवर लेने जा रहे एक ग्रामीण को पिता-पुत्र ने रास्ते में घेरकर जमकर पीटा, इनकी पिटाई से ग्रामीण के बाए कान से सुनाई देना बन्द हो गया। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर पिता-पुत्र और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे से सटे महालक्ष्मी पेट्रोल पंप ईंधजागीर के रहने वाले नवजीत सिंह 9 सितम्बर की सुबह 7:45 बजे अपनी बाइक से धान में स्प्रे करने के लिए क्षेत्र के गांव बुखारपुर में लेवर लेने जा रहा था कि रास्ते में सतुइया कला के रहने वाले रनजीत सिंह उसका पुत्र जसप्रीत सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोक लिया, और देखते ही गाली गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसकी बाइक को डंडे मारकर तोड़ दिया, और उसके साथ मारपीट करने लगे, इस मारपीट से उसके एक कान से सुनाई देना भी बन्द हो गया। आरोप है कि मारपीट के समय उसका मोबाइल और 5 हजार रुपये भी गिर गए। नवजीत सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पिता सर्वजीत सिंह ने अपने रुपए के लेनदेन को लेकर एक शिकायती पत्र पुलिस को दिया था, जिससे रंजिश मानकर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की है। पुलिस ने नवजीत सिंह की तहरीर पर पिता-पुत्र और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ऑटो चालक से हुआ विवाद युवक को मारी गोली, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बुधवार देर रात सेटेलाइट पर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक का किसी ऑटो चालक से विवाद हुआ था। जिसके बाद ऑटो चालक ने अपने साथियों संग बाइक सवार युवक को ईसाइयों की पुलिया पर घेरकर गोली मार दी। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

दरअसल सेटेलाइट के एक होटल में बिशारतगंज के रहने वाले गौरव गोस्वामी ने काना खाया। खाना खाने के बाद वापस निकल रहे थे तभी होटल के बाहर निकलकर सेटेलाइट पर आए और एक ऑटो चालक से विवाद हो गया। मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। गौरव बाइक से निकलने लगे तो ऑटो चालक अपने साथियों संग पीछा करते हुए ईसाइयों की पुलिया की तरफ आ गया। जहां ऑटो चालक व उसके साथियों ने गौरव के साथ मारपीट और गाली गलौज की। इस बीच ऑटो चालक के किसी साथी ने फायरिंग कर दी। जिसमें गौरव को गोली लग गई। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए गंगा चरण अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वारदात के बाद ऑटो बरामद कर लिया। जबकि आरोपी मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर गौरव गोस्वामी अपने चचेरे भाई आकाश गोस्वामी के साथ विशारतगंज से तेहरे भाई मनोज गोस्वामी से ग्राम कुल्छा शाही मिलने गए थे। बाद में उसी के साथ बरेली आ गए जहां मनोज अपने दोस्त लकी लभेड़ा व उसके दोस्त आकाश राठौर से मिले। सभी ने सेटेलाइट के होटल पर खाना खाया। यहां से निकलने के बाद ही सारा विवाद शुरू हुआ था। एसपी सिटी मानुष पारिक ने बताया कि होटल पर खाना खाने के बाद ऑटो चालक से विवाद हुआ था। बिहारी सोनकर नाम के युवक ने गौरव पर फायर किया था। मृतक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। नैतिक सोनकर, बिहारी सोनकर, ऑटो चालक अनस, राजा, अभय, शेखर, समीर, चंदन, समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, बाकियों की तालश की जा रही है।

### पुलिस ने हैदरी दल का मास्टरमाइंड दबोचा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए भड़काऊ पोस्ट करने और फेक न्यूज फैलाने वाले हैदरी दल के मास्टरमाइंड अकबर अली को आखिरकार कई महीने की कोशिश के बाद गिरफ्तार कर लिया। कई सोशल मीडिया अकाउंट आरोपी हैंडल कर रहा था। जिन पर लाखों की संख्या में फॉलोवर थे। हैदरी दल से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

गुरुवार को एसपी सिटी मानुष पारिक ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि हैदरी दल के खिलाफ पुलिस पहले ही लगातार कार्रवाई कर रही थी। अब सबसे ज्यादा फॉलोवर वाले इंस्टाग्राम अकाउंट को हैंडल करने वाले अकबर अली को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि हैदरी दल के नाम से पूर्व में कई अकाउंट्स सामने आए थे। जिनके जरिए लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काने, फेक न्यूज फैलाना, महिलाओं के लिए आपत्तिजनक पोस्ट करने जैसे काम किए जा रहे थे। थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पांच लोगों को जेल भेजा गया था। इनसे जुड़े खाते ट्रेस कर मेटा को रिपोर्ट भेजी और खाते बंद कराए गए। मगर कुछ खाते दोबारा सक्रिए हो गए। संदर्भ को स्पष्ट किए बगैर खबरों को पोस्ट किया जा रहा था। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रहीं थीं। बीती तीन सितंबर को थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। हैदरी दल ऑफिशियल के खातों को ट्रेस किया गया तो मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने इन अकाउंट्स को हैंडल करने वाले शख्स को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की। जांच के बाद जिला फतेहपुर यूपी निवासी अकबर अली को गिरफ्तार किया गया। अकबर अपने परिवार के साथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में रहकर काम करता है। वह वहीं सोशल मीडिया अकाउंट्स संचालित कर रहा था। जिसमें टीम हैदरी दल, हैदरी दल ऑफिशियल और राष्ट्रीय टीवी नामक अकाउंटस शामिल हैं। देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों से संपर्क में था। उन्हीं के साथ मिलकर इन सारी गतिविधियों को चला रहा था।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# देश व प्रदेश के विकास को जनता दे अपने अमूल्य सुझाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपदवासियो से अपील कि है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की एक दूरदर्शी पहल विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के अन्तर्गत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और सतत प्रगति के मिशन को आधारित किया गया है। इस मिशन में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए एक प्रबुद्ध समान और वैश्विक स्तर पर सम्मानित राज्य का निर्माण करने हेतु अपने सुझाव अवश्य भेजें।

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, शताब्दी संकल्प 2047 एवं समृद्धि का शताब्दी वर्ष के मिशन को दिशा प्रदान करने एवं पथ प्रदर्शन हेतु एक विजन डॉक्यूमेंट बनाया जाना प्रस्तावित है। यह विजन डॉक्यूमेंट 03 थीम-अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति, जीवन शक्ति एवं 12 सेक्टर-कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास आईटी एवं इमर्जिंग प्रौद्योगिक, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए तैयार किया जाएगा, जिस हेतु कोई भी जनमानस https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर क्यूआर स्केन करके अपना बहुमूल्य सुझाव दें सकते हैं।

उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने हेतु एक महीने तक सुझाव संकलन अभियान चलेगा। जनपद के सभी नागरिकों का दायित्व है कि अपने अमूल्य सुझाव देकर इसलिए अभियान का हिस्सा बनें और अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# पनघैली नदी को खत्म करने में जुटे हैं कालोनाईजर

### ■ चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक विशेष समुदाय के कालोनाईजर पनघैली नदी का अस्तित्व मिटाने में लगे हुए हैं, वह नदी के किनारे धड़ल्ले से प्लाटिंग कर रहे हैं, प्रशासन भी उनका ही साथ दे रहा है। वहीं कुछ अन्य लोगों ने भी नदी के किनारे अवैध कब्जे कर लिए हैं, बारिश के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ने से उनकी जान माल का डर बना रहता है। जिससे परेशान होकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर नदी का सीमांकन कर अवैध कब्जों को हटवाने और नदी किनारे पौधा लगवाने की मांग की है।

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि कस्बे से होकर गुजरने वाली पनघैली नदी के किनारे लोगों ने अपने पक्के मकान बना लिए हैं। वहीं एक समुदाय विशेष के कालोनाईजर नदी के किनारे प्लाटिंग कर नदी के अस्तित्व को मिटाने में लगे हुए हैं। जिसमें स्थानीय प्रशासन भी उनका साथ दे रहा है, उन्होंने प्रशाशन पर खड़े होकर जेसीबी से पटान कराए जाने का आरोप लगाया है। पालिका अध्यक्ष ने बारिश के दिनों में नदी के पास बने मकानों में रह रहे लोगों को जान का खतरा बना रहता है। जिससे परेशान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर नदी का सीमांकन कराकर अवैध कब्जों को हटाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से कस्बे में लगे जर्जर बिजली के खम्भों को हटवाने और बिजली के तारों को भूमिगत कराने की मांग की है।

# भूमि अर्जन करने के लिए 600 किसानों को नोटिस भेजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना ग्रेटर बरेली के लिए करीब 32.7918 हेक्टेयर भूमि अर्जन करने के लिए विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (संयुक्त संगठन कार्यालय) की ओर से संबंधित 600 किसानों को नोटिस भेजे गए हैं। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी अक्टूबर के पहले सप्ताह से भूमि अर्जन करने की कार्रवाई शुरू करेंगे।

बरेली विकास प्राधिकरण के अधिकारी ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के लिए 224.2530 हेक्टेयर चिह्नित भूमि में से 83.31 प्रतिशत भूमि का आपसी सहमति से अर्जन कर चुके हैं। अवशेष भूमि के मालिक किसानों ने अपनी भूमि देने के लिए सहमति नहीं दी। बीडीए की पैरवी के बाद शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने भूमि अर्जन की तैयारी शुरू की है। अवशेष भूमि के गाटा संख्याओं को लेकर विज्ञप्ति भी जारी की। पुराने सर्किल रेट के आधार पर भूमि अर्जन की कार्रवाई होनी है। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (संयुक्त संगठन कार्यालय) के अधिकारी ने बताया कि भूमि अर्जन के लिए किसानों को नोटिस भेजे गए हैं। करीब 600 किसान हैं जिनकी भूमि अर्जित होनी है। मूल किसान कम हैं, लेकिन तमाम लोगों ने भूमि खरीदी है इसलिए किसानों की संख्या ज्यादा हो गयी है। अक्टूबर से भूमि अर्जन की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

> **इन गांवों की भूमि अर्जन की जानी है**
>
> मोहनपुर उर्फ रामनगर गांव की 18 गाटा संख्या की कुल 6.7085 हेक्टेयर भूमि, अहरोला गांव की 14 गाटा संख्या की 6.3277 हेक्टेयर भूमि, नवदिया झादा गांव की 15 गाटा संख्या की 2.8122 हेक्टेयर भूमि, बालीपुर अहमदपुर गांव की 64 गाटा संख्या की कुल 13.3167 हेक्टेयर भूमि, कचौली गांव की सात गाटा संख्या की कुल 1.4593 हेक्टेयर भूमि, इटौआ बेनीराम गांव की आठ गाटा संख्या की कुल 2.0284 हेक्टेयर भूमि, कंथरी गांव की दो गाटा संख्या की 0.1390 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की जाएगी

# शीशगढ़ में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज गुरुवार को शीशगढ़ कस्बे में अपंजीकृत दो अस्पताल व एक अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील किया गया, जबकि दुनका में एक क्लीनिक सील किया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस बड़ी कार्यवाही से इलाके में हड़कंप मच गया।

बताते चलें कि नोडल अधिकारी डाक्टर अमित कुमार ने अपनी टीम के साथ सबसे पहले शीशगढ़ के मोहल्ला बहेड़ी अड्डे के निकट संचालित रेशमा जच्चा बच्चा केंद्र एवं अल्ट्रासाउंड केंद्र पर छापा मारा तो खलबली मच गई। रजिस्ट्रेशन मांगने पर संचालक रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा सके। अल्ट्रासाउंड केंद्र पर भी अनियमितताएं मिली। बिना चिकित्सक के ही अल्ट्रासाउंड किए जा रहे थे। नोडल अधिकारी ने इस केंद्र को सील कर दिया। इसके बाद कस्बे के बरेली बस अड्डे के निकट आदेश क्लीनिक एवं जच्चा बच्चा केंद्र पर छापा मारा। यह केंद्र भी बिना किसी रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। संचालक रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा सके।

### ■ दो अस्पताल व दो क्लीनिक किए गए सील

इस केंद्र व क्लीनिक दोनों को ही सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस बड़ी कार्यवाही की भनक लगते ही कस्बे व अन्य गांवों में अवैध रूप से संचालित अस्पताल और क्लीनिक बंद करके फरार हो गए।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुनका गांव में स्थित इंडियन हॉस्पिटल में छापा मारा। यह हॉस्पिटल भी अवैध रूप से संचालित मिला। अस्पताल संचालक रजिस्ट्रेशन नहीं दिखा सके। इसको भी सील कर दिया गया।

> **क्षेत्र में फैला है झोलाछाप डॉक्टरों का जाल**
>
> शीशगढ़ एवं आस पास के गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल फैला हुआ है। बड़ी संख्या में अस्पताल व क्लीनिक खुलते जा रहे हैं। बिना किसी डिग्री के मरीजों की जिंदगी के साथ खिलबाड़ कर रहे हैं। नीम हकीम नुस्खों से आम मरीज की जिंदगी खतरे में पड़ रही है। कोरोना काल के बाद से तो झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ सी आ गई है।

> अपंजीकृत झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध छापेमार कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे अपंजीकृत अस्पतालों व क्लीनिक को बख्शा नहीं जाएगा। इनके विरुद्ध अभियान बदस्तूर जारी रहेगा।
>
> **डाक्टर अमित कुमार**
> **नोडल अधिकारी**
> **बरेली**

# डीएम ने ली सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग में सुधार को बैठक

### ■ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 22 व 23 सितम्बर को सम्पन्न कराए जाने के दिए गए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड की बैठक कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि 69 इंडीकेटर में से एनआरएलएम, फैमिली आईडी, पंचायत, निपुण परीक्षा, नई सड़कों का निर्माण, कौशल विकास, समाज कल्याण, कृषि, उद्यान, बेसिक शिक्षा आदि विभागों से सम्बंधित इंडीकेटर्स में रैंकिंग खराब होने के कारण जनपद की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर प्रभावित हुई है, जिसपर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग प्रभावित होने के कारणों की संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और निदान कराने के निर्देश दिए। बैठक में एनआरएलएम के अंतर्गत रिवाल्विंग फण्ड देने में भी स्थिति खराब पायी गयी, जिसपर सीसीएल व रिवाल्विंग फण्ड बैंकों के साथ समन्वय कर लक्ष्य के अनुरूप वितरित कराए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का इंडीकेटर अभी अगस्त माह में सम्मिलित किया गया है, और इस माह में विवाह न होने के कारण रैंकिंग खराब हुई है। कौशल विकास का इंडीकेटर भी अभी विगत माह में एड किया गया है, डीएससी कार्य न करने के कारण कार्य प्रभावित हुआ है।

बैठक में डीएम द्वारा 22 व 23 सितम्बर 2025 में ही सामूहिक विवाह सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे इस माह के लक्ष्यों में उनकी गणना हो सके और अगले माह में रैंकिंग प्रभावित न हो। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि राजस्व कार्यों के अन्तर्गत रुहेलखण्ड नहर, खनन विभाग, कृषि विभाग, परिवहन विभाग आदि विभागों की राजस्व वसूली प्रभावित होने के कारण रैंकिंग भी प्रभावित हुई है। इसके अतिरिक्त स्वामित्व में भी रैंकिंग 70 से 69 प्रतिशत हो गयी है, और आईजीआरएस में भी रैंकिंग एक प्रतिशत कम हुई है, जिस कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित हुई है। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी से अपने कार्य प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पचपेड़ा गांव में कई दशक बाद हुई चहल पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** पचपेड़ा गांव पर कभी जिले भर की निगाहें लगी रहती थीं, जनता का हुजूम और अधिकारियों की गाड़ियां हूटर बजाती हुई इधर से उधर दौड़ती रहती थीं। गांव का नाम सुनकर ही अधिकारियों को पसीने छूट जाते थे, लेकिन वक्त ने करवट ली और गांव की रौनकों को ग्रहण लग गया।

हम बात कर रहे हैं स्वर्गीय मंत्री चेतराम गंगवार के गांव पचपेड़ा की। तीन दशक पूर्व गांव में नौबत बजती थी जनता की भीड़ और दस्तवस्ता अधिकारियों की कतार देखकर लगता था कि है कोई रुतबे वाला शखय्स। लेकिन वक्त का पांसा पलटा चेतराम ने विधायकी का टिकिट खुद न लेकर अपने पुत्र चंद्रपाल गंगवार को दिला दिया, चुनाव हुआ और चंद्रपाल हार गए, और इस तरह सात बार विधायक और तीन बार उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे चेतराम गंगवार का किला ध्वस्त होता चला गया। फिर वह वक्त भी आया जब चेतराम गंगवार अपने दरवाजे पर कुर्सी डाले अकेले बैठे दिखने लगे। इधर उनके पौत्र जब कुछ सियाने हुए तो चेतराम गंगवार ने पुत्र चंद्रपाल को नजर अंदाज कर पौत्र भुजेंद्र गंगवार की उंगली पकड़कर चुनाव क्षेत्र में घुमाना शुरू कर दिया, लेकिन वक्त को कुछ और ही मंजूर था, भुजेंद्र गंगवार अभी राजनीत का ककहरा सीख भी नहीं पाए थे कि चेतराम गंगवार का निधन हो गया।

दादा की मौत का भुजेंद्र गंगवार पर बड़ा असर पड़ा, लेकिन वह अपने बाबा के पदचिन्हों पर बिना रुके चलते रहे, फिर एक वक्त ऐसा भी आया कि कांग्रेस ने उन्हें विधायकी का टिकिट भी दिया लेकिन वो चुनाव हार गए।

हारने के बाद भी वह रुके नहीं और इलाके में अपनी पहचान बनाते रहे। इसी के चलते उनकी शोहरत बढ़ती गई। मुद्दत से सूने पड़े चेतराम के दरबार में चहल पहल लौटने लगी है, अब गांव में भुजेंद्र गंगवार का दरबार भी लगने लगा है। अब वह भाजपा से टिकिट मिलने की आशा में हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत देवरनियां जनपद-बरेली**

पत्रांक:-4090 /न०पं०दे०/2025-26 दिनांक:- 11.09.2025

**कार्यालय ज्ञाप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत देवरनियां जनपद-बरेली के पत्र संख्या-4035/न०पं०दे०/2025-26 दिनांक 20.08.2025 के माध्यम से जारी ई निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत देवरनियां
बरेली

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत देवरनियां
बरेली

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# नेपाल से जेल तोड़ भागे युवकों की तलाश में पुलिस ने की छापेमारी



**पूरनपुर।** नेपाल में विद्रोह होने के बाद नोमैंस लैंड पर कब्जा के मामले में पकड़े गए ग्रामीण जेल तोड़कर अन्य कैदियों संग भाग निकले। जानकारी लगने के बाद पीलीभीत पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट हो गया। माधोटांडा पुलिस की दबिश के दौरान दोनों पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। अब पुलिस उनकी सुरागशी में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गिरफ्तारी के डर से जेल से भागे दोनों ग्रामीण कहीं रिश्तेदारी में चले गए हैं। नेपाल में विद्रोह होने के बाद हालात बेकाबू हो गए। इसमें सीमावर्ती इलाके में भी इसकी तस्वीर साफ देखी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीमा से जुड़े भारतीय क्षेत्र में भी हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसको लेकर पुलिस लगातार गश्त कर हालात पर नजर रख रही है। नेपाल जेल तोड़कर भी कई कैदी फरार हो गए। इसमें साढ़े 9 माह पहले 26 नवंबर 2024 नोमैंस लैंड पर कब्जा करने के आरोप में पकड़े गए चितरंजन और रंजन सरकार भी जेल से भाग आए थे। एक दिन पहले दोनों अपने गांव आ गए थे। इस पर परि. जनों ने राहत की सांस ली थी। जानकारी लगने के बाद खुफिया विभाग और पीलीभीत पुलिस भी अलर्ट हो गई। भनक लगने के बाद गिरफ्तारी की आशंका से दोनों गांव से निकल गए। माधोटांडा पुलिस ने गांव पहुंचकर उनकी तलाश की लेकिन कामयाबी नहीं मिल

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो गिरफ्तार



**पीलीभीत।** थाना कोतवाली पुलिस ने 2 शातिर चोरों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान जसनप्रीत पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी मो. नखासा थाना सुनगढी जिला पीलीभीत व सुरेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी पुत्र जसपाल सिंह निवासी ग्रान्ट नं. 2 जरा कोठी थाना गजरौला, पीलीभीत को चौकी खकरा तिराहा से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकल बरामद की गई। चौकी खकरा पुलिस को चेकिंग के दौरान सूचना पर एक काली स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों जसनप्रीत व सुरेन्द्र सिंह उर्फ सन्नी को चेक किया गया तो मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट न्26छ8098 फर्जी पाई गई तथा चैसिस नम्बर से वास्तविक पंजीकरण नम्बर न्26ग8853 बरामद हुआ, जो प्रवीन मण्डल निवासी थाना पूरनपुर के नाम दर्ज है। दोनों युवकों को गिरफ़्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

## कार वापस मांगने पर हत्या की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिकंद्राबाद।** गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी के मालिक ने अपने दोस्त पर उनकी कार वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा जेपी ग्रीन्स निवासी उद्यमी अजीत सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र गोपालपुर में संतोष पिगमेंट के नाम से उनकी कंपनी है। 3 साल पूर्व उनकी जान पहचान कंपनी में गाजियाबाद निवासी लवेश चौधरी से हुई थी। जिसके चलते आने-जाने पर उनके बीच अच्छे रिश्ते बन गए। आरोप लगाया कि छह माह पूर्व लवेश चौधरी उनकी बलेनो कार 10 दिन के लिए निजी कार्य के लिए ले गया। कार उनकी पत्नी के नाम पर रजिस्टर्ड है। जब उन्होंने 10 दिन बाद अपनी कार वापस मांगी, तो लवेश ने कुछ दिन और रुकने के लिए कहा कि वह अपनी कार खरीद लेगा तब वापस कर देगा। लेकिन उसने अभी तक उनकी कार को वापस नहीं किया। जब वह अपनी कार वापस मांग रहे हैं तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए कार वापस करने से इंकार कर दिया। कोतवाली अनिल कुमार शाही ने बताया कि आरोपी लवेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## हाईटेंशन लाइन काटकर ले गए चोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** बुगरासी चौकी क्षेत्र में बीते माह विद्युत विभाग द्वारा खींची गई हाईटेंशन लाईन को चोर रात में काटकर ले गये। चोरों ने कई खंबे भी गिराकर तोड़ दिये। काटी गई लाइन से लाखों का नुकसान बताया गया है। ठेकेदार द्वारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। चौकी क्षेत्र के तहत बुगरासी बिजलीघर के फीडर पर लगने वाले गांव बरहाना से किरयावली को अलग करन के लिये पिछले माह केबल लाईन डाली गई थी। बरहाना मार्ग से मांकड़ी मार्ग को उतरते ही किरयावली तक 9 खंबों की करीब 750 मीटर केबिल लाईन चोर काटकर ले गये। बताया कि ठेकेदार द्वारा पिछले माह लाईन खींचने के बाद ऑन रिकॉर्ड विभाग को सौंपी नहीं गई। जिसके चलते उसमें अभी सप्लाई भी चालू नहीं की गई। एक ओर ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा आधी लाईन तो पीवीसी केबिल की खींची गई लेकिन गांव की तरफ आधी लाइन नंगे तारों की खींच दी गई, बताया कि काटी गई लाइन की कीमत करीब 6 लाख रुपये है। ठेकेदार हुकम सिंह की शिकायत पर दर्ज किये गये मुकदमे के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गालियां देने के विरोध पर मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र में गालियां देने का विरोध करने पर दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। पहले आरोपियों ने परिवार की युवती को साईकिल से टक्कर मारी और फिर गालियां देने का विरोध करने पर परिवार के अन्य सदस्यों से भी मारपीट कर दी। घटना में चार लोग घायल हो गए। देहात पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात में गांव गुठावली कलां निवासी पीड़ित प्रकाशवीर गौतम पुत्र लक्ष्मण सिंह ने तहरीर देकर बताया कि 27 अगस्त की रात को उसकी पुत्री मधु सरकारी नल से पानी भरकर ला रही थी। आरोप है कि रास्ते में शराब के नशे में साइकिल से आरोपी विक्रम निवासी गांव गुठावली कलां ने उसकी पुत्री को टक्कर मार दी और गालियां देने लगा। शोर सुनकर पीड़ित का पुत्र इंद्रजीत बाहर आया और गालियां देने का विरोध करने लगा। आरोप है कि आरोपी अनुज, विक्रम, शांतनु आदि ने लोहे के पाइप और हाथों में पहने हुए कड़ों से इंद्रजीत पर हमला कर दिया। जब पीड़ित की पुत्रियों ने अपने भाई को बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित की पत्नी को भी बुरी तरह पीटा गया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी अपराधी किस्त के हैं, जो चोरी-डकैती की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। देहात पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ता मांगने पर युवकों को पीटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गुरूवार को नगर क्षेत्र में रास्ता मांगने पर सड़क पर खड़े युवकों ने दो दोस्तों पर हमला कर दिया। दोनों युवकों को बुरी तरह मारापीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। नगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली में देवीपुरा द्वितीय निवासी कबीर गौड़ पुत्र स्व0 अनूप गौड़ ने तहरीर देकर बताया कि 8 सितंबर की रात को वह अपने परिचित धुरुव पुत्र राहुल निवासी शांतिनगर भूड़ को उसके घर छोड़ने गया था। आरोप है कि हीरो एजेंसी के बराबर वाली गली में रास्ते में 8-10 लड़के खड़े थे। पीड़ित कबीर के दोस्त धुरुव ने रास्ते से निकलने के लिए जगह मांगी तो आरोपी गाली-गलौच करने लगे और आरोपियों ने कबीर एवं धुरुव पर हमला कर दिया। उन दोनों को बुरी तरह मारापीटा गया। आरोपियों में युवराज निवासी चांदपुर, पारस, अमन गौर, गोलू निवासी शास्त्रीनगर भूड, संजय निवासी शांतिनगर, दीपक उर्फ हड्डी निवासी मोहल्ला गिरधारी नगर आदि को पहचान लिया, जबकि अन्य अज्ञात थे। शोर सुनकर कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। नगर पुलिस ने छह नामजद एवं अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दरोगा के खाते से उड़ाए लाखों

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** साइबर ठगों ने पुलिस लाइन में तैनात दरोगा के खाते से लाखों रुपये निकाल लिए। पीड़ित दरोगा से गाजियाबाद के एक हॉस्पिटल में चिकित्सीय परामर्श के लिए रुपये देने के बाद ठगी को अंजाम दिया गया। थाना साइबर क्रांइम पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना साइबर क्रांइम में पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक एमटी अनिल कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 अगस्त को गाजियाबाद के यशोदा हॉस्पिटल में चिकित्सीय परामर्श के लिए गए थे। वहां उनके द्वारा चिकित्सक परामर्श का शुल्क जमा किया गया था। 27 अगस्त को उनके खाते से 99,998 रुपये यूपीआई के माध्यम से कट गए। जिसका कोई मैसेज भी नहीं आया। 28 अगस्त को उनके खाते से दो बार 50 हजार रुपये का यूपीआई किया गया। 28 अगस्त को ही किसी अज्ञात शख्स द्वारा 20 हजार रुपये, 499 रुपये, 25 हजार रुपये एवं 4500 रुपये उनके खाते से निकाल लिए गए। इसके बाद उनके द्वारा 1930 पर शिकायत दर्ज करा दी गई।

## बेनामा में लगा रहे कम स्टाम्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जिले में स्टांप चोरी के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। अब एक और मामला खुर्जा तहसील के गांव मंसूरपुर का सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने बैनामा सड़क के किनारे का दिखाया और स्टांप ड्यूटी कृषि भूमि की दिखाकर बैनामा अपने नाम करा लिया। विभागीय अधिकारियों की जांच में अब मामले का खुलासा हुआ खलबली मच गई। तहसील खुर्जा के गांव मंसूरपुर निवासी एक युवक ने तीन माह पहले सात बीघा जमीन का बैनामा अपने ही गांव के एक व्यक्ति से अपने नाम कराया। स्टांप शुल्क कम देना पड़े इसलिए जमीन को कृषि भूमि का दिखाकर बैनामा करा लिया। तहसील स्तर के अधिकारियों की जांच में मामला पकड़ा गया। विभाग की तरफ से पूरे मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। इसमें तहसील स्तर के अधिकारियों को भी लगाया गया है। आईजी स्टांप संत कुमार रावत ने बताया कि स्टांप चोरी के मामलों पर लगातार विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। स्टांप चोरी कतई बर्दाश्त नही की जाएगी।

## राधा कुंड में डूबकर युवक की मौत

**मथुरा।** हरियाणा के पलवल से अपने संबंधियों के साथ गिरिरज जी के परिक्रमा देने आए परिवार पर गुरुवार की सुबह दुखों का पहाड़ टूट पडा। पूरा परिवार बिलख उठा। युवक देवेंद्र पुत्र भारती अपने परिवार और दोस्तों के साथ गिरिराज जी परिक्रमा देने के लिए आया था। गिरिराज जी परिक्रमा पर राधाकुंड में तड़के युवक डूब गया। वो स्नान के लिए कुंड में उतरा था, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं कर सका। गहरे पानी में जाने से वो डूब गया। शोर सुनकर मौके पर मौजूद गोताखोर उसे बचाने के लिए कुंड में कूद पड़े। जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# भाकियू ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने गांवों में जर्जर बिजली तारों को तुरंत दुरुस्त करने की मांग के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे आवारा पशुओं की समस्या का समाधान और मुआवजे की मांग की। भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी अरब सिंह ने कहा कि गांवों में जर्जर तारों से लगातार हादसे हो रहे हैं। इनसे जनहानि और पशुओं की मौतें हो रही हैं। उन्होंने चीनी मिलों तक जाने वाले खराब मार्गों को ठीक करने की मांग भी की। किसान नेता ने बताया कि आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। भारी बारिश और बाढ़ से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो

## मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गुलावठी पुलिस व स्वाट टीम की निर्माणाधीन कालोनी में लूट के आरोपी मेरठ के बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दस हजार का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व बाइक बरामद हुई है। गुरुवार को सीओ भास्कर मिश्रा ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस व स्वाट टीम सिकंदराबाद अंडरपास पर संदिग्ध वाहन की चेकिंग कर रही थी, तभी एक बाइक पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसको रुकने का इशारा किया तो बाइक को तेजी से ग्राम नत्थूगढ़ी की तरफ मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। कुछ दूरी पर पुलिस टीम द्वारा बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश द्वारा अपने आपको घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। बदमाश की पहचान सलीमुद्दीन उर्फ शाहब. द्दीन उर्फ साहब उर्फ साला वकील उर्फ मौ0 साहिल पुत्र कमरूद्दीन निवासी लाला मोहम्मदपुर मोहल्ला वादीपुरा थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ के रुप में हुई है। जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बदमाश बदमाश शातिर किस्म का लुटेरा अपराधी है। आरोपी पर विभिन्न थानों में 13 मुकदमे दर्ज हैं। जिसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर 6 जुलाई को निर्माणाधीन तेवतिया कालोनी में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

# केएमयू में मनाई स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण की 132वीं वर्षगांठ



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में स्वामी विवेक. ानंद के विदेशी संबोधन की 132वीं वर्षगांठ दिग्विजय दिवस के रूप में मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ शासन के रिटायर्ड ज्वाइंट सैक्रेटरी डा. विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के साथ भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया। इस दौरान विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने मुख्य अतिथि का गुलदस्ता एवं श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. विजय कुमार पांडेय ने कहा स्वामी विवेकानंद के 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक भाषण की 132वीं वर्षगांठ को 'दिग्विजय दिवस' के रूप में मनाने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। जब पूरे विश्व ने स्वामी विवेकानंद के रूप में भारतीय संस्कृति का उच्चतम आदर्श देखा था। सद्भाव और विश्व बंधुत्व पर जोर देते हुए उन्होंने विश्व मंच पर भारतीय संस्कृति के आदर्शों का भावपूर्ण ढंग से बखान किया। यह सचमुच भारत इतिहास के सबसे प्रसिद्ध और प्रेरक क्षणों में से एक है।" विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने कहा स्वामी विवेकानंद ने भारत माता की पहचान को विदेश में बताया और आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दोनों शब्दों में दुनिया भर में भारत के एक नए परिप्रेक्ष्य को स्थापित करने में मदद की। उनके शब्दों ने धार्मिक सहिष्णुता, सार्वभौमिक स्वीकृति और वैश्विक सद्भाव के सार को आगे बढ़ाया।

विवेकानंद ने दृढ़ता से संप्रदायवाद, कट्टरता और असहिष्णुता की निंदा की, जो कि विश्व के लिए निर्देशित है, जो एक दुनिया के लिए निर्देशित है, जो कि अनुग्रहों, पारस्परिक सम्मान और समझ के बीच का मार्गदर्शन करती है। उनकी दृष्टि मानवता को विभाजनों से ऊपर उठने और एक साझा आध्यात्मिक बंधन को गले लगाने के लिए प्रेरित करती है।

# संस्कृति विवि में मनाया गया 'आत्महत्या रोकथाम' दिवस

**मथुरा।** संस्कृति विश्व. विद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा मनाए गए 'आत्महत्या रोकथाम' दिवस में वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता के द्वारा आत्महत्या जैसे कलंक को रोका जा सकता है। वक्ताओं ने लोगों के बीच हर स्तर पर चलाए जा रहे अभियानों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वक्ता डा. रजनीश त्यागी ने बताया कि विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की शुरुआत 2003 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर की गई थी और यह एक महत्वपूर्ण वकालत और संचार आधारित कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय संगठनों, सरकारों और आम जनता तक पहुंचना है तथा यह संदेश देना है कि आत्महत्या को रोका जा सकता है। इन प्रयासों में आत्महत्या रोकथाम दिवस को एक प्रभावी उपकरण माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट, आत्महत्या की रोकथामः एक वैश्विक अनिवार्यता (2014) इसे एक नीतिगत उपलब्धि के रूप में चिह्नित करती है, जिसमें कहा गया है कि इस दिन ने राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर अभियानों को प्रेरित किया है और जागरूकता बढ़ाने तथा कलंक को कम करने में योगदान दिया है। डा.रजनीश ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक आत्महत्या रोकथाम पहल का उल्लेख इसके कार्यान्वयन की मुख्य रणनीति के संबंध में किया गया है, जिसमें "आत्मघाती व्यवहारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें प्रभावी ढंग से रोकने के लिए वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय बहु-क्षेत्रीय गतिविधियों का आयोजन, आत्महत्या रोकथाम के लिए राष्ट्रीय नीतियों और योजनाओं को विकसित करने और उनका मूल्यांकन करने के लिए देशों की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल है। इससे पूर्व तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. श्रुति कर्मकार ने विषय का परिचय देते हुए बताया कि आत्महत्या के कई जटिल, परस्पर संबंधित और अंतर्निहित कारक होते हैं जो दर्द और निराशा की भावनाओं को बढ़ा सकते हैं। आत्महत्या के साधनों खासकर आग्नेयास्त्र, दवाइयाँ और जहर तक आसान पहुंच होना भी एक जोखिम कारक है। इस मौके पर सेमिनार हॉल में कविता, ओपन माइक और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग पर एक विचारा. `त्तेजक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसमें यह दर्शाया गया कि इसका गलत प्रयोग आत्महत्या प्रवृत्तियों का कारण बन सकता है। मनोविज्ञान

## पत्नी ने प्रेमी संग मिल की पति की हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गुरूवार को बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर में पत्नी द्वारा अपने प्रेमी भतीजे के साथ मिलकर पति की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटनास्थल के निकट सो रही किशोरी ने पूरा मामला देख दो दिन बाद परिजनों को बताया तो हत्याकांड का खुलासा हुआ। मृतक के भाई ने अपने भतीजे और मृतक की पत्नी को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुरुवार को बीबीनगर थाना प्रभारी राहुल चौधरी ने बताया कि परतापुर निवासी रविकरन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका छोटा भाई 28 वर्षीय ओमपाल गांव में ही मजदूरी करता था। रविकरन की बेटी ओमपाल के घर सोने चली जाती थी। सोमवार की रात पत्नी प्रीति ने अपने प्रेमी भतीजे अभय के साथ मिलकर ओमपाल के हाथ पकड़ लिए और अभय ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह परिजनों ने ओमपाल की मौत को स्वभाविक मानते हुए अंतिम संस्कार कर दिया। दो दिन से गुमसुम किशोरी से पूछताछ में उसने हत्याकांड की सारी कहानी परिजनों को बताई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक ओमपाल की भाई रविकरन ने अपने बड़े भाई के पुत्र अभय व ओमपाल की पत्नी प्रीति को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक ओमपाल महेनत मजदूरी करता था। उसका स्वभाव भी अच्छा था। पत्नी का प्रेमी के साथ इतना बड़ा कदम उठाना किसी ने सोचा भी नहीं था।

# टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार दूसरे वाहन से टकराई, चार घायल

**कोसीकलां।** कोसी से दिल्ली की ओर जा रही एक कार अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर दूसरे वाहन से टकरा गयी और पलट गइ। जिस कारण कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठी दो महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे बठैनगेट चौकी प्रभारी ने राहगीरों की मदद से घायलों को स्थानीय हास्पीटल में भर्ती कराया।

बुधवार की दोपहर करीब 11 बजे नगर के ऑफीसर कालोनी निवासी महेंद्र पुत्र रामचंद्र निवासी ऑफीसर कॉलोनी कोसीकलां, प्रेमचंद पुत्र लालाराम निवासी शहजादपुर थाना शेरगढ़, माया पत्नी लालाराम, बीना पत्नी प्रेमचंद निवासीगण शहजादपुर थाना शेरगढ़ एक कार में सवार होकर दिल्ली की ओर जा रहे थे।

कार बठैनगेट फ्लाई ओवर पार कर जैसे ही नीचे की तरफ उतरी इसी दौरान एक ढावे के समीप कार का टायर फट गया, जिस कारण कार अनियत्रित हो गई और पास चल रहे अन्य वाहन से टकराकर पलट गयी। घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे चारों लोग घायल हो गए। चीख पुकार सुन घटना स्थल पर पहुंचे राहगीरों को मामले की जानकारी बठैनगेट चौकी प्रभारी अंकित मलिक को दी।

सूचना पर पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी ने राहगीरों की मदद से कार को सीधा करा सभी घायलों को बाहर निकाल स्थानीय हास्पीटल में भर्ती कराया। चौकी प्रभारी अंकित मलिक ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

# एसएसपी के आश्वासन पर वकीलों की हडताल खत्म

**मथुरा।** जिला बार एसोसिएशन और पुलिस प्रशासन के बीच दो दिन से चल रहा गतिरोध गुरुवार को समाप्त हो गया। एसएसपी के आश्वासन के बाद वकीलों ने आंदोलन वापस ले लियां। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा कर दी है। शुक्रवार से सभी वकील न्यायालयो में पूर्व की भांति काम काज करेंगे। अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और सचिव शिव कुमार लवानिया ने मांगो के संबंध में एक पत्र एसएसपी श्लोक कुमार को दिया है। बार एसोसिएशन मथुरा द्वारा विगत दो दिनों से पुलिस प्रशासन से अधिवक्ताओं को होने वाली परेशानियों को लेकर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया था, उसी सन्दर्भ में एक ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मण्डल की सौहार्दपूर्ण वार्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आज गुरूवार को हुयी जिसमें उन को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्णतः आश्वस्त किया गया कि ज्ञापन में दर्शायी गयी सभी समस्याओं को यथाशीघ्र समाप्त कराया जायेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# टांडा में आज से चलेगा बुलडोजर

## टाण्डा में चिन्हित अतिक्रमण हटाने के लिए मुख्य मार्ग पर उतरे अधिकारी, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टाण्डा/रामपुर।** टाण्डा-मुरादाबाद, बाजपुर मार्ग पर चिन्हित अतिक्रमण को हटाने के लिए अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्य मार्ग का भ्रमण किया।गुरुवार देर रात स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश सम्बंधित अतिक्रमणकारियों को दिए,अन्यथा विभाग द्वारा बुल्डोजर की मदद से अतिक्रमण हटाया जाएगा। अधिकारियों की सख्त चेतावनी के बाद सम्बंधित दुकानदारों में हड़कंप मच गया और उन्होंने स्वयं तेजी से अपना अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। मुरादाबाद मार्ग सीएचसी के बराबर दुकान मालिक और किरायेदारों के बीच दुकानों को लेकर चल रहे विवाद का भी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

दुकान स्वामी को अतिक्रमण की जद में आई दुकानों को तोड़ने के निर्देश दिए।किरायेदारों के व्यवधान उत्पन्न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। गौरतलब है कि पीडब्ल्यूडी, राजस्व विभाग और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में भगतपुर मोड़ से ग्राम बादली, टाण्डा और मोहनपुरा तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण चिन्हित किया था। सीमांकन के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा सम्बंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद दुकानदारों में बेचौनी फेल गयी। सौ से अधिक प्रभावित दुकानदार हाईकोर्ट की शरण में पहुंचे, जहां से उन्हें कुछ हद तक राहत मिली।कोर्ट के आदेश पर याचिकाकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी विभाग के समक्ष आपत्ति के साथ अपने अभिलेख प्रस्तुत किए।जिनका विभाग द्वारा अवलोकन करने के बाद युक्तियुक्त निस्तारण कर दिया गया। विभाग की जांच में चिन्हित आराजी सरकारी साबित हुई। बुधवार को पीडब्ल्यूडी की ओर से नगर में मुनादी कराकर सम्बंधित दुक. ानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी। गुरुवार को उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता केवी सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में मुख्य मार्ग पर घूमकर दुकानदारों को देर रात स्वंय अतिक्रमण अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।अन्यथा शुक्रवार को विभाग द्वारा बुल्डोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाया जाएगा।जिससे सम्बंधित व्यक्तियों में खलबली मच गई।प्रशासन की सख्त चेतावनी के बाद लोग खुद अपना अतिक्रमण तोड़ने में जुट गए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राज. कुमार भास्कर, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता कृष्ण वीर सिंह, तहसीलदार निश्चय कुमार, सहायक अभियंता भव्यनिधि, उदयपाल सिंह, मोहम्मद आजम, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, लेखपाल मोहम्मद इमरान और कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सैफनी में गरीब किसान का आशियाना उजड़ा छत गिरी, परिवार और बच्चे बाल-बाल बचे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** नगर के छिड़िया मोहल्ला में गुरुवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई। दोपहर के समय अचानक एक गरीब किसान रामकिशन के कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। राहत की बात यह रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई।

हादसे के वक्त किसान की बेटी भी छत के नीचे थी, जो चमत्कारिक रूप से बच गई। इस घटना ने पूरे परिवार को बेघर कर दिया। घर का सारा सामान, जिसमें राशन और कपड़े भी शामिल थे, मलबे में दब गया। पीड़ित किसान रामकिशन का कहना है कि सरकार द्वारा हर गरीब को पक्का मकान देने की योजना है, लेकिन वे आज भी कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे।

उन्होंने कई बार सरकारी आवास योजना के लिए आवेदन किया, लेकिन उन्हें किसी भी तरह की मदद नहीं मिली।

मजबूरन, उन्हें और उनके परिवार को अब इस बारिश और पानी के मौसम में रहने के लिए विवश होना पड़ रहा है। रामकिशन ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि उनकी एक जवान बेटी है, जिसकी शादी की तैयारी चल रही थी। इस हादसे ने उनकी मुसीबतों को और बढ़ा दिया है। घर का सामान नष्ट हो जाने से परिवार के सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से जल्द से जल्द मदद की गुहार लगाई है, ताकि वे अपने घर को फिर से बना सकें और परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

# बिजार खाता में मेन पुलिया का ग्रामीणों ने कार सेवा कर किया निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बिजार खाता मे गांव के लोगो ने गांव मे जाने वली मेन पुलिया का कार सेवा कर निर्माण कराया। बिजार खाता मे मेन पुलिया टूटी होने के कारण गांव अन्दर जाने मे काफी परेशानी होती थी। बारिश के मौसम मे जल भराव होने के कारण इस रास्ते पर निकलना दुश्वार होता था क्यू कि गांव के अन्दर जाने वाले रास्ते की पुलिया काफी समय से टूटी पड़ी थी। इस पुलिया को गांव के लोगो ने कार सेवा कर पुलिया का निर्माण कार्य कराया जिससे की गांव वालों को बरसात मे आने जाने मे परेशान न होना पड़े। पुलिया का निर्माण करने वाले विनोद मौर्य, प्रेम सिंह, अजय कश्यप, मदन मौर्य, राजू मौर्य, जय सिंह, पंकज मौर्य, दीपक मौर्य, सोनू मौर्य, गोपी नाथ दिवाकर, सोनू आदी लोग मौजूद रहे।

# भूड़ा मेले में बिछड़े बच्चों को स्काउट-गाइड टीम ने परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी।** नगर में चल रहे भूड़ा मेले में माता-पिता से बिछड़े बच्चों को स्काउट-गाइड की टीम ने उनके परिजनों से मिलाकर एक सराहनीय कार्य किया है। गुरुवार को मेले में दो बच्चे अपने परिवार से बिछड़ गए थे, जिन्हें ढूंढने में स्काउट-गाइड टीम ने अहम भूमिका निभाई। इनमें से एक 3 वर्षीय बच्ची, आरिका, अपने पिता दलबीर सिंह और माता कामिनी के साथ रसूलपुर गांव से मेले में आई थी।

सामान खरीदते समय आरिका अपनी मां से बिछड़ गई। स्काउट-गाइड टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो-तीन बार घोषणा करवाई और लगभग तीन घंटे की तलाश के बाद बच्ची को उसकी मां से मिलाया। घ्इसी तरह, ललबारा गांव के 2 वर्षीय अब्दुल्ला भी अपने पिता अंसार हुसैन से बिछड़ गए थे।



स्काउट-गाइड की सक्रियता के कारण जल्द ही अब्दुल्ला को भी उनके पिता को सुरक्षित सौंप दिया गया।

इस दौरान स्काउट-गाइड की टीम में सला. ेनी, कुमारी रानी, रोहित सागर, विक्रम सिंह, अनुज कुमार सागर, जीतू कुमार, और जिला संगठन कमिश्नर (रामपुर) सहित कई सदस्य मौजूद रहे। उनकी तत्परता और सहयोग से मेले में आए परिवारों को बड़ी राहत मिली।

# मसवासी के युवाओं ने भी पंजाब के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में जाकर की आर्थिक सहायता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मसवासी से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता के रूप में नगद धनराशि भेजी गई है। यह धनराशि लुधियाना जमा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान के द्वारा बाड़ पीड़ित लोगों को सौंपी गई है। बीते शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नगर के तमाम युवाओं ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए धनराशि इकट्ठा की थी। इस धनराशि को लेकर नगर के सभासद सहित कई लोग जालंधर पहुंचे और उन्होंने वहां की जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान से भेंट की।

मौलाना ने मसवासी के वार्ड सभासद सहित कई लोगों को अटारी बॉर्डर के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में भेज कर नकद आर्थिक सहायता का वितरण कराया।

इस मौके पर शाहरूख अंसारी, शाहनवाज अंसारी, सभासद इरशाद अंसारी, मुसब्बर अली आदि शामिल रहे।

# शताब्दी संकल्प/ 2047 अभियान के अंतर्गत उद्यमियों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश-आत्म निर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प/ 2047 अभियान के अंतर्गत आज कलेक्ट्रेट सभागार में सेवा निवृत्त आई पी एस नन्द किशोर मिश्रा एवं नोडल अधिकारी सुभाष शर्मा से सानिध्य में आयोजित हुई मीटिंग में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं एस पी रामपुर एवं अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

सभा मुख्यमंत्री जी की पहल पर आम जनता, बुद्धिजीवी, किसान , उद्यमी , शिक्षक आदि की एक सभा प्रत्येक जिले में आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के एक एक परिवार से प्रदेश के विकास के लिए सुझाव लेना है और सबको जान भागेदारी से जोड़ना है। इस सभा मे आई आई ए रामपुर चौप्टर की ओर से चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने समृद्ध समर्थ, सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण हेतु प्रस्ताव दिए।

प्रस्तावों में रामपुर में एक एस इ जेड, भर्ष्टाचार मुक्त व्यवस्था हेतु सघन अभियान, जिले के प्रमुख अधिकारीगण के निर्देशों पर अधिकारी गण द्वारा समस्याओं के अति तीव्र निस्तारण , सरकारी नीतियों का शीघ्र कार्यान्वन, फूटकर व्यवसायियों को ऑन लाइन व्यापार से मिल रही चुनोती से राहत देने, विधुत व्यवस्था में सुधार आदि से संवंधित सुझाव रखे।

सभी सरकारी विभागों को कार्यो को गति देने का भी सुझाव दिया। प्राक्रतिक मेंथा एवं कृतिम मेंथा के इस्तेमाल किये जाने वाले उत्पादों पर अलग पहचान मार्क करने के सुझाव दिए।

मेंथोल निर्यातक अमृत कपूर ने विस्तार से मेंथा इंडस्ट्री के विकास हेतु प्रस्ताव दिए।

प्रदीप गुप्ता बे भत्ता उद्योग के विकास के सुझाव रखे, उद्यमी रामकुमार अग्रवाल ने उद्यमो हेतु एक बड़ा औद्योगिक छेत्र विकसित करने का विषय रखा। एवं हाईवे पर घूम रहे सांड गायों पर रेडियम का पट्टा डलवाने का सुझाव दिया जिससे की दुर्घटना से बचा जा सके।

मीटिंग में सेक्रेटरी मनोज गर्ग, विपिन कुमार, रमेश अग्रवाल,शैलेन्द्र शर्मा, अजय अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, वत्सल अग्रवाल, लक्ष्य गुप्ता ने भाग लिया।

# भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर चल रहे दंगल में लोगों का उमड़ा सैलाब

### मीना बाजार पड़ा खाली दुकानदार हुए मायूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर चल रहे मेले में गुरुवार पांचवा दिन राष्ट्रीय एकता विराट दंगल में काफी भारी संख्या में लोगों ने दंगल में हो रही एक से बढ़कर एक कुश्तियों का आनंद लिया। जिसमें पुष्पेंद्र पहलवान शहवाजपुर का मुक. ाबला भूरा पहलवान दौलतपुर से हुआ जिसमें पुष्पेंद्र पहलवान ने जीत हासिल की और बच्चा अली पहलवान ने हसीन बोना पहलवान को हराकर अपनी जीत हासिल की। वहीं चिमचिम पहलवान आदिवासी भूटान ने बिल्ला पहलवान को हराकर जीत हासिल की और वावर पठान टेंगी टेंगी दिल्ली ने देवा पहलवान बनारस को हराया। अदनान पहलवान सैफनी की कुश्ती शाहिद पहलवान सहारनपुर की बराबर रही और शास्त्री पहलवान हरिद्वार ने तूफान पहलवान झांसी को पटकनी देकर चित किया। इसके अलावा राजवीर पहलवान रो. हतक ने अकरम अंसारी पहलवान जम्मू को हराया वहीं मेले में लगी मीना बाजार में लगी। दुकानों पर कोई



भीड़ भाड़ देखने को नहीं मिली खरीददारी न होने से दुकानदार हुए मायूस।

दंगल में उपस्थित दंगल ठेकेदार आकाश सक्सेना संचालक दिवाकर शर्मा, गौरव भटनागर, टिंकू यादव, त्रिमल सैनी, संजीव सक्सेना, सुन्दर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# बंदर के बच्चे का शव अपने सुपुर्द करने के लिए बजरंग दल संयोजक ने ईओ को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** बंदर के बच्चे का विधि विधान से अंतिम संस्कार न करने पर बजरंग दल संयोजक ने ईओ के नाम एक ज्ञापन वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा को सौंपकर बन्दर का शव उनके सुपुर्द करने की मांग की। दो दिन पूर्व करंट लगने से बंदर के बच्चे की मौत हो गई थी जिसका का शव सफाई कर्मी ने कूड़े में दबा दिया था। उस कर्मी का ईओ ने 5 दिन का वेतन काटने की निर्देश दिए थे।

बंदर का अंतिम संस्कार न होने पर भड़के हिंदू संगठनों ने ईओ को एक ज्ञापन देकर बंदर के शव को उनके



सुपुर्द करने की मांग की है।

नगर पंचायत के सफाई कर्मी ने बंदर के शव को दो दिन पूर्व कूड़े के देर में दवा दिया जिससे हिंदू संगठनों में आक्रोश फैला हुआ है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने अधिशासी अधिकारी को दिये पत्र मे कहा है की नगर मे बिजली का करंट लगने से बंदर की मौत हो गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया सफाई कर्मी ने बंदर के शव को कूड़े के देर में दवा दिया था। शव का अंतिम संस्कार विधी विधान के अनुसार नही किया गया जिसकी वजह से हिन्दू संगठनो मे रोष है बन्दर का शव उनके सुपुर्द किया जाए। जिससे वह बंदर के शव का विधी विधान के साथ अंतिम संस्कार कर सके। ईओ के मौजूद न होने के कारण वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चन्द्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों मे बजरंग दल प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता, गौ रक्षा प्रमुख संजय पाल, कपिल कश्यप, सूरज दिवाकर, राजू वर्मा, आकाश मौर्य, अरुण कश्यप, श्याम वर्मा, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# भाकियू ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ सौंपा ज्ञापन, बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी और बिजली विभाग के एसडीओ को ज्ञापन सौंपकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। यूनियन ने बिजली व्यवस्था में सुधार और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले बुनियादी ढांचे को मजबूत करना जरूरी है। वर्तमान में जर्जर तार, कम वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। यूनियन ने बताया कि पहले से लगे मीटरों के बावजूद गलत बिलिंग और अधिक वसूली की शिकायतें आम हैं, जिनका समाधान नहीं हो रहा। स्मार्ट मीटरों से भी गलत रीडिंग की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं का विश्वास डगमगा रहा है।

यूनियन ने मांग की कि स्मार्ट मीटर



लगाने का कार्य स्थगित कर जर्जर तारों को बदलने, ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी कि इन समस्याओं का समाधान न होने पर उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण बढ़ेगा।

प्रशासन से अनुरोध किया गया कि उपभोक्ताओं के हित में स्मार्ट मीटर योजना को तब तक स्थगित किया जाए, जब तक बिजली व्यवस्था में सुधार न हो जाए।

इस अवसर पर जिला सचिव साबिर अली,टाण्डा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, मोहम्मद रफीक, पूरन सिंह, अब्दुल अलीम, निजामुद्दीन, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद साकिब,मौलवी सबूर, रामकुंवर, रियासत अली और हसीन खां आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की सफलता की बुनियाद हैं बूथ अध्यक्षः हरीश

- चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के मिलक खानम मंडल के बूथ अध्यक्षों से जिलाध्यक्ष ने किया सीधा संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने संगठनात्मक मजबूती को लेकर बूथ अध्यक्षों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बूथ अध्यक्षों की भूमिका को पार्टी की सफलता की बुनियाद बताते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं। किसी भी चुनाव को जीतने में उनकी अहम भूमिका होती है। ऐसे में बूथ अध्यक्षों को भी तकनीकी रूप से अपडेट रहने की आवश्यकता है। ताकि, सूचनाओं के आदान प्रदान में सुविधा बनी रहे।

चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के मिलक खानम मंडल के ग्राम भोट भक्काल में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए बूथ अध्यक्षों का मान-सम्मान सर्वोपरि है, क्योंकि वे न केवल पार्टी और जनता के बीच की पहली कड़ी होते हैं, बल्कि सरकार की योजनाओं और विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने



कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर बूथ को मजबूत बनाने का संकल्प लें और अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि आज भाजपा जिस ऊंचाई पर है, उसमें जमीनी कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के नेताओं का सबसे बड़ा योगदान है।

जिलाध्यक्ष ने अंत में कहा अगर हर बूथ जीतेगा, तो पार्टी अपने आप विजयी होगी। बूथ ही भाजपा की असली ताकत हैं। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी चुनावी रणनीति, लाभार्थी संपर्क अभियान और बूथ स्तर पर डेटा अपडेट जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष ने ग्राम खेड़ा टांडा, मुस्तफाबाद, हरद. ासपुर कोठरा, पैंगम्बरपुर, मीरापुर, मीरगंज, अब्बासनगर, महूनागर, माटखेड़ा शक्तिकेंद्रों का भी जायजा लिया और शक्तिकेंद्र संयोजकों से बात की। इस दौरान जिला महामंत्री मोहन कुमार लोधी, मंडल अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह, पंकज लोधी, तरसेम सिंह, पन्नू सिंह, विक्रम सिंह, अजय सैनी, करतार सिंह आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )

**पत्रांक- 364/न.प.म.रा.वि.आ./ बोर्ड फण्ड/2025-26** **दिनांक 11-09-2025**

**-:ई-निविदा सूचनाः-**

नगर पंचायत मसवासी जनपद रामपुर द्वारा अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर निधि/रा. वि. से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण / विकास कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 27.09 2025 को दोपहर 12:00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्त तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http//:etender.up.nic.in पर है। निविदा में कोई भी संशोधन / परिमार्जन / परिवर्तन मात्र http//:etender.up.nic.in की बेवसाईट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

**( सचिन कुमार )**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )**

**( दिनेश कुमार गोयल )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मसवासी ( रामपुर )**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम RAHIS AHMAD से बदलकर RAIS AHMAD S/O AMIR AHMAD निवासी ग्राम देवीपुरा पोस्ट खेमपुर जिला रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारें।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम HARPAL SINGH S/O WASSAN SINGH से बदलकर HARPAL SINGH MAND S/O WASSAN SINGH निवासी ग्राम शमशाबाद,तहसील बिलासपुर जिला रामपुर रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नए नाम से पुकारे।

### न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( व.ख ) महोदय, रामपुर

उत्तराधिकार वाद सं.-50 सन् 2022

सय्यद नूरूस्सलाम उम्र करीब 71 वर्ष पुत्र श्री अब्दुस्सलाम निवासी ऐवर यंग, लेडीज हेल्थ क्लब, विजय बैंक के पीछे, मौहम्मद अली जौहर रोड थाना सिविल लाइन्स तहसील सदर जिला रामपुर, उ.प्र.।

.......प्रार्थी/वादी

-बनाम-

1- श्रीमती सय्यदा आयशा उम्र करीब 78 वर्ष पत्नी श्री सय्यद मासूम अली निवासी 2836/11. रहमान बिल्डिंग बुलबुली खाना बाजार सीता राम, दिल्ली, जी.पी.ओ. दिल्ली।

2-श्रीमती खालिदा अन्जुम पत्नी श्री काजी फिरोज अहमद निवासी ऐवर यंग, लेडीज हेल्थ क्लब, विजय बैंक के पीछे, मौहम्मद अली जौहर रोड थाना सिविल लाइन्स तहसील सदर जिला रामपुर, उ.प्र.।

3- आम जनता।

......विपक्षीगण / प्रतिवादीगण

सूचना -बनाम- आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादिनी उपरोक्त अपने छोटे भाई स्व. सय्यद मौहम्मद असलम पुत्र स्व. श्री अब्दुस्सलाम निवासी सराय गेट तहसील सदर जिला रामपुर, (उ.प्र.) जिनकी मृत्यु दिनांक-10/05/2021 को उपरोक्त पते पर हुई है, के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया चांदनी चौक, दिल्ली की शाखा में खाता सं. -10820287123 में 6,97,257.51/- रूपये तथा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा नबाव गेट, रामपुर में खाता सं.-10986883228 में 16,22,678.71/- रूपये प्राप्ति हेतु एक्ट 39 सन् 1925 ई. की धारा-372 के अन्तर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक-18.09. 2025 नियत हुई है।

अतः यह इस्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को उपरोक्त प्रार्थना पत्र बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पर आपत्ति हो तो वह व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा 10 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (व.ख.) रामपुर, उ.प्र. में उपरोक्त दिनांक पर उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। उपरोक्त दिनांक के बाद किसी की कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और प्रार्थना पत्र पर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 11 माह 09 सन् 2025 ई. को मे हस्ताक्षर व मुद्रा सहित जारी किया गया।

**न्यायालय सिविल जज ( व.ख. ) रामपुर।**

# ट्रक और बाइक की टक्कर में युवक की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहबाद।** काम से घर लौटते समय एक भीषण हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मंगोली निवासी सुरजीत उर्फ हर्षवर्धन (45) पुत्र लाल बहादुर पुताई का काम करके मिल के निकट से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह चौधराना मंदिर के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुरजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और ट्रक को कब्जे में ले लिया।



# विवेकानन्द यूथ अवार्ड को इच्छुक युवा 15 सितम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो


**रामपुर।** प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी नन्दन सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विवेकानन्द यूथ अवार्ड व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत युवाओं (पुरुष/महिला) को विस्तृत गाइड लाइन्स के अनुसार राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में यथा खेलकूद, सामाजिक वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, अल्प बचत, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना एवं संचालन, जैविक खेती, सौर ऊर्जा संयत्र स्थापना स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय एकीकरण, साक्षरता, आपदा प्रबन्धन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृतिक और साहित्य, मानव अधिकारों को बढ़ावा देना, पर्यटन, पारम्पारिक चिकित्सा, साक्रिय नागरि. कता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग इत्यादि क्षेत्रों में सराहनीय योगदान किया हो, को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानन्द यूथ अवार्ड प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह विवेकानन्द यूथ अवार्ड (व्यक्तिगत श्रेणी में) 01अप्रैल, 2024 से 31मार्च,2025 तक किये गये कार्यों के आधार पर व्यक्तिगत श्रेणी में इच्छुक युवाओं (पुरुष/महिला) जिनकी उम्र 15 वर्ष से 35 वर्ष तक हो, उत्तर प्रदेश के नागरिक हों तथा जीवनकाल में पहले कभी यह पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ हो, वह अपने आवेदन पत्र जिला युवा कल्याण एवं प्रादे. शिक विकास दल अधिकारी, रामपुर के कार्यालय विकास भवन स्थित कक्ष-32-33 में 15 सितम्बर, 2025 तक उपलब्ध करा सकते हैं।

किसी सरकारी सेवा में अर्थात् केन्द्र / राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्व विद्यालयों, स्कूल/कॉलेज आदि में कार्यरत व्यक्ति पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

# कोसी नदी में डूबकर किसान की मौत, 24 घंटे बाद भी नहीं मिला शव, तलाश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पटवाई।** पटवाई थाना क्षेत्र के नानकार गांव निवासी पुरन सिंह (60) की कोसी नदी में बुधवार को समय करीब 11 बजे डूबकर मौत हो गई। बुधवार को सूचना मिलते ही पटवाई पुलिस और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच गई थी और तलाश जारी कर दी। गुरुवार तक 24 घंटे होने के बाद भी शब बरामद नहीं हुआ। बल्कि एसडीआरएफ की टीम लगातार खोजबीन कर रही है। उधर परि. जनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। बता दें कि पटवाई थाना क्षेत्र के सोमवार को सूरजपुर कनोवी गांव में घास काटने गई 14 वर्षीय छात्रा का पैर फिसलने से कोसी नदी में डूबकर मौत हो गई थी। जो प्रशासन ने कोशिश कर शाहबाद पुल से बरामद की थी। पटवाई थाना क्षेत्र में तीन दिन में कोसी नदी में दो एक छात्रा और एक किसान की मौत सुनकर हर कोई हैरान है।



# यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ज़िलें में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे संकल्प हब के तहत, एक 10-दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के नौवें दिन कवि नगर मोहल्ले में पोक्सो अधिनियम 2012 यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधि. नियम 2012 पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में चल रहा है। पोक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुए टीम ने छात्रों को विस्तार से समझाया कि पोक्सो अधिनियम क्या है और यह कैसे 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन शोषण, उत्पीड़न और बाल पोर्नोग्राफी से बचाता है। सजा का प्रावधान को लेकर बताया गया कि इस अपराध में दोषी पाए जाने पर कम से कम 3 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। इस दौरान महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, और निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 112, 181, 1076, 1090 जैसे महत्वपूर्ण टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी लोगों को बताया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की टीम से मना. सामाजिक परामर्शदाता रविता चौहान और पैरामेडिकल रिंकी मौजूद थीं। इस तरह के जागरूकता अभियान से समाज में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में नाले में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 स्थित सर्विस रोड पर एक नाले में 21 वर्षीय मजदूर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक युवक के परिजनों ने लूटपाट के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के गांव कोटी पोखर निवासी मोहित का शव नेशनल हाइवे-9 राष्ट्रीय के सर्विस रोड पर स्थित एक नाले में मिला। सूचना मिलते ही पिलखुवा सीओ अनीता चौहान और थाना अध्यक्ष पटनीश कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जाँच में जुट गए। मृतक मोहित के भाई रोहित सिंह ने बताया कि दो महीने पहले मृतक मोहित हापुड़ आया था और जिंदल पाइप्स लिमिटेड में काम कर रहा था। हाल ही में उसने यह नौकरी छोड़ दी थी और मंगलवार को उसे एक नई नौकरी मिली थी। आरोप है कि उसी दिन मोहित दोपहर से लापता था। मोहित का शव पिलखुवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर एक नाले में मिला। मोहित की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मोहित के भाई रोहित सिंह के अनुसार मोहित के गले पर चोट के निशान थे, जिससे उन्हें शक है कि यह लूटपाट के बाद की गई हत्या है। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि यह मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध है और मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# जेएमएस के खिलाड़ियों ने सहारनपुर में लहराया परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** 16 व 17 अगस्त 2025 को सहारनपुर स्थित डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सब-जूनियर स्टेट कुरास चैंपियनशिप में जेएमएस स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। 25 किग्रा बालक वर्ग में अभिषेक ने गोल्ड, 30 किग्रा बालक वर्ग में युग भट्टा ने गोल्ड, 35 किग्रा बालक वर्ग में यथार्थ ने ब्रॉन्ज, 40 किग्रा बालक वर्ग में मनु शर्मा ने सिल्वर, 45 किग्रा बालक वर्ग में विराट मावी ने गोल्ड, लकी शर्मा ने ब्रॉन्ज हासिल किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी अब 10 से 13 सितंबर तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में इंडियन कुरास एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंगल ने कहा कि स्कूल हापुड़ का एकमात्र ऐसा संस्थान है, जहाँ छात्रों को खेल की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रधानाचार्या डा. निधि मलिक ने खिलाड़ियों व जूडो कोच प्रिंस यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर दीपांशु गर्ग, खेल प्रशिक्षक अमित प्रताप, अंकुर पूनिया त्यागी सहित अन्य शिक्षक व खिलाड़ी मौजूद रहे।



# परिवहन विभाग ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ज़िलें में नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान को सख्ती से लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सितंबर महीने में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एआरटीओ रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने शहर के कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया।

निरिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बिना हेलमेट आए कई वाहन चालकों को न केवल समझाया, बल्कि उनका चालान भी किया। उन्हें चेतावनी दी गई कि नियम तोड़ने पर भारी जुर्माना भरना पड़ेगा। इस दौरान अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि उनकी अपनी सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि सड़क हादसों में सबसे ज़्यादा मौतें सिर की चोट से होती हैं। इस दौरान अधिकारियों द्वारा सभी पेट्रोल पंप कर्मचारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि बिना हेलमेट किसी को भी पेट्रोल न दें, वरना उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है।



## एक नजर

### ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत 3 वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात, थाना धौलाना और थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने 3 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा मारुफ पुत्र अख्तर निवासी ग्राम सलाई थाना हापुड़ व जावेद पुत्र नन्नू निवासी क़स्बा व थाना धौलाना जनपद हापुड़ और कलवा पुत्र अमीचंद निवासी सिकंदरपुर थाना बहादुरगढ़ को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए वारंटी न्यायालय से विभिन्न मामलों में गैरहाजिर चल रहे थे। जिनके खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर फरार वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन तलाश अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक के खिलाफ एक युवती द्वारा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था कि आरोपी युवक ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला और युवती पर जानलेवा हमला भी किया। संबंधित मामले में युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोप युवक के खिलाफ संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जानलेवा हमला करने के मामले में फरार आरोपी पवन पुत्र स्व. शीशपाल सिंह उर्फ शीशू निवासी ग्राम रजापुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड को गांव हसुपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### थाने के गेट पर रील बनाने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**हापुड़।** पिलखवा थाने के गेट पर रील बनाने वाले तीन युवकों को थाने के गेट पर रेल बनाना भारी पड़ गया। पुलिस ने थाने के गेट पर रेल बनाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार तीन युवकों द्वारा थाना पिलखुवा के गेट पर रील बनवाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो का थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए थाने के गेट पर रील बनवाने वाले तीन आरोपी विकास उर्फ विक्की पुत्र नरेन्द्र सिंह, अशरफ पुत्र रियाजुद्दीन और सोनू पुत्र महीपाल निवासी ग्राम गालन्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था बिगड़ने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

### पंचायत सहायकों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गुरूवार को कलेक्ट्रट पर पंचायत सहायक यूनियन के नेतृत्व में जिले के सभी पंचायत सहायकों ने मांगों को लेकर गुरूवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को बड़ी संख्या में पंचायत सहायक कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित क्रॉप सर्वे कार्य में पंचायत सहायकों की भागीदारियों पर पुनर्विचार किया जाए। कहा की फैमिली आईडी योजना में जिले को प्रदेश में पहला स्थान दिलाने, आयुष्मान कार्ड बनाने, जन सेवा केंद्र के माध्यम से आय, जाति, मूल निवास, पेंशन आवेदन, डिजिटल दस्तावेज का कार्य पंचायत सहायकों द्वारा निरंतर किये जा रहे हैं। इसके अलावा अवकाश के दिनों में भी निर्बाध काम किया जा रहा है। इसके बाद भी सरकार उन्हें क्रॉप सर्वे कार्य में सम्मिलित करना चाहती है। प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि क्रॉप सर्वे में पंचायत सहायकों की भागीदारी पर पुनर्विचार किया जाए, ताकि उन पर काम का बोझ न पड़े। इसके लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस मौके पर लगभग सभी ब्लॉकों के पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# महिलाओं व किशोरियों को स्वास्थ्य पोषण के प्रति किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** जिले में संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तहत एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस 10 दिवसीय कार्यक्रम का विषय महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता था, जो 2 सितंबर से 12 सितंबर, 2025 तक चला। जिसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना था। जिला प्रोब. शन अधिकारी स्मिता सिंह के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग ने अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना और वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा संचा. लित सभी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सुमन अग्रवाल, सोनिया सेंटर मैनेजर, सुरक्षा गार्ड पुष्पेंद्र और अन्य शिक्षिकाएं भी मौजूद रही।

# जीएस कॉलेज में 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पिलखुवा में 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह 2025 का आरंभ बड़े उत्साह के साथ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की निदेशक सोनाली शर्मा जी के करकमलों, एवं प्रधानाचार्या प्रो. भावना सिंह, उप-प्रधानाचार्या डा. जीना पटनायक एवं एमएस डा. प्रवीन गोयल के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर निदेशक ने आयुर्वेद के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद आज केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य और कल्याण का आधार बन चुका है। उद्घाटन के पश्चात जन-जागरूकता हेतु भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

रैली का उद्देश्य आम जनता तक आयुर्वेद के संदेश को पहुँचाना और आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम को साकार करना रहा। आगामी दिनों में भी विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा,

जिनमें वॉकाथॉन, पोस्टर प्रतियोगिता, वेलनेस प्रोग्राम, प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, पारंपरिक परिधान दिवस और 23 सितम्बर को समापन अवसर पर भगवान धन्वंतरि का हवन, रंगोली प्रतियोगिता एवं संस्कृत क्लब द्वारा स्किट का आयोजन प्रमुख हैं।

जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिवार ने सभी छात्रों एवं समुदाय से इन आयोजनों में सक्रिय भागीदारी करने का आहवान किया है।



# पंडित गोपाल शर्मा ने दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ जताई चिंता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने हाल ही में हापुड़ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक बैठक में दूरसंचार कंपनियों और गन्ना किसानों के मुद्दों को उठाया।

पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि दूरसंचार कंपनियां अपने ग्राहकों से साल में 13 महीने का रिचार्ज करवाती हैं, जबकि कर्मचारियों को केवल 12 महीने का वेतन देती हैं। उन्होंने इसे ग्राहकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया और भारत सरकार व दूरसंचार मंत्रालय से इस मामले पर ध्यान देने की अपील की। उनका मानना है कि यह कदम जनहित में होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों की खराब आर्थिक स्थिति पर भी बात की। उन्होंने बताया कि शुगर मिलों पर किसानों का करोड़ों रुपये बकाया है, लेकिन राजस्व कर्मचारी किसानों पर वसूली का दबाव बना रहे हैं। इस स्थिति के कारण किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं, जो कि एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल की बाढ़ के कारण किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। पंडित शर्मा ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी किसानों, मजदूरों, युवाओं और बढ़ती बेरोजगारी जैसी समस्याओं को लेकर गंभीर और चिंतित है। इस मौके पर हापुड़ के जिलाध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी हमेशा जनहित में काम करती रहेगी। बैठक में मेरठ मंडल अध्यक्ष निर्देश कुमार, पंडित हरिदत्त शर्मा, डा. सलीम, विशाल त्यागी, रिंकू त्यागी, और उज्जवल शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



# भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हापुड़ का गांव रतनगढ़

शाह टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में गंगा के किनारे बसे रतनगढ़ गाँव में पिछले तीस सालों से पुलिस थाने में एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई है और न ही किसी ग्रामीण पर कोई मुक़दमा चला है। इस गाँव में जब भी कोई छोटा-मोटा विवाद होता है, तो गाँव के बड़े-बुजुर्ग मिलकर उसे आपस में ही सुलझा लेते हैं। उनका फ़ैसला सभी ग्रामीणों के लिए सर्वमान्य होता है। शिक्षा और जागरूकता की बात करें तो गाँव के ज्यादातर लोग शिक्षित हैं और नौकरी भी करते हैं। शिक्षा के महत्व को समझते हुए उन्होंने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। रतनगढ़ को तो पूर्ण साक्षर गाँव भी घोषित किया जा चुका है। इस गाँव में कोई भी व्यक्ति नशा नहीं करता है। यह एक बड़ा कारण है कि यहाँ लड़ाई-झगड़े और विवाद नहीं होते। गांव रतनगढ़ के लोग मुख्य रूप से किसान हैं। वे जैविक खेती करते हैं, जिससे उन्हें अच्छी पैदावार और ज्यादा कमाई होती है। गाँव के 50 में से 30 परिवारों के पास अपनी कार और ट्रैक्टर जैसी सुविधाएँ हैं। इसके अलावा, करीब 20 किसान ऐसे हैं जिनके पास एक हज़ार बीघा से ज्यादा ज़मीन है। रतनगढ़ गाँव की यह अनोखी कहानी दिखाती है कि अगर लोग आपसी समझ, सम्मान और अनुशासन के साथ रहें, तो बिना पुलिस या कोर्ट-कचहरी के भी शांति और सद्भाव से जीवन बिताया जा सकता है। यह गाँव न सिर्फ़ अपनी साक्षरता के लिए, बल्कि अपनी एकता और शांति के लिए भी एक मिसाल पेश करता है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### गुरु समृद्धि ने टीपीएल में जीएस दिल्ली एसेस का अधिग्रहण किया, लिएंडर पेस एम्बेसडर बने

**दुबई, वार्ता।** सहकारी समितियों, बीमा, पर्यटन और रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्यरत एक विविध और दूरदर्शी उद्यम गुरु समृद्धि हाउस ऑफ इन्वेस्टमेंट्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें संस्करण से पहले जीएस दिल्ली एसेस फैंचाइजी का अधिग्रहण कर लिया है। जीएस दिल्ली एसेस की यह नई शुरुआत बुधवार को दुबई में आयोजित समारोह में हुई। फैंचाइजी ने भारतीय टेनिस के दिग्गज 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस ब्रांड एम्बेसडर बनाया हैं।

### सारांश और कुमार कार्तिकेय ने साउथ जोन को सस्ते में समेटा, सेंट्रल जोन के 50 रन

**बेंगलुरु, वार्ता।** सारांश जैन पांच और कुमार कार्तिकेय चार विकेट की शानदार बॉलिंग के दम पर सेंट्रल जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को साउथ जोन की पूरी टीम को पहली पारी में 149 के स्कोर पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट खोए 50 रन बना लिए है। हालांकि वह अभी भी साउथ जोन के पहली पारी में बनाये गए स्कोर से 99 रन पीछे है। साउथ जोन को 149 के स्कोर पर रोकने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने दानिश व अक्षय वड़कर की सलामी जोड़ी ने की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत स्टंप के समय 19 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 50रन बना लिए है।

# रिकॉर्ड: भारत ने 27 गेंद में जीता मैच




- **कुलदीप ने एक ओवर में तीन विकेट लिए, भारत ने सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की। टीम ने अपने पहले मैच में यूएई को सिर्फ 57 रन पर आलआउट कर दिया। जवाब में 4.3 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। इस तरह भारत ने किसी टी-20 मैच में गेंदें बाकी रहने के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा यूएई का 57 रन का स्कोर भारत के खिलाफ इस फार्मेट में किसी भी टीम का सबसे छोटा टोटल है। इतना ही नहीं यह यूएई का अब तक का लोएस्ट स्कोर भी साबित हुआ। भारत की बाल बाकी रहते हुए सबसे बड़ी टी-20 जीत भारत ने 93 बाल रहते यूएई को हराया, यह टी-20 में भारत की गेंदें बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत रही। भारत का पिछला रिकॉर्ड मैच में 81 बाल बाकी रहते जीत हासिल करने का था। टीम ने 2021 में स्काटलैंड के खिलाफ दुबई में ही यह कारनामा किया था। टेस्ट खेलने वाले देशों की टी-20 में यह गेंदें बाकी रहते हुए दूसरी सबसे बड़ी जीत है। 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में एंटीगा के मैदान पर इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंद में ही हरा दिया था। तब मैच में 101 गेंदें बाकी रह गई थीं। इस रिकॉर्ड में तीसरे नंबर पर श्रीलंका है, जिसने 2014 के वर्ल्ड कप में चट्टोग्राम के मैदान पर नीदरलैंड को 90 गेंदें बाकी रहते हरा दिया था। यूएई ने भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बनाया यूएई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 57 रन पर ही सिमट गई। यह किसी भी टीम का भारत के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम 2023 अहमदाबाद में 66 रन पर ही सिमट गई थी। यूएई ने टी-20 में अपना लोएस्ट स्कोर बनाया यूएई ने टी-20 में अपना सबसे कम स्कोर बनाया। टीम सिर्फ 57 रन पर आलआउट हो गई। इससे पहले 14 मार्च 2024 को दुबई में ही स्काटलैंड के खिलाफ टीम 62 रन पर सिमट गई थी। लगातार 15 टॉस हारने के बाद सिक्का भारत के फेवर में गिरा भारतीय टीम ने लगातार 15 इंटरनेशनल मैच के बाद टास जीता है। टीम ने पिछली बार जनवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 मैच में टास जीता था। तब से टीम ने वनडे, टी-20 और टेस्ट मिलाकर 15 मैच में टास गंवाए थे।

# पूजा रानी, जैस्मीन लाम्बोरिया सेमीफाइनल में

- **दोनों ने भारत के लिए दो पदक पक्के किए**

**लिवरपूल, वार्ता।** दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी और जैस्मीन लाम्बोरिया ने विप. रीत जीत दर्ज करते हुए विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसी के साथ इन दोनों मुक्केबाजों ने भारत के लिए दो और पदक पक्के कर दिये है। पूजा रानी ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3-2 से हराया, जबकि विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन ने अंडर-22 एशियाई चैंपियन उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोरबोनू को 5:0 से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता नूपुर बुधवार को महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय बन गईं। दो और भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी (महिला 48 किलोग्राम भारवर्ग) और जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (पुरुष 50 किलोग्राम भारवर्ग) में पदक पक्का करने से बस एक जीत दूर हैं। ये दोनों शुक्रवार को अपने क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 80 किलोग्राम भार वर्ग के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में, पूजा रानी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए अपनी उम्र से छोटी प्रतिद्वंद्वी की गति और ऊर्जा का डटकर सामना किया। पोलिश मुक्केबाज पहले राउंड के बाद मुकाबले में थोड़ी आगे थीं, लेकिन पूजा रानी ने दूसरे राउंड में दबदबा बनाते हुए नियंत्रण हासिल कर लिया।

- **भारत-पाकिस्तान एशिया कप मैच की टिकट बिक्री कम**

# महामुकाबला 14 सितम्बर को

**सिंगल टिकट फॉर्मेट शुरु करने पर भी नहीं बिक रहे, रोहित-विराट की गैरमौजूदगी बन रही वजह**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फार्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितम्बर को खेला जाना है।

मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं। इससे पहले आयोजक भारत-पाकिस्तान मैच की टिकटें पैकेज के रूप में बेच रहे थे। यानी, इस मैच को देखने के लिए प्रशंसकों को कुल सात मुकाबलों की टिकटें एक साथ खरीदनी पड़ती थीं। हालांकि, टिकटों की कम बिक्री को देखते हुए आयोजकों ने इसमें बदलाव कर सिंगल टिकट फार्मेट शुरू किया ताकि प्रशंसकों को सुविधा हो। लेकिन इसके बावजूद टिकटों की बिक्री में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। एमिरेट्स क्रिकेट के एक अधिकारी ने एएनआई को बताया कि,*हम खुद हैरान हैं कि भारत-पाकिस्तान मैच के लिए टिकट बिक्री इतनी धीमी क्यों है। अभी तक निचले स्टैंड्स की सीटें ही बिकी हैं, जबकि ऊपरी और टॉप टियर स्टैंड्स पर टिकट उपलब्ध हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इसी मैच के लिए टिकटों की बिक्री इतनी तेज थी कि हमने दो बार (दोपहर 2 बजे और शाम 4 बजे) टिकट खिड़की खोली और 4 मिनट से भी कम समय में सारे टिकट बिक गए थे। लेकिन इस बार जोश काफी फीका है। शायद इसकी वजह रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी है। स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के नहीं होने से मैच का रोमांच कम हो गया है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान की ओर से भी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे बड़े खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं, जिससे दोनों ओर से स्टार आकर्षण घट गया है।

# हमेशा गेंदबाजी को तैयार रहता हूं: शिवम



- **कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं एशिया कप में गेंदबाजी करुंगा**

**दुबई, वार्ता।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेने वाले भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा है कि ऑलराउंडर के तौर पर मैच हमेशा गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। दुबे ने यूएई के खिलाफ मिली जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज एक अच्छी शुरुआत मिला और यह काफी अहम था। एक ऑलराउंडर के तौर पर मैं हमेशा चार ओवर गेंदबाजी के लिए तैयार रहता हूं। जब भी तीन-चार ओवर डालने का मौका मिलेगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं वही करूंगा जिसकी टीम को जरूरत होगी। कप्तान और कोच ने पहले ही कह दिया था कि मैं (एशिया कप में) गेंदबाजी करूंगा। मेरे गेंदबाजी कोच मॉर्ने मॉर्कल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैं लंबे समय से तैयारी कर रहा था कि जब भी मौका मिलेगा, मैं तैयार रहूंगा। आज का नतीजा उसी तैयारी का परिणाम है। दुबे ने माना कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में आईपीएल के दौरान उनकी भूमिका ज्यादातर पावर-हिटर की रही है, लेकिन उन्होंने गेंदबाजी पर भी लगातार काम किया है। दुबे ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर कहा कि सवाल में ही जवाब है। ऑलराउंडर की भूमिका कम हो गई है। इसलिए आईपीएल में मेरे लिए गेंदबाजी करना ज़रूरी नहीं रहा। लेकिन मेरी ओर से मैं हमेशा तैयार था। हर मैच में मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहता था। आईपीएल से पहले भी मैंने दो महीने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर मेहनत की है। दुबे ने अपने एक्शन और एप्रोच को निखारने का श्रेय मॉर्कल को दिया। अभ्यास सत्र में दोनों लगातार बातचीत करते रहे हैं। मॉर्कल ने हाल ही में कहा था कि दुबे जैसे खिलाड़ी को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी का आत्मविश्वास दिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड सीरीज (जनवरी-फरवरी) में उन्होंने मुझे कुछ बातें बताई थीं। उन्होंने कहा था कि वाइड लाइन से गेंद डालो। कुछ गेंदों को एंगल का प्रयोग करते हुए धीमी गति से डालो। उन्होंने रन-अप पर भी काम करने की सलाह दी थी। इन्हीं 2-3 चीजो से मेरी गेंदबाजी बेहतर हो रही है। मैंने अपनी रफ्तार भी बढ़ाई है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर भी उतना ही ध्यान दिया और मेहनत की। आईपीएल 2025 और अब के बीच उन्होंने मुंबई में बहुत अभ्यास किया। उन्होंने तेज बाउंसर और शरीर पर आती गेंदों से निपटने पर काम किया। एशिया कप का पहला मैच आईपीएल के बाद उनका पहला बड़ा मुकाबला था।

# लक्ष्य, सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

**हांगकांग ओपन**

- **लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज प्रणय को 1 घंटे 8 मिनट में हराया**



**हांगकांग, वार्ता।** लक्ष्य सेन ने गुरुवार को पुरुष एकल वर्ग में हमवतन एचएस प्रणय को तथा पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए कोलिजीयम में प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत के शीर्ष और दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज एचएस प्रणय को एक घंटे आठ मिनट में 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत रही और एचएस प्रणय ने इसका फायदा उठाते हुए पहला गेम अपने नाम कर लिया। पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य ने दूसरे गेम की शुरुआत भी धीमी रहीं ब्रेक तक वह 11-9 से पिछड़ रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए स्कोर 13-13 कर दिया। हालांकि प्रणय ने फिर से 18-17 से बढ़त बना ली, लेकिन लक्ष्य ने लगातार चार अंक अर्जित कर गेम छीन लिया और निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। निर्णायक गेम में भी लक्ष्य सेन ने सतर्कता से शुरुआत की और फिर लय हासिल करते हुए मध्यांतर तक 11-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने केवल दो अंक गंवाए और आसानी से मैच जीत लिया। यह प्रणय के खिलाफ नौ मुकाबलों में उनकी छठी जीत है। पुरुष युगल प्री-क्वार्टर फाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी ने भी एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया। अंतराल पर 11-7 से पिछड़ने और बाद में 16-10 पर खिसकने के बावजूद, सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर लिया, लेकिन थाई जोड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में, सात्विक और चिराग ने थाई जोड़ी पर लगाम कसी रखी और उन्हें एक अंक से अधिक की बढ़त नहीं लेने दी, लेकिन अंतराल पर 11-10 से आगे हो गए। इसके बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी तीव्रता बढ़ा दी और सात गेम पॉइंट हासिल कर निर्णायक गेम तक पहुंच गए। निर्णायक मैच में भारतीय जोड़ी ने बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम किया और फिर जीत हासिल कर बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

### पेरू ने क्वालीफाइंग में नाकामी के बाद प्रबंधक इबानेज को किया बर्खास्त

**लीमा, वार्ता।** पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने विश्व कप क्वालीफाइंग में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पेरू ने प्रबंधक ऑस्कर इबानेज को बर्खास्त कर दिया है। एफपीएफ ने जारी एक बयान में कहा कि हमारा संस्थान सीनियर राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करने में दिखाई गई जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता के लिए इबानेज और उनके कोचिंग स्टाफ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। एफपीएफ ने अर्जेंटीना में जन्मे पूर्व गोलकीपर इबानेज के प्रतिस्थापन के लिए तुरंत किसी की घोषणा नहीं की। उन्होंने पेरू के लिए 50 मैच जीते। स्थानीय मीडिया के अनुसार, कार्लोस सिल्वेस्ट्री और मैनुअल बैरेटो इस पद के लिए शुरुआती दावेदारों में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि एफपीएफ ने यह फैसला पेरू के अपने अंतिम क्वालीफायर में पैराग्वे से घरेलू मैदान पर 1-0 से हारने के एक दिन से भी कम समय बाद लिया है। लीमा के एस्टाडियो नैशनल में मंगलवार को मिली हार के बाद ब्लैंकिरोजा 18 मैचों में 12 अंकों के साथ 10 टीमों की दक्षिण अमेरिकी तालिका में नौवें स्थान पर आ गया। जो कि 1998 के विश्वकप के लिए क्वालीफायर द्वारा होम-एंड-अवे राउंड रॉबिन प्रारूप अपनाने के बाद से टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है।

# दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित

- **इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड भारत-नेपाल, पाकिस्तान-श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत ने 11से 25 नवंबर तक चलने वाले दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत पहली बार दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी करेगा। इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

काठमांडू को मूल रूप से तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, जहां पाकिस्तान के साथ मैच होने थे। नेपाल के वर्तमान हालात को देखते हुए एक वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है। विश्व कप में 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल होगा। राष्ट्रव्यापी प्रतिभा खोज के 56 खिलाड़ियों के कठोर प्रशिक्षण और शिविर के बाद 16 सदस्यीय भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय टीम है:- सिमू दास (दिल्ली), पी-करुणा (आंध्र प्रदेश), अनुकुमारी (बिहार), जमुना रानी टुडू (ओडिशा), काव्या वी (कर्नाटक), अनेखा देवी (दिल्ली), बसंती हंसदाह (ओडिशा), सिमरनजीत कौर (राजस्थान), सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश), पारबती मांडी (ओडिशा), दीपिका टीसी (कर्नाटक - कप्तान), फूला सोरेन (ओडिशा), गंगा एस कदम (महाराष्ट्र - उप कप्तान), काव्या एनआर (कर्नाटक), सुषमा पटेल (मध्य प्रदेश) और दुर्गायेवले (मध्य प्रदेश)। समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष डॉ. महांतेश जी-किवादासन्नावर ने कहा कि यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है—यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है।

भारत में इसका आयोजन गर्व की बात है, और मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियाँ इस अवसर पर खरा उतरेंगी, लाखों लोगों को प्रेरित करेंगी और देश को गौरवान्वित करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला दृष्टिबाधित टीम ने 2023 ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईबीएसए विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था।

# ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करना चाहेगा पाक



- **सलमान आगा की अगुवाई टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसमे बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है**

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले टूर्नामेंट के चौथे मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करने उतरेगा। संयुक्त अरब अमीरात टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान शुक्रवार को टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतर रहा है।सलमान आगा की अगुवाई में टीम पिछले छह टी-20 मैचों में केवल एक बार हारी है और उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन किया है। ओमान के साथ मुकाबला पाकिस्तानियों के लिए भारत के साथ होने वाले अहम मुकाबले से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने और लय बनाए रखने का एक अच्छा अवसर है। टीम की बल्लेबाजी लाइनअप में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब और साहिबजादा फरहान से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद है, जबकि मध्यक्रम के दिग्गज फखर जमान और सलमान आगा पारी को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वहीं निचले क्रम की बात की जाये तो हसन नवाज, मोहम्मद हैरिस, मोहम्मद नवाज और फहीम अशरफ का कौशल टीम को अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की सुविधा देता है। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई शाहीन अफरीदी करेंगे। अफरीदी की तेज गति, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, मोहम्मद नवाज और सूफियान मुकीम के सहयोग के साथ पाकिस्तान दुबई की परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगा। पिच की अगर बात की जाये तो पारंपरिक रूप से सपाट और तेज आउटफील्ड वाली यह पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार है, हालाकि स्पिनर बीच के ओवरों में अहम भूमिका निभाने सकते है। इस पिच को लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए मददगार माना जाता है। पिछले दस टी-20 मैचों में से आठ में दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है। पहली पारी का स्कोर आमतौर पर लगभग 170 होता है। वहीं अगर ओमान की बात की जाये तो पाकिस्तान उसके सामने कड़ी चुनौती है। कप्तान जतिंदर सिंह अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों, आमिर कलीम और हम्माद मिर्जा से स्थिरता की उम्मीद करेंगे, जबकि आशीष ओडेदरा, विनायक शुक्ला और हसनैन शाह सहित मध्य और निचले क्रम को टीम का समर्थन करने के लिए आगे आना होगा। शकील और इमरान की अगुवाई में ओमान की गेंदबाजी इकाई की कड़ी परीक्षा पाकिस्तान की मजबूत और आत्मविश्वास से भरी लाइनअप के सामने होगी। विश्लेषकों को उम्मीद है कि पाक प्रतियोगिता में अपना दबदबा कायम करेगा और भारत के खिलाफ अपने हाई-प्रोफाइल मैच में महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करेगा।

पाक संभावित टी: सलमान आगा (कप्तान), साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम और अबरार अहमद

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रनों से हराया



- **मार्को यानसन ने दो और बॉस ने दो विकेट लिए, इस जीत के साथ द. अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है**

**कार्डिफ, वार्ता।** एडन मारक्रम (28), डॉनोवन फरेरा (नाबाद 26) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) के शानदार प्रदर्शन के बाद मार्को यानसन (दो विकेट) और कॉर्बिन बॉश (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 14 रनों से हरा दिया।

इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। डॉनोवन फरेरा को नाबाद 25 रनों की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। सोफिया गार्डंस में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मुकाबले में दक्षिण अफीका ने एडन मारक्रम ने 14 गेंदों में (28), डॉनोवन फरेरा ने 11 गेंदों में (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस 10 गेंदों में (23) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर 7-5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिए। जेमी ओवर्टन, आदिल रशीद और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण इंग्लैंड को डीएलएस के जरिए से पांच ओवर में 69 रन का लक्ष्य मिला। 69 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (शून्य) का विकेट गंवा दिया। उन्होंने कगिसो रबाडा ने आउट किया। दूसरे ओवर में जेकब बेथेल (सात) को मार्को यानसन ने आउट किया। कप्तान हैरी ब्रूक (शून्य) और टॉम बैंटन (पांच) को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। चौथे ओवर में मार्को यानसन ने जॉस बटलर को आउटकर इंग्लैंड के मैच जीतने की उम्मीद को बड़ा झटका दिया। बटलर ने 11 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 25 रन बनाये। इंग्लैंड की टीम निर्धारित पांच ओवरों में पांच विकेट पर 54 रन ही बना सकी और मुकाबला 14 रनों से हार गई।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025

# विस्तार लेता टकराव

यह देखना बेहद डराने वाला है कि साढ़े तीन साल से भी अधिक समय से चल रहा रूस-यूक्रेन युद्ध शांत होने के बजाए और विस्तार लेता दिखाई दे रहा है। ताजा मामले में पोलेंड ने अपने हवाई क्षेत्र में बड़ी संख्या में रूसी ड्रोन घुसने का आरोप लगाया है और साथ ही कहा कि पोलेंड व नाटो सहयोगियों के लड़ाकू जहाजों ने सभी को मार गिराया। पोलेंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने 48 घंटों के भीतर सुरक्षा परिषद की बैठक भी बुलाई है। पोलेंड 19 ड्रोन अपने क्षेत्र में घुसने की बात कर रहा है। जबकि रूस का कहना है कि उसका इरादा पोलेंड को भी किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि यह एक चूक का मामला है और इसको पोलेंड व नाटो देश बिना वजह तूल दे रहे हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि रूस का पड़ोसी देश पोलेंड नाटो का सदस्य है और ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन की नाटो देश रूस के साथ युद्ध में खुलकर मदद कर रहे हैं। नाटो का एक नियम है कि यदि किसी सदस्य देश पर हमला होता है, तो सब मिलकर उसका साथ देंगे।

बात यहीं खत्म नहीं होती मध्य-पूर्व भी इस समय सुलगता दिखाई दे रहा है। बुधवार को जिस तरह इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के एक ठिकाने पर हमला किया, उसने स्थिति को बेहद पैचीदा बना दिया है। उस हमले में हमास के नेता तो नहीं मारे गए, लेकिन कई अन्य लोग अपनी जान गवा बैठे। कतर ने जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी है। वहीं इजरायल के पीएम नेतन्याहू कह रहे हैं कि जहां भी इजरायल के दुश्मन नंबर 1 हमास के लोग होंगे, वहीं पर इजरायल उनका पीछा करेगा। फ्रांस, नेपाल में हिंसा भड़की हुई है। वहां भी लोग सड़कों पर हैं। नेपाल में तो तख्ता पलट भी हो गया है। अब सवाल यह है कि सिलसिला कहां जाकर रुकेगा, क्योंकि विश्व स्तर पर अभी तक पुरजोर तरीके से ऐसी कोई आवाज उठती दिखाई नहीं दे रही, जो यह संकेत दे कि लोगों को सकून के साथ जीने की आवश्यकता है और युद्ध से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। युद्ध केवल विनाश लाता है। जिसमें लोगों की जानों के साथ-साथ मौजूदा जो जीवित लोग होते हैं, उनके जीवन को भी मुश्किल बना देता है। यह देखना बेहद दुखद है कि विश्व के तमाम जिम्मेदार मुल्क जिन पर इस पूरी स्थिति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है, वह उसमें अपनी सकारात्मक भूमि निभाने के बजाए नकारात्मक भूमिका निभाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जब सत्ता में आए थे तो उन्होंने दुनिया में शांति लाने की बात कही थी, वह तो यहां तक दावा करते थे जैसे ही वह राष्ट्रपति बनेंगे कुछ ही दिनों में रूस-यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे, लेकिन देखने में आ रहा है कि रूस-यूक्रेन का युद्ध अब और भड़क रहा है। पिछले दिनों ट्रम्प व रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच युद्ध रोकने को लेकर जो अलासका में बात हुई थी, उसका कोई नतीजा निकलने की बात तो छोड़िए, उसके बाद और हालात बिगड़ रहे हैं। जाहिर है जब कहीं से शांति की आवाज उठेगी नहीं तो कोई भी समझ सकता है कि आपसी टकराव कैसे रुकेंगे। उन्हें तो और बढ़ावा ही मिलेगा और यह मिलता भी दिखाई दे रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति पूरी मानव जाति के बेहद भयावह है।

## वोट चोरी करके सरकारें बन रहीं



हम गारंटी करके वोट चोरी के सबूत देने वाले हैं, इतना ही नहीं हम और डायनामिक एक्सप्लोसिव (विस्फोटक) सबूत देंगे, भाजपा के लोग इरिटेट हो रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इरिटेट मत होइए, क्योंकि, हाइड्रोजन बम आएगा, तो सब साफ हो जाएगा, पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है, यह देशभर में आग जैसा फैल रहा है, ये वास्तव में सच्चाई है, वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है, हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया।

-राहुल गांधी
नेता विपक्ष, लोकसभा

# चुनौतियों से संघर्ष कर निखरती हिन्दी






डा. चंद्रप्रकाश शर्मा

दुर्गम पथ मैंने है पाया। हार नहीं मानी है मैंने, चरैवेति को है अपनाया। भारत माथे की बिन्दी हूं, बिन्दी का महत्व समझाया। विश्व पटल पर मैं छाई हूं, भारत मां का मान बढ़ाया। दुनिया है दीवानी मेरी, विजई पताका को लहराया। भारत मां के दिव्यभाल की मुकुटमणि हूं, मैं हिन्दी हूं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां हिन्दी के संघर्ष, वैशिष्ट्य और विजय गाथा को रेखांकित करती हैं। हिंदी ने अपने विकास, स्वीकार्यता और प्रसार के लिए लगातार अनेक चुनौतियों का सामना किया है। ये चुनौतियां हिंदी की उत्पत्ति से लेकर आधुनिक काल तक सतत् जारी हैं। हिंदी का उद्भव संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश जैसी प्राचीन भाषाओं से हुआ है। इसका विकास मध्यकालीन भारत में खड़ी बोली के रूप में हुआ। विकास की प्रारम्भिक अवस्था में ही हिंदी को संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि मध्यकाल में भारत में कई भाषाएं और बोलियां जैसे अवधी, ब्रज और मैथिली प्रचलित थीं। इनके बीच हिंदी को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा। साथ ही उस समय की प्रभावशाली भाषाआ. ें- संस्कृत और फारसी ने हिंदी के विकास को और जटिल बना दिया। लेकिन भक्ति आंदोलन और लोक साहित्य ने हिंदी को आम जनता की भाषा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में हिंदी को सबसे अधिक संघर्ष का सामना करना पड़ा क्योंकि 19 वीं सदी में अंग्रेजी को प्रशासनिक और शैक्षिक भाषा के रूप में प्राथमिकता दी गई, जिससे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं हाशिए पर धकेल दी गईं। ब्रिटिश शासन में उर्दू को अधिक महत्व दिया गया, यद्यपि उर्दू खड़ी बोली का ही एक रूप थी। इस प्रकार हिंदी को अंग्रेजी और उर्दू से प्रतिस्पर्धा के कारण दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ा किंतु हिंदी अपनी सरलता, सहजता और मधुरता के कारण जन सम्पर्क की भाषा बनी रही। इस समय हिंदी को साहित्यिक और राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित कराने में अनेक विद्वानों और साहित्यकारों के साथ आधुनिक हिंदी साहित्य के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र का विशेष योगदान रहा जिनकी प्रसिद्ध उक्ति थी निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल-यह उक्ति उनके हिंदी के प्रति प्रेम और समर्पण को प्रदर्शित करती है। हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार कराने के लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। 19वीं सदी के अंत में नागरी लिपि को बढ़ावा देने के लिए नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना हुई जिसने हिंदी के मानकीकरण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसने हिंदी को एक आधुनिक भाषा की रूप में स्थापित करने में सहायता की। हिंदी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया क्योंकि यह केवल एक भाषा नहीं थी बल्कि राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक बन गई थी। महात्मा गांधी ने हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रचारित किया क्योंकि यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने में सक्षम थी। गांधी जी का मानना था कि हिंदी अपनी सरलता और व्यापकता के कारण भारत की विविधता को एक सूत्र में पिरोने की सामर्थ्य रखती है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी साहित्य ने जनता को जागरूक करने और स्वतंत्रता की भावना को प्रज्ज्वलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई। सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त और जयशंकर प्रसाद जैसी कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को उभारा। खड़ी बोली हिंदी जो पहले मुख्य रूप से गद्य में प्रयोग होती थी, इस काल में काव्य की प्रमुख भाषा बन गई। इन रचनाओं ने जनता में स्वतंत्रता के लिए उत्साह और बलिदान की भावना को प्रेरित किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी कविताएं, नारे और गीत स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने। भारत छोड़ो, वंदे मातरम जैसे नारे हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में गूंजे जिसने जनता में उत्साह का संचार किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत मित्र, हिंदुस्तान और आज जैसे समाचार-पत्रों ने जनता को ब्रिटिश शासन के खिलाफ संगठित करने में मदद की। इन समाच. ारपत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम की खबरें फैलाने के साथ हिंदी को एक शक्तिशाली संचार माध्यम के रूप में स्थापित किया। फिर भी हिंदी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अंग्रेजी और उर्दू के प्रभुत्व के कारण हिंदी को प्रशासन शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त नहीं हुआ। इसके अलावा भारत के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र में जहां की क्षेत्रीय भाषाएं- तमिल, तेलुगू और बंगाली पहले से मजबूत थी और उनकी हिंदी को अपनाने की भी कोई इच्छा नहीं थी।इसके बाद भी हिंदी ने अपने संघर्ष के बल पर राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी को भारत के संविधान में विशेष स्थान दिया गया और 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया और 26 जनवरी 1950 को लागू हुई संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया। यह हिंदी की विजय का एक महत्वपूर्ण पड़ाव था लेकिन दक्षिणी भारत ,विशेष रूप से तमिलनाडु में हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में लागू करने के खिलाफ तीव्र विरोध हुआ क्योंकि उनको लगता था कि हिंदी का प्रभुत्व उनकी क्षेत्रीय भाषाओं और संस्कृतियों को दबा सकता है। इस विरोध के कारण भारत सरकार ने राजभाषा अधिनियम 1963 लाकर अंग्रेजी को सहायक राजभाषा के रूप में मान्यता दी जिससे हिंदी को एक बड़ा झटका लगाक्योंकि हिंदी को राजभाषा बनाने का उद्देश्य देश की एकता को बढ़ावा देना और प्रशासनिक कार्यों में एक सामान्य भाषा का उपयोग करना था। इसके लिए राजभाषा विभाग की स्थापना की गई जो हिंदी के प्रचार प्रसार और इसके आधिकारिक उपयोग को बढ़ावा देता है। वर्तमान काल में हिंदी ने,न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विश्व में लगभग 60 करोड लोग हिंदी बोलते हैं जिससे यह विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। हिंदी सिनेमा ने हिंदी को वैश्विक मंच पर पहुंचाया है। हिंदी फिल्मी गीत और संवाद न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा हिंदी साहित्य का अनुवाद विश्व की कई भाषाओं में हो रहा है जिससे हिंदी की सांस्कृतिक और साहित्यिक समृद्धि विश्व स्तर पर पहुंच रही है डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी हिंदी ने वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है। इसके बावजूद भी हिंदी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। वैश्वीकरण के इस युग में अंग्रेजी को वैश्विक अवसरों और शिक्षा की भाषा के रूप में देखा जाता है और हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा माना जाता है। इसके साथ ही भारत में 22 अनुसूचित भाषाएं हैं और कई क्षेत्रों में लोग अपनी मातृभाषा को प्राथमिकता देते हैं जो हिंदी के विकास में अवरोध हैं। वर्तमान डिजिटल युग में हिंदी का उपयोग अभी भी सीमित है, यद्यपि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियों हिंदी में सामग्री और उपकरण उपलब्ध करा रही है लेकिन हिंदी में तकनीकी शब्दावली और सॉफ्टवेयर की कमी एक चुनौती है। हिंदी ने विकास के प्रत्येक चरण में संघर्ष का सामना किया है। संघर्ष ही इसकी ताकत है और आगे भी यह संघर्ष के बल पर शक्तिशाली बनकर उभरेगी क्योंकि इसका लचीलापन, वैज्ञानिकता, समृद्ध साहित्य और जनता से जुड़ाव इसको विजयपथ पर ले जाने में समर्थ है। इसलिए हम गर्व से कह सकते हैं कि हिंदी वास्तव में संघर्ष और विजय की भाषा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों का अनोखा भोजन संतुलन

**कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखा वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी।**



जंगली मधुमक्खियां यूं ही किसी भी फूल पर नहीं जातीं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि ये नन्हें परागणकर्ता अलग-अलग फूल चुनकर अपने भोजन में प्रोटीन, वसा और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन बनाए रखते हैं। ठीक वैसे ही जैसे इंसान कभी भरपेट खाना पसंद करते हैं तो कभी हल्का-फुल्काय जैसे सलाद।

यह शोध आठ साल तक अमेरिका के कोलोराडो रॉकीज पहाड़ों में किया गया, जहां वैज्ञानिकों ने आठ तरह की मधुमक्खियों पर अध्ययन किया। इन मधुमक्खियों द्वारा इकठा किए गए पराग का विश्लेषण कर उन्होंने एक 'पोषण मानचित्र' बनाया, जिससे पता चला कि मधुमक्खियां कैसे और क्यों अलग-अलग फूल चुनती हैं।

कुछ फूलों के पराग में सिर्फ 17 प्रतिशत प्रोटीन था, जबकि कुछ में 86 प्रतिशत तक प्रोटीन पाया गया। मौसम का असर भी साफ दिखारू वसंत के फूलों में प्रोटीन ज्यादा था, जबकि गर्मी के अंत में मिलने वाले फूलों में वसा और कार्बोहाइड्रेट अधिक थे। यही मौसमी बदलाव तय करता है कि मधुमक्खियां किस समय कौन-सा भोजन चुनेंगी। इस अध्ययन से यह भी पता चला कि मधुमक्खियों की अलग-अलग प्रजातियां अपने शरीर के आकार और जीभ की लंबाई के आधार पर अलग-अलग भोजन रणनीति अपनाती हैं। बड़ी और लंबी जीभ वाली मधुमक्खियां ज्यादा प्रोटीन वाले पराग चुनती हैं, जबकि छोटी मधुमक्खियां कार्बोहाइड्रेट और वसा वाला पराग पसंद करती हैं। इसके अलावा, अलग-अलग मधुमक्खियां अपनी कॉलोनी के विकास की अवस्था के हिसाब से भी भोजन बदलती हैं। इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता जस्टिन बैन के अनुसार पराग में यह विविधता वैसी ही है जैसी इंसानों के खाने में होती है। यानी मधुमक्खियों को भी इंसानों की तरह संतु. लित आहार चाहिए। हालांकि यह अध्ययन पथरीले पर्वतीय स्थल पर हुआ है, लेकिन यह दुनिया भर में परागणकर्ताओं की पोषण जरूरतों को समझने के लिए उपयोगी है। सबसे अहम बात यह है कि मधुमक्खियों के लिए एक जैसा भोजन काम नहीं करता - उनके लिए फूलों की विविधता जरूरी है ताकि उनकी आबादी स्वस्थ बनी रहे। बागवान और संरक्षणकर्ता इस जानकारी के आधार पर ऐसे बगीचे और प्राकृतवास बना सकते हैं जो साल भर मधुमक्खियों की बदलती पोषण जरूरतों को पूरा करें। आज परागण करने वाले कीट जलवायु परिवर्तन, प्राकृतवास के नष्ट होने और पोषण की कमी जैसी बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में यह अध्ययन बताता है कि विविधता बनाए रखना कितना जरूरी है।

-स्रोत फीचर्स

# धार्मिकता का ढोंग और मृत संवेदनाएं



निर्मल रानी

हमारा भारत वर्ष कृषि प्रधान होने के साथ साथ श्धर्म प्रधानश देश भी माना जाता है। यहां सुबह चार बजे से ही विभिन्न धर्मों के लोग अपने अपने आराध्य को खुश करने के मिशन में अपने अपने तरीके से जुट जाते हैं। धर्मस्थलों में लगे लाउडस्पीकर ब्रह्म मुहूर्त में ही देशवासियों को अपने अपने आराध्य व अपने देवालयों की ओर आकर्षित करने लगते हैं। इसके अलावा भी देश भर में निकलने वाले विभिन्न धर्मों के धार्मिक जुलूस,शोभा यात्राएं, सत्संग में होने वाले संतों के प्रवचन, धर्म जागरण के नाम पर चलने वाले अनेक अतिवादी मिशन, कांवड़ जैसी यात्राएं महाकुंभ जैसे विश्वस्तरीय आयोजन, तीर्थ स्थलों में इकठी होने वाली भक्तों की अनियंत्रित भीड़ आदि को देख कर तो एक बार यही लगेगा कि हर समय श्रद्धा व भक्ति भाव में डूबे रहने वाले हमारे धर्म प्रधान देश के लोग बेहद धार्मिक, संवेदनशील और मानवता की कद्र करने वाले लोग होंगे। रोजाना जगह-जगह लगने वाले लंगर, देश भर में संचालित हो रही अनेकानेक जनसेवी संस्थाएं भी इसी बात का एहसास दिलाती हैं, परन्तु इसी धर्म प्रधान देश से जहां मानवता की मिसाल पेश करने वाले अनेकानेक किस्से सुनाई देते हैं वहीं कुछ घटनाएं ऐसी भी सामने आती हैं जिन्हें सुनकर ऐसा लगता है गोया इसी भारतीय समाज के ही कुछ लोगों की संवेदनाएं बिल्कुल ही मुर्दा हो चुकी हैं।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसा. नियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

ऐसे लोगों में इंसानियत नाम की चीज ही नहीं बची है। दिल दहला देने वाली ऐसी ही एक घटना पिछले दिनों उत्तर प्रदेश राज्य के महराजगंज जिले में स्थित नौतनवा कस्बे में पेश आई। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नौतनवा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शहर गोरखपुर से लगभग 87 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में धर्म ध्वजा पूरे वेग से लहराती है। इसी नौतनवा नगर पालिका के अंतर्गत राजेंद्र नगर वॉर्ड से एक बड़ा ही हृदयविदारक दृश्य सामने आया। इस ताजातरीन घटना ने तो इंसानियत को झकझोर कर रख दिया। समाचारों के अनुसार रेहड़ी ठेले पर गली गली चूड़ियां बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले 50 वर्षीय लव कुमार पटवा नामक एक व्यक्ति का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया। लव कुमार की पत्नी का निधन भी अभी मात्र छह माह पहले ही हुआ था। अब उसके परिवार में उसके दो बेटे 14 वर्षीय राजवीर व 10 वर्षीय देवराज तथा एक छोटी बेटी बचे थे।

अब इन्हीं बच्चों पर अपने मृत पिता के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी थी। उसका कोई भी रिश्तेदार या पड़ोसी अंतिम संस्कार करने के लिए सामने नहीं आया। बच्चों की दादी आई भी तो रो पीट कर वापस चली गई। बच्चे अंतिम संस्कार करने या उसके लिए सहायता करने की भीख समाज से मांगते रहे। यहां तक कि तीन दिन तक लाश घर में सड़ती रही। जरा सोचिए कि क्या गुजर रही होगी उन मासूम बच्चों पर जब वे अपने बाप की रेहड़ी पर ही अपने बाप की सड़ी हुई लाश रखकर लोगों से अंतिम संस्कार हेतु पैसे मांगते फिर रहे होंगे ? जब यह बच्चे ठेले पर लाश लेकर श्मशान घाट पहुंचे तो बताया गया कि वहां जलाने हेतु लकड़ी नहीं है। और फिर जब यह बेगुनाह मासूम अपने बाप के शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचे तो कब्रिस्तान वालों ने यह कहकर लाश को दफ्न करने से मना कर दिया कि यह शव हिन्दू का है।

आखिरकार बच्चे लाश को ठेले पर रखकर सड़क पर खड़े होकर रोने बिलखने लगे। कोई दुर्गन्ध से अपनी नाक बंद कर गुजर जाता तो कोई उन बदनसीब बच्चों की फोटो खींचता या वीडिओ बनाता परन्तु मदद करने के लिए धर्म जागृत समाज का कोई भी व्यक्ति सामने न आता। हद तो यह है कि ठेले पर शव रखा देखने व मृतक लव कुमार के स्थानीय व्यक्ति होने के बावजूद कुछ लोग यह कहकर आगे बढ़ जाते कि यह भीख मांगने का नया ट्रेंड है। इसी दौरान यह मायूस बच्चे जब अपने बाप की लाश को ठेले पर ढकेलते हुए नदी की ओर रोते बिलखते जा रहे थे तभी राहुल नगर वार्ड के निवासी रशीद कुरैशी की नजर उन बच्चों व उनके साथ दुर्गन्ध मारती लाश पर पड़ी। बच्चों ने रोते बिलखते अपनी सारी पीड़ा रशीद से सांझी की। रशीद ने तुरंत अपने भाई व उसी राहुल नगर वार्ड 17 के पार्षद वारिस कुरैशी को फोन पर पूरी घटने की जानकारी दी। उसके बाद दोनों कुरैशी बंधुओं ने सर्वप्रथम उन रोते बच्चों को ढारस बंधाई और उन्हें संभाला। उसके बाद अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी व आवश्यक सामग्री का प्रबंध किया। फिर समाज के कुछ लोगों को साथ लेकर शमशान घाट जाकर हिन्दू रीति रिवाज के साथ मृतक का अंतिम संस्कार कराया। आज उस इलाके के लोग मानवता की रक्षा करने वाले कुरैशी भाइयों की इंसानियत को जहां सलाम कर रहे हैं, वहीं उनके रिश्तेदारों और पड़ोसियों की बेरुखी तथा नगर पालिका की लापरवाही पर भी घोर गुस्सा जता रहे हैं। साथ ही उस इलाके के शहिन्दू जागरण अभियानश में जुटे लोगों को भी कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

पिछले दिनों ऐसा ही एक चित्र जिसे पंजाब की बाढ़ से संबंधित बताया जा रहा है, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस चित्र में एक मासूम बच्चा बाढ़ के पानी में अपनी मां की तैरती लाश को खींच रहा है। शायद इस उम्मीद से कि उसकी मां मरी नहीं है। इस मार्मिक दृश्य को देखने वाले लोग आगे बढ़कर बच्चे को गोद उठाने व उसकी मां की लाश को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के बजाय मोबाईल से इस .श्य का वीडीओ बनाना ज्यादा जरूरी समझ रहे हैं। क्या इस तरह की घटनाएं इस बात का सुबूत नहीं कि हमारे धर्म प्रधान देश में होने वाले इस तरह के हादसों के बाद केवल किसी इंसान की ही मौत नहीं होती बल्कि यह मानवता की मौत भी है। इससे यह भी पता चलता है कि धार्मिकता का ढोंग करने वाले ऐसे लोगों की संवे. दनाएं पूरे तरह मृत हो चुकी हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बर्बरता: इजरायल ने 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर किए हमले, 200 की मौत

## 1000 घायल, नेतन्याहू बोले: जो अमेरिका ने किया, वही कर रहे

**यरुशलम।** इजरायल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फलस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और टयूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजरायल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे लेकर इजरायली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। हालांकि इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कतर की राजधानी दोहा में हमास के अधिकारियों पर किए गए हमले का बचाव किया। उन्होंने इस हमले की तुलना 9/11 के हमलों के बाद अमेरिका की कार्रवाई से की। उन्होंने कहा इजरायल ने भी वही किया जो अमेरिका ने उस वक्त किया था। इजरायली सेना ने मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था।

यह हमला हमास के चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर किया गया था। इसमें अल-हय्या का बेटा, आफिस डायरेक्टर, तीन गार्ड और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी समेत छह लोग 6 लोगों की मारे गए थे। इस हमले के वक्त हमास नेता अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव पर आपस में चर्चा कर रहे थे। इस हमले के बाद हमास ने युद्ध विराम से इनकार कर दिया। इजरायल ने सोमवार को पूर्वी लेबनान के बेका और हरमेल जिलों में हवाई हमले किए, जिसमें 5 लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने दावा किया कि इस हमले में हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि हिजबुल्लाह ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। मंगलवार को इजरायली ड्रोन ने हिजबुल्लाह के एक सदस्य पर हमला किया था। नवम्बर 2024 में इजरायल और लेबनान में सीजफायर हुआ था। लेकिन इसके बाद भी इजरायल लेबनान के दक्षिणी हिस्से पर हमले करता रहता है। इजरायली फाइटर जेट ने सोमवार को सीरिया के एयरफोर्स बेस और सेना के कैंप पर हमले किए। सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के मुताबिक इसमें किसी के हताहत की सूचना नहीं मिली है।

इन हमलों को सीरिया के विदेश एवं प्रवासी मंत्रालय ने देश के संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। सीरिया और इजरायल में 1974 में सैन्य वापसी समझौते के तहत एक दूसरे पर हमला न करने पर सहमति बनी थी। लेकिन पिछले साल दिसम्बर में सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के पतन के बाद से इजरायली सेना लगातार सीरिया के सैन्य ठिकानों और इंफ्रास्ट्रक्टर को निशाना बना रही है। एसओएचआर की रिपोर्ट बताती है कि इस साल इजरायल ने सीरिया पर 86 हवाई और 11 जमीनी हमले किए हैं।



### मुस्लिम देश इजरायल के खिलाफ साथ आएं: ख्वाजा आसिफ

**पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले: वो हमें कमजोर करना चाहता है**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कतर की राजधानी दोहा पर इजरायली हमलों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों को अपनी आर्थिक ताकत से इजरायल का मुकाबला करना चाहिए। आसिफ ने कहा: इजरायल मुस्लिम देशों को कमजोर करना चाहता है। यह सोचना गलत है कि इजरायल के सामने झुकने से कोई सुरक्षित रहेगा। ख्वाजा आसिफ ने एक्स पर लिखा कि मुस्लिम देशों को अब इजरायल के खिलाफ एक साथ आना होगा। उनका मकसद मुस्लिम दुनिया की ताकत खत्म करना है। इजरायल के साथ नरमी बरतना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने, जो आर्थिक रूप से कमजोर है, फिर भी अपने से 5 गुना बड़े भारत को को सबक सिखाया। उन्होंने कहा: सुरक्षा कोई बाहर से नहीं देता। दूसरों की मदद मायने रखती है, लेकिन ताकत अपने अंदर से आती है।



मेक्सिको सिटी। एक राजमार्ग ओवरपास के नीचे गैस टैंकर विस्फोट स्थल के पास जलता हुआ वाहन।

## ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी बैंकों की बढ़ रही चिंता

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिंग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। इन लोगों की चिंता है कि ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रम्प का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने अमेरिकी समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ बातचीत में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आंकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है। मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में बाढ़ से 19 लोगों की मौत, 10 लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली द्वीप और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के बाली कार्यालय के प्रवक्ता गुस्ती अयु केतुत विजयंती ने गुरुवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। कई इलाकों में बाढ़ और 18 स्थानों पर भूस्खलन की भी खबरें हैं।

### गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट से 57 लोग घायल

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राजधानी मेक्सिको सिटी में एक गैस टैंकर ट्रक में विस्फोट होने से 57 लोग घायल हो गए, जिनमें से 19 की हालत गंभीर है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्लारा ब्रुगाडा मोलिना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह दुर्घटना ज़ारागोज़ा रोड पर कॉनकॉर्डिया पुल के नीचे हुई। उन्होंने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 2:20 बजे घटित हुई। हादसे के समय 49500 लीटर क्षमता वाला ट्रक पलट गया।

### कतर में इजरायली हमले में लापता लोगों की तलाश जारी

**दोहा।** कतर की राजधानी दोहा में वरिष्ठ हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए पांच लोगों में से तीन के शवों की पहचान कर ली गई है जबकि दो की पहचान करना अभी शेष है। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी। उन्होंने हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या के बारे में कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा कि इज़रायल की कार्रवाई 'राजकीय आतंक' के समान है और उन्हें उम्मीद है कि कतर के क्षेत्रीय साझेदार 'सामूहिक प्रतिक्रिया' पर सहमत होंगे।

## सुशीला कार्की ने की पीएम मोदी की तारीफ

**कहा: उनके बारे में मेरी धारणा अच्छी**

**काठमांडो।** नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। मैं भारत के समर्थन की प्रशंसा करती हूं।

नेपाल में भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जेन जी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर सुशीला कार्की के नाम का समर्थन किया है। एक मीडिया संस्थान को दिए इंटरव्यू में सुशीला कार्की ने कहा कि मैं पीएम मोदी को नमस्कार करती हूं। पीएम मोदी के बारे में मेरी धारणा अच्छी है। नेपाल में हाल ही में हुए आंदोलन का नेतृत्व जेन जी समूह ने किया था और उन्होंने मुझ पर थोड़े समय के लिए सरकार का नेतृत्व करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना जाता है तो मेरी पहली प्राथमिकता आंदोलन के दौरान मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देना होगी। आंदोलन के युवाओं ने उनके नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया। मैंने अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। कार्की ने कहा कि नेपाल में अतीत से ही समस्याएं रही हैं। अब स्थिति बहुत कठिन है। हम नेपाल के विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। हम देश के लिए एक नई शुरुआत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान और प्यार है।

## पाकिस्तानी सेना ने मुठभेड़ों में मार गिराए 19 आतंकी

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के 19 आतंकवादियों को तीन अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को बताया कि यह कार्रवाई 10 सितम्बर की देर रात की गई। कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर मोहम्मद, उत्तर वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में की गई। मोहम्मद जिले में हुए आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। भारी गोलाबारी के बाद 14 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## नेपाल हिंसा में 5 अरब का हिल्टन होटल तबाह

### बीमा कंपनियों का अनुमान: 31 अरब का क्लेम संभव, यह 2015 के भूकंप से तीन गुना जयादा

**काठमांडू।** नेपाल में मंगलवार को हुई हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के सबसे ऊंचे हिल्टन होटल में आग लगा दी थी। यह होटल पिछले साल जुलाई में बनकर तैयार हुआ था।

इसमें 5 अरब भारतीय रुपये खर्च हुए थे। हिल्टन काठमांडू का सबसे ऊंचा 5 स्टार होटल है, जिसे नेपाल के शंकर के ग्रुप ने बनवाया है। इसमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आधुनिक सुविधाएं थीं। इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी। प्रदर्शनकारियों ने सिंह दरबार, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति निवास समेत दर्जनों सरकारी-निजी इमारतों में आग लगा दी। ऐसा अनुमान है कि इससे नेपाल को अरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा नुकसान 9 सितम्बर को हुआ, लेकिन सेना के सुरक्षा संभालने के बावजूद 10 सितम्बर को भी कई जगहों से नुकसान की खबरें आती रहीं। नेपाल इंश्योरेंस एसोसिएशन (एनआईए) के मुताबिक बीमा कंपनियों को लगभग 31 अरब भारतीय रुपये से अधिक के क्लेम का सामना करना पड़ सकता है। यह नुकसान 2015 में आए भूकंप से भी तीन गुना ज्यादा है। बीमाकर्ता और बैंकर्स का मानना है कि यह नेपाल के लिए सबसे खराब दौर है। छप और नेपाल राष्ट्र बैंक मिलकर नुकसान की जानकारी जुटा रहे हैं। हिल्टन होटल के अलावा प्रदर्शनकारियों ने भाटभटेनी सुपरमार्केट, एनसेल, सीजी इलेक्ट्रानिक्स, ग्लोबल कालेज, उल्लेंस स्कूल, सुजुकी शोरूम और सेंट्रल बिजनेस पार्क जैसी कार्पोरेट इंडस्ट्री को आग के हवाले कर दिया गया था। विराटनगर और इटहरी में वाहनों, राष्ट्रीय वाणिज्य बैंक, हिमालयन बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक और ग्लोबल आईएमई बैंक की शाखाओं में भी तोड़फोड़ की गई थी। नेपाल में वित्त वर्ष 2024/25 में बीमा कंपनियों ने 26 अरब रुपये का प्रीमियम जुटाया था और 11 अरब रुपये के क्लेम चुकाए थे। मौजूदा हालात में बीमा कंपनियों को डर है कि उन्हें और भी बड़ा वित्तीय नुकसान हो सकता है। बीमा कराने वालों को भी भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है, क्योंकि 'तोड़फोड़ और आतंकवाद' पालिसियों पर मिलने वाला प्रीमियम बहुत कम है, जबकि ये दावे राजनीतिक हिंसा को कवर करते हैं।



**इस होटल ने नेपाल को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर मजबूत पहचान दी थी**

## पोलैंड ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद रूसी ड्रोन मार गिराए

**वारसॉ।** यूक्रेन को निशाना बनाकर रूस द्वारा रात भर किये गए हमलों के दौरान पोलैंड के हवाई क्षेत्र में पोलिश और अन्य नाटो विमानों ने कम से कम तीन रूसी ड्रोन मार गिराए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि पोलैंड ने 19 ड्रोन घुसपैठ दर्ज की हैं, जिनमें से कुछ इतने नीचे थे कि वारसॉ के मुख्य हवाई अड्डे चोपिन सहित चार हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति हमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से खुले संघर्ष के सबसे करीब ले आई है। 2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब नाटो क्षेत्र में रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की 'कोई योजना' नहीं थी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोनों की अधिकतम सीमा 700 किमी से अधिक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह पोलिश रक्षा मंत्रालय के साथ परामर्श करने के लिए तैयार है। पोलैंड में रूस के अस्थाई प्रभारी ने कहा कि वारसॉ ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि ड्रोन रूसी मूल के थे। वहीं रूस के एक करीबी सहयोगी, बेलारूस ने दावा किया कि ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी कि यह 'यूरोप के लिए एक बेहद खतरनाक मिसाल' है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री डेनिस श्म्यहाल ने बीबीसी रेडियो 4 के वर्ल्ड टुनाइट कार्यक्रम में कहा: यह एक ऐसा क्षण है जब नाटो के सहयोगी, यूरोपीय सभ्यताएं, यह समझ रही हैं कि दुनिया बदल गई है और यूक्रेनी क्षेत्र पर रूसी आक्रमण केवल रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है। यह रूस की वैश्विक रणनीति का हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा: रूस ड्रोन के साथ पोलैंड के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन क्यों कर रहा है? पोलिश सांसदों को संबोधित करते हुए, टस्क ने कहा कि रात भर में तीन-या शायद चार-ड्रोन मार गिराए गए। उन्होंने कहा कि पोलिश अधिकारियों के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि 'रूसी कार्रवाई के परिणामस्वरूप' कोई घायल हुआ हो या उसकी मौत हुई हो।



## ट्रम्प समर्थक चार्ली कर्क की हत्या



**यूनिवर्सिटी प्रोग्राम में गर्दन पर गोली मारी, शोक में अमेरिका झंडा झुकाया**

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की गुरुवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई।

चार्ली यहां 'द अमेरिकन कमबैक टूर' प्रोग्राम में आए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि चार्ली एक टेंट के नीचे माइक पकड़कर बोल रहे हैं। तभी अचानक एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगती है, काफी खून बहता है और वे जमीन पर गिर जाते हैं।

चार्ली की हत्या पर ट्रम्प ने सोशल मीडिया 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा सच्चे महान अमेरिकी देशभक्त चार्ली कर्क के सम्मान में मैं पूरे अमेरिका में सभी झंडों को रविवार शाम 6 बजे तक आधा झुकाने का आदेश दे रहा हूं। पालिटिकल एक्टिविस्ट चार्ली टर्निंग पाइंट यूएसए (टीपीयूएसए) नाम से एक संस्था चलाते थे, इसमें वह स्कूलों-कालेजों में जाकर छात्रों को राजनीति के बारे में बताते थे। चार्ली ट्रम्प के कट्टर समर्थक माने जाते थे। अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि हमलावर कौन था और उसने ऐसा क्यों किया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने एक अन्य नोट लिखा

महान चार्ली कर्क अब इस दुनिया में नहीं रहे। अमेरिका के युवाओं को उनसे बेहतर कोई समझ नहीं पाया और न ही उनके दिल तक कोई पहुंच पाया। सब लोग उन्हें बहुत प्यार और सम्मान करते थे, खासकर मैं। मेलानिया और मैं उनकी पत्नी एरिका और पूरे परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हैं। चार्ली, हम आपसे प्यार करते हैं! प्रोग्राम के दौरान की फोटो। इसमें चार्ली कर्क लोगों को संबोधित कर रहे हैं। हादसे के समय मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने न्यूज वेबसाइट गार्जियन को बताया कि चार्ली को गोली तब मारी गई जब वे सामूहिक गोलीबारी (मास शूटिंग) के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

## कतर ने की हमास नेताओं पर इजरायली हमले की निंदा

**कहा: नेतन्याहू ने बंधकों की रिहाई की उम्मीद खत्म कर दी**

**दोहा।** कतर ने हमास नेताओं को निशाना बनाकर दोहा में किए गए इजरायली हमले की निंदा की है। कतर के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमला करके गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करने की उम्मीद को खत्म कर दिया।

संयुक्त राष्ट्र में पेश होने से पहले प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी और खाड़ी देशों ने इजरायली हमलों को क्रूर कृत्य बताया। शेख मोहम्मद ने कहा कि हमले वाली सुबह मैं एक बंधक के परिवार से मिल रहा था। वे युद्धविराम मध्यस्थता पर भरोसा कर रहे हैं। उन्हें इससे ज्यादा कोई उम्मीद नहीं है। मुझे लगता है कि नेतन्याहू ने जो किया, उससे उन बंधकों की सारी उम्मीदें खत्म हो गईं। कतर और मिस्र गाजा में युद्ध विराम के प्रयासों में मध्यस्थता कर रहे हैं। कतर ने वर्षों से दोहा में हमास के राजनीतिक नेतृत्व की मेजबानी की है। ताकि हमास और इजरायल के बीच बातचीत आगे बढ़ाई जा सके। कतर के प्रधानमंत्री के बयान से पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलों का बचाव किया और कतर के खिलाफ आगे की कार्रवाई की धमकी दी। नेतन्याहू ने कहा कि मैं कतर और उन सभी देशों से कहता हूं जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं या तो उन्हें खदेड़ दें या फिर उन्हें न्याय के कटघरे में लाएं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हम करेंगे।



